प्रयागराज, बुधवार, 12 अप्रैल, 2023

बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 7, वर्ष 11, अंक 349, पृष्ठ 12, मूल्य : 5 .00

परख सच की


# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अन्दर : बड़ी साझेदारी की कमी से नाकाम हो रही मुम्बई : सनी

अन्दर : सफदर का रंगकर्म लोगों को प्रेरणा देता रहेगा

# कर्नाटक बीजेपी में बगावत के आसार

## पूर्व सीएम शेट्टार ने दिखाए बागी तेवर, भाजपा विधायक ईश्वरप्पा का चुनावी राजनीति से संन्यास



**हाई कमान सुलझाने में लगा**

**ईश्वरप्पा अक्सर अपने बयानों को लेकर विवादों में रहे हैं**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की सियासत से बड़ी खबर आ रही है। शिवमोगा से भाजपा विधायक केएस ईश्वरप्पा ने विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का एलान किया है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर कहा कि उन्होंने आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। दूसरी ओर, पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने बगावती तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। दरअसल, पार्टी आलाकमान उन्हें चुनाव लड़वाने के पक्ष में नहीं है, लेकिन शेट्टार इससे सहमत नहीं हैं।

**ईश्वरप्पा ने जेपी नड्डा को चिट्ठी लिखी**

जानकारी के मुताबिक, भाजपा की कर्नाटक इकाई के वरिष्ठ नेता केएस ईश्वरप्पा ने मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को चिट्ठी लिखी। इसमें 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने के निर्णय के बारे में बताया गया है। उन्होंने कहा कि वह चुनावी राजनीति से संन्यास ले रहे हैं। कन्नड़ में लिखे अपने पत्र में पूर्व उपमुख्यमंत्री ईश्वरप्पा ने कहा कि यह निर्णय उन्होंने खुद लिया है। दरअसल, ईश्वरप्पा अक्सर अपने बयानों और उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों के कारण विवादों में रहे हैं। ईश्वरप्पा जून में 75 साल के हो जाएंगे। यह भाजपा में नेताओं के लिए चुनाव लड़ने और आधिकारिक पदों पर आसीन होने की अनौपचारिक उम्र सीमा है। भाजपा ने अभी तक 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची घोषित नहीं की है।

इस बीच पार्टी कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार को चुनावी मैदान में उतारने के मूड में नहीं है। उन्होंने खुद कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व ने उनसे दूसरे नेताओं के लिए जगह बनाने को कहा है। शेट्टार ने मंगलवार को कहा कि वह इस फैसले से आहत हैं और यह उनके लिए स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से इस पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है और उन्हें बताया गया कि इस मामले पर फिर से चर्चा की जाएगी।



### अमित शाह से चर्चा के बाद 175 से अधिक उम्मीदवारों की पहली सूची जारी होगी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राष्ट्रीय राजधानी लौटने के बाद उनके साथ अंतिम चर्चा कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कर्नाटक के लिए 175 से अधिक उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी करेगी। बोम्मई ने राज्य के पार्टी नेताओं के साथ यहां पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा के आवास पर बैठक की। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों की दो सूची घोषित की जाएगी। उनके मुताबिक पहली सूची में 175 से अधिक उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दी जाएगी। शाह इस समय पूर्वोत्तर के दौरे पर हैं।

# 300 से अधिक सीटों से फिर बनेगी मोदी सरकार

**शाह का दावा**

**पूर्वोत्तर के दौरे पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह**



**डिब्रूगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्वोत्तर के दौरे पर हैं। मंगलवार को शाह ने असम के डिब्रूगढ़ में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा असम की 14 में से 12 सीटें जीतेगी। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि 300 से ज्यादा सीटों के साथ नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन के आधार पर चलने वाली पार्टी है, वहीं कार्यालय भाजपा का सभी गतिविधियों का केंद्र होता है। शाह ने कहा कि अभी नॉर्थ ईस्ट में 3 राज्यों के चुनाव हुए और तीनों राज्यों में भाजपा सरकार का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि नॉर्थ ईस्ट के 8 राज्यों में पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार है और इसकारण नॉर्थ ईस्ट का विकास हुआ है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने विदेश में भारत का अपमान किया, अगर वह ऐसा ही करते रहे, तब न केवल पूर्वोत्तर से बल्कि पूरे देश से कांग्रेस का सफाया होगा। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर कभी कांग्रेस का गढ़ था, लेकिन राहुल गांधी की यात्रा के बावजूद कांग्रेस हालिया चुनाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। शाह ने कहा कि असम के 70 प्रतिशत हिस्से से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) हटाया जा चुका है, अन्य राज्यों के साथ सीमा विवाद को सुलझाया जा रहा है।

### मायावती ने दी ज्योतिबा फुले को श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** मायावती ने मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले को उनकी जयंती पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उत्तरप्रदेश में बसपा की सरकार बनने से पहले ऐसे महापुरुष की घोर उपेक्षा की गयी अब उनके वोट की लालच में वही जातिवादी तत्व उनकी जयंती दिखावटी तौर पर मनाने को आतुर है। उन्हें याद करते हुए मायावती ने ट्वीट किया, देश में सामाजिक क्रान्ति के पितामह तथा नारी शिक्षा एवं नारी मुक्ति की ज्वाला की शुरूआत अपने घर से ही करने का मानवतावादी इतिहास रचकर एवं उसके लिए आजीवन कड़ा संघर्ष करके अमर हो जाने वाले देश के महान सपूत महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धा सुमन अर्पित।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा
0542-2381600, 2967700, 8318650580
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN

## जलवायु परिवर्तन आज दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती

**बोले योगी**

**वर्ष 2017 के बाद से अब तक उत्तर प्रदेश में 133 करोड़ पौधे लगाए गए**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया को पर्यावरण संरक्षण की नई राह दिखाने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव के साथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन-2023 का उदघाटन के बाद समारोह को संबोधित करते हुए कहा ?कि विकास आज की आवश्यकता है, लेकिन पर्यावरण और प्रकृति के प्रति दायित्वों से भी हम मुक्त नहीं हो सकते। गौरतलब है कि राष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन-2023 का आयोजन भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए प्रकृति का अति दोहन करके जिन दुष्परिणामों को आमंत्रित किया है, आज हम सब उसके भुक्तभोगी बन रहे हैं। जलवायु परिवर्तन आज दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती है। विगत सालों में असमय अतिवृष्टि के रूप में हम सबने इसके दुष्परिणामों को देखा है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा सदैव से पर्यावरण हितैषी रही है और उत्तर प्रदेश में लगातार इस दिशा में कार्य हो रहे हैं।

### साबरमती जेल से अतीक को लेकर प्रयागराज रवाना पुलिस


अहमदाबाद। उत्तर प्रदेश की पुलिस अहमदाबाद के साबरमती जेल में कुख्यात माफिया अतीक अहमद को लेकर आज प्रयागराज के लिए रवाना हो गई 15 दिनों के भीतर अतीक अहमद को दूसरी बार प्रयागराज ले जाया रहा है। साबरमती जेल में कई घंटों की कागजी की कार्यवाही के बाद अतीक अहमद को यूपी पुलिस के हवाले कर दिया गया। जेल से बाहर आते ही अतीक अहमद ने मीडिया से कहा यह मुझे मारने की साजिश है। रास्ते में मेरे साथ कुछ भी अनहोनी हो सकती है। इनकी नीयत ठीक नहीं है। बता दें कि पिछली बार 26 मार्च को भी साबरमती जेल से प्रयागराज के लिए रवाना होने से पहले अतीक ने कहा था उसकी हत्या की साजिश यूपी पुलिस ने रची है। 26 मार्च को यूपी पुलिस उमेश पाल अपहरण केस में अतीक अहमद को प्रयाग ले गई थी उमेश पाल अपहरण केस में अतीक समेत तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी अतीक अहमद पर अन्य मामलों में भी यूपी पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

# सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त होंगे : पुलिस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने दो चरणों में राज्य में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए पुख्ता सुरक्षा इंतजाम का दावा करते हुए कहा कि पुलिस पूरी तरह निष्पक्ष चुनाव कराएगी। उत्तर प्रदेश के विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए कोविड के दिशानिर्देशों के अनुरूप चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि निकाय चुनाव के दोनों चरणों में 110 कंपनी पीएसी, 49,152 होमगार्ड जवान, 16,252 निरीक्षक व उपनिरीक्षक तथा 92 हजार आरक्षी व मुख्य आरक्षी की ड्यूटी लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि केंद्र से 70 कंपनी केन्द्रीय बलों की मांग की गयी है। एसडीजी ने कहा कि मतदान केन्द्रों का प्रशासनिक टीम द्वारा शत प्रतिशत सत्यापन किया जाएगा और पिछले चुनावों में घटी हिंसात्मक घटनाओं में नामित व प्रकाश में आये लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठित अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर, राष्ट्रीय सुरक्षा कानून और गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। प्रशांत कुमार ने बताया कि लाइसेंसी शस्त्र धारकों और शस्त्रों का सत्यापन कराया जाएगा तथा अतंरराष्ट्रीय व अन्तरराज्यीय सीमाओं पर अवरोधक लगाकर प्रभावी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, उत्तेजनात्मक, भड़काऊ सामग्री पोस्ट करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के दृष्टिगत शांति समिति, प्रबुद्धजनों व धर्मगुरुओं के साथ पुलिस संगोष्ठी आयोजित करेगी। निर्वाचन से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुल 13,457 मतदान केन्द्र और 43,263 मतदेय स्थल बनाए गए हैं जो वर्ष 2017 से 20 प्रतिशत अधिक है।

**किया दावा**

**निकाय चुनाव को लेकर विशेष पुलिस महानिरीक्षक का बयान**



गौरतलब है कि राज्य में नगरीय निकायों के चुनाव की अधिसूचना जारी करते हुए राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने कहा था कि चुनाव दो चरणों में चार मई तथा 11 मई को होगा जबकि 13 मई को मतों की गिनती होगी। कुमार ने बताया था, राज्य के 760 नगरीय निकाय चुनाव के अन्तर्गत कुल 14,684 पदों पर चुनाव होंगे। उन्होंने बताया कि 17 महापौर, 1420 पार्षद, नगर पालिका परिषदों के 199 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषदों के 5327 सदस्य, नगर पंचायतों के 544 अध्यक्ष और नगर पंचायतों के 7178 सदस्यों को चुनने के लिये चुनाव होगा। चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि सहारनपुर, मुरादाबाद, आगरा, झांसी, प्रयागराज, लखनऊ, देवीपाटन, गोरखपुर और वाराणसी मंडल के 37 जिलों का चुनाव पहले चरण में होगा जबकि मेरठ, बरेली, अलीगढ़, कानपुर, चित्रकूट, अयोध्या, बस्ती, आजमगढ़ और मिजार्पुर मंडल के 38 जिलों का चुनाव दूसरे चरण में कराया जाएगा।

# जेल में डाल दो, तब भी पूछता रहूंगा सवाल

**बोले राहुल**

**सांसदी से अयोग्य घोषित होने के बाद वायनाड के लोगों से मुखातिब**



**तिरुअनंतपुरम।** लोकसभा से अयोग्य घोषित होने के बाद पहली बार कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वायनाड में रोड शो किया। राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी वाड्रा भी वायनाड पहुंचीं। यहां राहुल गांधी ने एक रैली को भी संबोधित किया। राहुल गांधी 2019 में चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। 2023 में मोदी सरनेम मामले में उन्हें सूरत कोर्ट ने दो जेल के जेल की सजा सुनाई थी। इसके बाद संसद से उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि सांसद तो बस एक टैग है। यह एक पद है इसलिए भाजपा टैग हटा सकती है, वे पद ले सकते हैं, वे घर ले सकते हैं और वे मुझे जेल में भी डाल सकते हैं, लेकिन वे मुझे वायनाड के लोगों का प्रतिनिधित्व करने से नहीं रोक सकते हैं। उन्हें लगता है कि वे मेरे घर पुलिस भेजकर मुझे डराएंगे, लेकिन मैं वास्तव में खुश था कि उन्होंने मेरा घर ले लिया। आप मेरा घर 50 बार ले लो, लेकिन मुझे कोई परवाह नहीं है। मैं तब भी देश और वायनाड के लोगों के मुद्दे उठाता रहूंगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने कहा कि मैंने संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा कि आप अदाणी के साथ अपने संबंध के बारे में बताएं। मैंने पूछा कि आपका अदाणी के साथ क्या संबंध हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसका जवाब नहीं दिया। रैली के दौरान, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि अदालत के एक निर्णय के कारण मेरे भाई को अयोग्य घोषित कर दिया। सवाल पूछना, जवाबदेही की मांग करना, देश और स्थानीय मुद्दे उठाना सांसद का काम है। मुझे यह बात अजीब लगती है कि पूरी सरकार यहां तक की पीएम मोदी भी इसे अनुचित मानते हैं। एक आदमी पर हमला करते हैं, क्योंकि भाई ने एक ऐसा सवाल पूछा जिसका जवाब वे नहीं दे पाए।

### फिर मिली सलमान खान को जान से मारने की धमकी तारीख भी बताई

**मुंबई।** सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। हालांकि सलामान खान पिछले दिनो से काफी चचाओं में आ गए हैं। पहला कारण उनकी फिल्म किसी का भाई किसी का जान का ट्रेलर का जारी होना, जिसने आते ही इंटरनेट की दुनिया में तहलका मचाना शुरू कर दिया है। दूसरा कारण यह है कि उन्हें एक बार फिर से जान से मारने की धमकी दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक अज्ञात शख्स ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके कहा कि वह सलमान खान को जान से मार देगा। इसके साथ ही शख्स ने एक्टर की हत्या करने की तारीख भी पुलिस को बताई है। इस खबर के सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हडकंप मच गया है। उस अज्ञात शख्स ने सोमवार की रात 9 बजे मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में फोन किया और कहा कि वह 30 अप्रैल को सलमान खान की हत्या करेगा।

## राष्ट्रीय पार्टी के लिए कानूनी रास्ता अपनाने के दिए संकेत



**कोलकाता।** राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खत्म होने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने संकेत दिया है कि वह चुनाव आयोग (ईसीआई) के फैसले के खिलाफ कानूनी रास्ता अपनाएगी है, वहीं राजनैति विश्लेषकों को पार्टी के इस कदम के परिणामों पर संदेह है। दरअसल राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा बरकरार रखने के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त है कि संबंधित राजनीतिक दल के पास कुल लोकसभा सीटों का दो प्रतिशत होना चाहिए और यह तीन भारतीय राज्यों से होना चाहिए। हालांकि टीएमसी के पास कुल लोकसभा सीटों का दो प्रतिशत से अधिक है, लेकिन वे सभी एक ही राज्य पश्चिम बंगाल से हैं।एक और शर्त यह है कि पार्टी को कम से कम चार भारतीय राज्यों में राज्य-पार्टी का दर्जा प्राप्त होना चाहिए। अब राज्य-पार्टी का दर्जा प्राप्त करने के लिए, संबंधित राजनीतिक दल के पास संबंधित राज्य विधानसभा में कम से कम दो निर्वाचित प्रतिनिधि होने चाहिए और उस राज्य में पिछले चुनाव में मतदान का छह प्रतिशत वोट हासिल होना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के मामले में, पश्चिम बंगाल के अलावा, यह केवल मेघालय में है, जहां तृणमूल के पांच निर्वाचित विधायक हैं और वहां टीएमसी ने पिछले चुनावों में कुल मतदान का 13.78 प्रतिशत वोट हासिल किया था।

C.U.E.T
BHU / DU / AU
Selection 1218 in CUET
B.Sc, B.Com, B.A, LL.B
www.sankalptutorials.com
संकल्प ट्यूटोरियल्स
JOIN NEW BATCH 10 & 12 APRIL, 2023
1. बादशाह बाग 2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन
3. नेवादा 4. गिलट बाजार, वाराणसी
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसहीं
9335418689, 9335720660

# प्रवर्तन निदेशालय मुख्यालय में तेजस्वी यादव से पूछताछ



**नई दिल्ली।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को अपने पिता और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और परिवार के अन्य सदस्यों से जुड़े कथित जमीन के बदले नौकरी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। तेजस्वी से ईडी के अधिकारियों के द्वारा पूछताछ हो रही हैं। इसके पहले सीबीआई ने 25 मार्च को तेजस्वी से पूछताछ की थी। 25 मार्च को ही उनकी बहन और राज्यसभा सदस्य मीसा भारती से भी ईडी ने पूछताछ की थी। मार्च में, ईडी ने रिकॉर्ड में कहा था कि 1 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी, 1900 अमेरिकी डॉलर, 540 ग्राम सोना और 1.5 किलोग्राम सोने के आभूषण और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज विशेष खुफिया सूचनाओं के आधार पर दिल्ली, मुंबई, पटना और रांची में 24 स्थानों पर मारे गए छापे के दौरान बरामद किए गए।

ईडी ने कहा था कि उन्होंने लगभग 600 करोड़ रुपये का पता लगाया, जो 350 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों और 250 करोड़ रुपये के लेनदेन के रूप में अपराध (पीओसी) की आय थी, जो विभिन्न बेनामीदारों के माध्यम से किए गए थे। ईडी ने कहा कि अब तक की गई पीएमएलए जांच से पता चला है कि लालू परिवार ने रेलवे में नौकरी दिलाने के बदले में पटना और अन्य क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों पर कई जमीनों का अवैध रूप से अधिग्रहण किया था।

# 11 मेयरों के टिकट काट सकती है पार्टी, तीन के रिपीट की संभावना

## भाजपा में टिकट के लिए मारा-मारी, डिप्टी सीएम की पत्नी भी टिकट की लाइन में

**निकाय चुनाव**

**प्रयागराज में मंत्री नंदी की पत्नी प्रमुख दावेदार**





**लखनऊ।** भाजपा में टिकट के लिए सबसे ज्यादा मारा-मारी है। इसी को ध्यान में रखकर उसने टिकट की प्रक्रिया का एक सिस्टम बनाया है। उसके तहत 3 नामों का प्रस्ताव पैनल क्षेत्रीय टीम के जरिए प्रदेश की टीम को भेजेगा। टिकट के दावेदारों ने लखनऊ से दिल्ली तक दौड़ लगानी शुरू कर दी है। मंगलवार सुबह डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के घर के बाहर बड़ी संख्या में टिकट दावेदार पहुंच गए। कुछ ऐसा ही हाल सपा और बसपा मुख्यालय का भी रहा। फिलहाल, भाजपा में सबसे ज्यादा टिकट के लिए मारामारी है। पार्टी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, भाजपा 14 मेयर प्रत्याशियों में 11 का टिकट कट सकती है। सिर्फ 3 का ही रिपीट होंगे। ऐसे में भाजपा के टिकट के लिए सबसे ज्यादा जद्दोजहद है। भाजपा ने टिकट की प्रक्रिया को व्यापक बनाया है। इसके लिए, निकाय प्रभारियों और संयोजक नियुक्त किए हैं। ये 3 नामों का प्रस्ताव पैनल क्षेत्रीय टीम के जरिए प्रदेश की टीम को भेजेंगे। इसके बाद मेयर का टिकट फाइनल होगा। जबकि पार्षदों के टिकट को प्रदेश की टीम का पैनल ही फाइनल करेगा।

राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार से ताल्लुक रखने वाली मौजूदा मेयर संयुक्ता भाटिया आरक्षण का रास्ता साफ होने के बाद फिर से टिकट के लिए लखनऊ से दिल्ली तक दौड़ लगा रही हैं। संयुक्ता भाटिया बीते भाजपा के मेयर चुनाव के इतिहास को देखते हुए दोबारा दावेदारी कर रही हैं। फिलहाल, संयुक्ता भाटिया टिकट कटने की मुख्य वजह भाजपा की उम्र सीमा मानी जा सकती है। संयुक्ता के अलावा उनकी बहू रेशू भाटिया भी दावेदार हैं। इसके अलावा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अखिलेश दास की पत्नी अलका दास, अपर्णा यादव और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक भी दावेदार हैं। भाजपा किसी नए चेहरे को भी चुनाव मैदान में उतार सकती है।वाराणसी में भाजपा से प्रत्याशी के रूप में महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय के नाम की चर्चा है। अशोक चौरसिया, सुधीर सिंह और क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव के नाम की भी चर्चा है। हालांकि, विद्यासागर राय का नाम प्राथमिकता पर है।कानपुर से विधायक और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना मेयर प्रमिला पांडेय को दोबारा टिकट दिए जाने को लेकर पैरवी कर रहे हैं। बताया यह भी जा रहा है कि कानपुर से सांसद सत्यदेव पचौरी और अकबरपुर से सांसद भोला सिंह अपने परिवार के सदस्यों को कानपुर का टिकट दिलवाने के लिए पैरवी में लगे हैं। फिलहाल, कानपुर में बीजेपी की खींचतान के बीच प्रदेश स्तरीय टीम अंतिम नाम पर मुहर लगाएगी।

प्रयागराज में अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और उनके परिवार को टिकट न मिलने से मेयर चुनाव का समीकरण बदल गया है। लेकिन, भाजपा में मंत्री नंदी की पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी, राकेश शुक्ला और डॉ कीर्तिका अग्रवाल प्रमुख दावेदार हैं। गाजियाबाद में भाजपा की मौजूदा मेयर आशा शर्मा का टिकट कट सकता है। 2017 में भी भाजपा से ही मेयर बनी थीं। वहीं, सुनीता दयाल और शशि अरोड़ा का नाम भी दौड़ में शामिल है।

### अयोध्या: हनुमानगढ़ी के महंत भी मेयर के टिकट की दौड़ में

अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय का बीते दिनों जमीन से जुड़े मामले में नाम आने की वजह से टिकट कट सकता है। फिलहाल ऋषिकेश उपाध्याय विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से खुद की दावेदारी दोबारा से मजबूती से पेश कर रहे हैं। ऋषिकेश उपाध्याय के अलावा अयोध्या के महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, तिवारी मंदिर के महंत गिरीशपति त्रिपाठी, हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास चर्चा में सबसे आगे चल रहे हैं।

## संक्षेप

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मार पीट तोड़ फोड़ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के पिलखुआ गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए।और जम कर चले लाठी डंडो में कई जख्मी हुए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों मामलों में एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा इलाके के पिलखुआं गांव निवासी मुनौवर अली पुत्र पीर मोहम्मद के मुताबिक जमीनी विवाद को लेकर उनके विपक्षी घर में घुस कर लाठी डंडो से मारे पीटे और तोफ फोड किए। तथा मेरे पुत्र कलीम, पिता पीर मोहम्मद, सलीम, पत्नी इमामुनि नाशां को चोटें आयी है। पुलिस ने मुनौवर अली की तहरीर पर नफीस आहम, सेबू उर्फ अतीक, मोहम्मद नफीस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जबकि दूसरे पक्ष के मोहम्मद नफीस पुत्र सलीम ने भी घर में घुस कर मारने पीटने तोफ फोड का आरोप लगाते हुए मुनौवर, कलीम, रहमत, बरकत, निसार, नरही, रमनही तथा मुनौवर की पत्नी नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

# भारी पुलिस फोर्स के बीच बिक्री किए गए नगर पंचायत अध्यक्ष व सदस्य के पर्चे


सोरांव तहसील परिसर में मौजूद डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती, एसीपी अभिनव त्यागी समेत अन्य

**सोरांव।** नगर निकाय चुनाव की दौड़ शुरू हो चुकी है। नगर निकाय चुनाव के लिए मंगलवार को 11 बजे पुलिस फोर्स की देख रेख में नामांकन शुरू हुआ। नगर निगम और नगर पंचायतों के लिए 17 अप्रैल तक नामांकन प्रक्रिया चलेगी। जिसमें मेयर, चेयरमैन, पार्षद और वार्ड मेंबर के लिए नामांकन होंगे।

शेष बचे लोगों का नामांकन 16 अप्रैल को होगा। 18 अप्रैल को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी और उसके बाद 20 अप्रैल को दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया करते हुए 21 अप्रैल को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। वहीं सोरांव तहसील परिसर में नगर पंचायत लालगोपालगंज के अध्यक्ष पद के 3, सदस्य पद के लिए 14 पर्जे तथा नगर पंचायत मऊआइमा अध्यक्ष पद के 5, सदस्य हेतु 15 पर्चे बिक्री किया गया। शांति व सुरक्षा की दृष्टि से डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती, एसीपी अभिनव त्यागी समेत कई थाने की पुलिस मौजूद रही।

### चिंगारी से लगी आग, कई बीघे गेहूं की फसल जलकर राख



**सोरांव।** इलाके के बड़गांव चौकी अंतर्गत बीरापुर में ट्रैक्टर के साइलेंसर की चिंगारी से आग लग गई । जिससे लगभग 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सोरांव थाना क्षेत्र के बड़गांव चौकी अंतर्गत बीरापुर गांव में गेहूं की मड़ाई के दौरान ट्रैक्टर से निकली चिंगारी ने पूजन पुत्र राम सजीवन जनार्दन, उमेश का लगभग 5 बीघे गेहूं की फसल में आग लग गई। आग की लपटों को देख ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दिया। जब तक फायर ब्रिगेड पहुंचती ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था ।

## बाइक सवार युवक कटे पेड़ से टकराया, मौत


मृतक की फाइल फोटो

**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र के ओठगी गांव निवासी जय नाथ गोस्वामी उर्फ नुन्नू पुत्र घनश्याम गोस्वामी 25 वर्ष सोमवार की रात लगभग 10 बजे लालापुर नहर ढाल पर दक्खिनी महरानी के ढाल के समीपअनियंत्रित होकर मोटर साइकिल कटे पेड़ में टकराने से बाइक चालक जयनाथ के सिर में काफी चोट आई जिससे उसकी दर पर मौत हो गई। राहगीरों ने देखते ही पुलिस व घर पर सूचना दी, मौके पर पुलिस पहुँचकर जिला अस्पताल स्वरूप रानी मेडिकल कालेज भिजवा दिया। वहां पर देखते ही डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को पंचायत नामा कर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। वही मौत की खबर सुनते ही घर के परिजनों में कोहराम मच गया।तीन भाइयों में सबसे छोटा जय नाथ था।गांव घर मे पेंटिंग का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जय नाथ की पत्नी सविता देवी व दो बेटा प्रीतम डेढ़ वर्ष, प्यारे (6) का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आर.पी. शुक्ला को मिली प्रयागराज के गौरव की उपाधि


'प्रयागराज के गौरव' की उपाधि देकर सम्मानित किया।

**मेजा।** क्षेत्र में विकास खंड उरुवा स्थित सोरांव पॉती गाँव के पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी आर.पी.शुक्ला को ₹ प्रयागराज के गौरव ₹ की उपाधि से सम्मानित किया गया है । गौरतलब हो कि गत दिवस खेल परिवार उत्तर प्रदेश की ओर से रमा देवी बालिका इंटर कॉलेज इलाहाबाद में 'खेल महोत्सव-2023' के अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किया गया था। उक्त अवसर पर श्री शुक्ला द्वारा जिले में वॉलीबाल खेल को आगे बढ़ाने तथा खेल जगत में किए गए उत्कृष्ट योगदान के मद्देनजर इलाहाबाद की संस्था खेल परिवार उत्तर प्रदेश ने आर.पी.शुक्ला को 'प्रयागराज के गौरव' की उपाधि देकर सम्मानित किया। प्रयागराज के गौरव की उपाधि से सम्मानित किए जाने पर जिले के वालीबाल खिलाड़ियों सहित क्षेत्र के लोगों में हर्ष की लहर है। क्षेत्र के लोगों ने श्री शुक्ल को बधाई दी है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन समाज में फैली हुई कुरीतियों को दूर कर सदमार्ग में चलने की प्रेरणा देती है : सुरेश पासी


महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन करते हुए

**नैनी।** प्रथम शिक्षक महिला के रूप में सावित्री फुले को देश सदैव अपने स्मरण मे याद रखेगा। महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन समाज मे फैली हुई कुरितियो को दूर कर सदमार्ग मे चलने की प्रेरणा लोगों को देती थी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश के समाज सुधारकों देश के महापुरुषों को यादकर सभी समाज के प्रेरणास्रोत रहे लोगों को याद कर सम्मान बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उक्त बातें सामाजिक न्याय सप्ताह के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी यमुनापार पिछड़ा मोर्चा के द्वारा आयोजित जिला संगोष्ठी के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री, प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व विधायक सुरेश पासी ने साईं बाटिका मौहारी में कही। सुरेश पासी ने कहा जिस प्रकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफाईकर्मियों के पांव पखारकर दलितों-पिछडो. का सम्मान बढाया। महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र और सरकार मे एतिहासिक भागीदारी सुनिश्चित किया वही कभी पिछली सरकारों ने नही किया। हम सभी को संगठन के निर्देशानुसार निकाय चुनाव में भाजपा को विजय के साथ फिर केंद्र में मोदी सरकार बनाने को परिश्रम करना होगा।

सांसद प्रयागराज प्रो.रीता बहुगुणा जोशी ने कहा महात्मा ज्योतिबाफुले के द्वारा किए सामाजिक परिवर्तन को राष्ट्र सदैव याद रख आगे चलने का कार्य करेगा। देश की 100% महिलाएं मोदी जी के साथ खड़ी है। लड़कियां शिक्षा क्षेत्र में सबसे ज्यादा अग्रणी है। और अब बैज्ञानिक भी बन रही हैं। मेरी भी सर्जरी हुई, मुझे तीन माह बेडरेस्ट करना चाहिए था।पर मै तीन सप्ताह में ही पार्टी के सभी कार्यक्रमों मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर 16 घंटे आपके बीच हूं। चूकी भाजपा का कार्यकर्ता मोदी की प्रेरणा हम सब को शक्ति देती है। वैसे भी रीता बहुगुणा जोशी उस हड्डी की बनी है जो कभी टूटटी नही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा विभवनाथ भारती ने करते हुए ज्योतिबाफुले को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। संयोजक जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा सुभाष सिंह पटेल ने अतिथियों का अंगवस्त्रम्, स्मृति चिन्ह और बुके भेंटकर सम्मानित किया। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया की सभी अतिथियों ने सर्व प्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रो पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर महात्मा ज्योतिबाफुले के चित्र पर सभी अतिथियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन कर कृतज्ञता व्यक्त किया। कार्यक्रम को जिला प्रभारी ओंकार नाथ केसरी, विधायक करछना पियूष रंजन निषाद, विधायक बारा डॉ. बाचस्पति, विधायक कोरांव राजमणि कोल, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष अश्वनी पटेल, किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा, भगवान दास कुशवाहा, नम्रता चौरसिया, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला,विजय शंकर शुक्ला, विक्रमादित्य मौर्य, पुष्पराज सिंह, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल, जिला मंत्री प्रकाश शुक्ल प्रचंड, विनोद प्रजापति, कमलेश त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर निषाद आदि ने सम्बोधित किया। बडी संख्या में नगर पंचायत कोरांव, सिरसा, शंकरगढ़ और भारतगंज के पिछले वर्ग के लोगों की मौजूदगी रही। पिछड़ा वर्ग के समस्त जिला पदाधिकारियों मंडल अध्यक्षों के कार्यक्रम सफलता पर पदाधिकारियों ने बधाई दी। क्षेत्र में विशिष्ट क्षेत्रों में विशेष योगदान हेतू सामाजिक लोगों को मंचस्थ अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### बाइक लेकर घर से निकला युवक वापस नहीं लौटा

**खीरी।** थाना खीरी अंतर्गत इटवा कला मजरा धारा निवासी मोहम्मद सादाब खान 17वर्ष पुत्र मोहम्मद तालिम खान 9अप्रैल को रात लगभग 8बजे घर से मस्जिद पर जाने के लिए बता कर अपनी बाइक हिरो इस्पिलेडंर यूपी 70ऋद्ध5119से निकला।अभी तक वापस नहीं लौटा। परिवार के लोग काफी देर तक इंतजार करने के बाद अपने करिबियो और रिश्तेदारों के यहां पता किया। पता नहीं चलने पर पिता मोहम्मद तालिम खान ने मंगलवार को खीरी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई । परिवार के लोग परेशान हो रहे हैं।



## महात्मा ज्योतिबा फुले को किया याद

**खीरी।** मंगलवार 11 अप्रैल को देव भूमि इंटरनेशनल स्कूल खीरी कोरांव प्रयागराज में राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा राव फूले का जन्म दिवस मनाया गया। जन्म दिवस कार्यक्रम में बारी बारी से सभी लोगो ने महात्मा ज्योतिबा फूले के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर नमन किए। संबोधन के दौरान में जन अधिकार पार्टी के जिला उपाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ )श्वेता भारती ने महिलाओं व पुरुषों को महात्मा ज्योतिबा राव फुले के विचारों पर चलने हेतु कहीं।साथ में बताई कि ज्योतिबा राव फूले को दक्षिण भारत के लोग अधिक जानते है,अब उत्तर भारत के लोग भी जानने लगे है। ज्योतिबा एक अच्छे विचारक, लेखक, सामाज सुधारक थे। इन्होंने कमजोर और समाज के पिछड़े लोगो को जागरूक करने में अपना जीवन समर्पण कर दिए थे। कार्यक्रम में प्रबंधक अनुज कुमार,भोला चौहान, इंद्र लाल कुशवाहा, नीरज सिंह, सीमा कुशवाहा (संगठन मंत्री) आंतिमा विश्वकर्मा , कोमल, संध्या, प्रतिमा ,बाबू लाल आदिवासी समेत कई अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## बीपी हाई होने से तहसीलदार हुए बेहोश


अस्पताल में इलाजरत तहसीलदार

**मेजा।** मेजा तहसील परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब अचानक तहसीलदार बेहोश हो गए।

गौरतलब हो कि तहसीलदार मेजा विशाल शर्मा मंगलवार को दोपहर में मुख्यालय भवन की सीढ़ी उतर रहे थे उसी वक्त वह बेहोश होकर गिर गए लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया । लोग आनन फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा ले गए जहां पर अधीक्षक ओम प्रकाश व डा समीम अपनी टीम के साथ इलाज में लगे। डॉक्टरों ने बताया कि फिलहाल वहठीक ब्लड प्रेशर हाई होने के कारण बेहोश हुए थे अब ठीक है। मामले की जानकारी मौके कोतवाल मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र भी मौके पर पहुंचे थे।

## बेटी से किया दुराचार पुलिस ने भेजा जेल

**फाफामऊ।** फाफामऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में पिता ने हैवानियत की हद पार करते हुए अपने नाबालिग बेटी को घर में अकेली पाकर उसे डरा धमका कर उसके साथ दुराचार किया। घर वालों को जानकारी हुई तो बेटे ने आरोपी बाप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी बाप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक फाफामऊ थाना क्षेत्र के एक गांव की एक नाबालिग बेटी को एक कलयुगी पिता ने घर में अकेली पाकर उसे डरा धमका कर उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। बेटी ने बाप की करतूत देखकर शोर मचाया तो भाई मां ने मौके से पहुंचकर दरिंदे पिता से बचाया। नाबालिग बेटी ने बताया कि आरोपी पिता कई बार उसे डरा धमका पहले भी दुराचार किया था। लेकिन डर बस वह पिता का विरोध नहीं कर सकी लेकिन मंगलवार को पिता ने हद पार दी। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# भाजपा सरकार गरीबों के उत्थान के लिए कृत संकल्प : केशरी देवी


सांसद केशरी देवी पटेल का स्वागत करते हुए

**शंकरगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने गरीबों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं । प्रदेश की भाजपा सरकार व केंद्र की भाजपा सरकार गरीबों के उत्थान के लिए कृत संकल्प है। पूर्ववर्ती सरकारों ने गरीबों का प्रयोग केवल वोट बैंक के लिए किया । लेकिन हमारी सरकार उनकी जीवनशैली को सुधारने का काम किया। उक्त बातें फूलपुर की सांसद श्रीमती केसरी देवी पटेल शंकरगढ़ के शिवराजपुर में मदन सिंह पटेल के यहां आई एक प्रतिष्ठान के उद्घाटन समारोह में कही। श्रीमती पटेल ने कहा कि वह शंकरगढ़ के विकास के लिए हमेशा चिंतित रहती है। शंकरगढ़ का खनन कार्य बंद हो जाने से तथा लोगों को बेरोजगारी झेलने से वह बेहद आहत हैं। उन्होंने कहा शंकरगढ़ पथरीला क्षेत्र है। जहां उपज प्रकृति पर निर्भर है। उन्होंने बताया कि उन्होंने शंकरगढ के लिए किसानों की आय के लिए किसानों को खनन के लिए पट्टा देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में क्षेत्र का काफी विकास हुआ है। केशव प्रसाद मौर्य के पास जब लोक निर्माण विभाग का प्रभार था तब क्षेत्र में दर्जनों, सड़कों का निर्माण हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज के कुछ रेलवे स्टेशन 2005 से बंद थे। जब वह रेलवे पार्लियामेंट बोर्ड की सदस्य बनी तो उन्होंने यह मुद्दा उठाया और आज वह स्टेशन न केवल चालू हुआ वरन उसका सुन्दरीकरण किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से उर्मिला देवी कार्यकारणी सदस्य काशी क्षेत्र, शारदा तिवारी,मदन सिंह ठीकेदार, पुष्पराज सिंह प्रधान, मंगलेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, रिक्की सिंह,संगीता सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्र,मोभैयन अली, अरुण कुमार सिंह, रणकेंदर सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजक मदन सिंह पटेल ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया।


**उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय)**
कार्यालय, अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड (वि0/यॉ0),
नैनी (निकट पुराना यमुना ब्रिज), प्रयागराज-211007
E-Mail:-eecdemprayagraj@gmail.com

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद प्रयागराज शहर स्थित इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सीनेट कैम्पस में नलकूप रिबोरिंग के कार्य के लिए 300X200 एम0एम0 साइज की असेम्बली एवं अन्य तत्सम्बन्धी सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 13.04.2023 से दिनांक 19.04.2023 तक कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), प्रयागराज तथा कार्यालय अधीक्षण अभियंता, निर्माण मण्डल (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), प्रयागराज से की जायेगी जो दिनांक 20.04.2023 को 17.00 बजे तक डाली जायेगी एवं दिनांक 21.04.2023 को 15.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), प्रयागराज में खोली जायेगी। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण सम्बंधित कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

अधिशासी अभियंता

पत्रांक-268/निविदा/48 दिनांक-05/04/2023



**उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय)**
कार्यालय, अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड (वि0/यॉ0),
नैनी (निकट पुराना यमुना ब्रिज), प्रयागराज-211007
E-Mail:-eecdemprayagraj@gmail.com

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद प्रयागराज शहर स्थित इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सीनेट कैम्पस में नलकूप रिबोरिंग के कार्य हेतु निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 13.04.2023 से दिनांक 20.04.2023 तक कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), प्रयागराज तथा कार्यालय अधीक्षण अभियंता, निर्माण मण्डल (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), प्रयागराज से की जायेगी जो दिनांक 21.04.2023 को 17.00 बजे तक डाली जायेगी एवं दिनांक 24.04.2023 को 15.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), प्रयागराज में खोली जायेगी। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण सम्बंधित कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

अधिशासी अभियंता

पत्रांक-269/निविदा/49 दिनांक-06/04/2023



**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व मध्य रेलवे के रेणुकूट, झारो खास एवं म्योरपुर रोड स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या एवं गाड़ी का नाम | आवृत्ति | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग वाया |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18309 (सम्बलपुर-जम्मूतवी) एक्सप्रेस | सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 13.04.2023 | गढ़वा रोड-चोपन-चुनार | गढ़वा रोड-डेहरी ऑन सोन-पं.दीन दयाल उपाध्याय-चुनार |
| 2 | 12873 (हटिया-आनन्द विहार टर्मिनल) झारखंड एक्सप्रेस | सोमवार, मंगलवार, गुरुवार | 13.04.2023 | गढ़वा रोड-चोपन-चुनार | गढ़वा रोड-डेहरी ऑन सोन-पं.दीन दयाल उपाध्याय-चुनार |
| 3 | 18102 (जम्मूतवी-टाटा नगर) एक्सप्रेस | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 12.04.2023 | चुनार-चोपन-गढ़वा रोड | चुनार-पं.दीन दयाल उपाध्याय-डेहरी ऑन सोन-गढ़वा रोड |

नोट:- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad. indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे 533/23(A)
North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सं. - GSU-PRYJ-Sig-004-2023-24

**ई-निविदा सूचना**

डिप्टी सीएसटीई गति शक्ति यूनिट (सिग्नल और टैलीकम्युनिकेशन) के द्वारा, उत्तर मध्य रेलवे PRYJ, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित फॉर्म पर खुली ई-निविदा, वर्णित खुलने की तिथि को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण इस प्रकार है -

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 004 |
| कार्य का विवरण | गोविंदपुरी, कानपुर अनवरगंज, फतेहपुर, मानिकपुर, विन्ध्याचल, मिर्जापुर, चुनार और सोनभद्र स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन दूरसंचार उपकरणों जैसे योजना के संबंध में यात्री सुविधा सीसीटीवी, एमएलडीबी एसएलडीबी, एजीडीबी, पीए सिस्टम, जीपीएस घड़ियों आदि का प्रावधान। |
| काम की अनुमानित लागत | 76505347.28 |
| अग्रिम राशि | 532500.00 |
| निविदा प्रपत्र की लागत | 0.00 |
| समापन अवधि | बारह महीने |
| निविदा खुलने की तिथि | 12.05.2023 |

**निविदा प्रपत्र की उपलब्धता** - निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **धरोहर राशि जमा करना एवं उसका रूप** - उपरोक्त लिखित अग्रिम राशि केवल इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जानी चाहिए। निविदाकर्ता (ओं) को ध्यान देना चाहिए कि, किसी भी मामले में, उपरोक्त निर्दिष्ट के अलावा किसी अन्य रूप में धरोहर राशि स्वीकार्य नहीं होगी। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतया अस्वीकृत कर दी जाएगी। **निविदा खुलने का समय तथा स्थान** - निविदा ई-निविदा के माध्यम से मंडल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में 12:30 बजे या उसके बाद खोली जाएगी। यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होता है, तो निविदाएं अगले कार्य दिवस को खोली जाएंगी। **निविदा की वैधता** - निविदा खुलने की तारीख से 60 दिन। **निविदा से डील हेतु रेलवे के अधिकार** - रेल प्रशासन बिना कोई कारण बताए निविदा को स्वीकृत/संशोधित करने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **काम की समान प्रकृति** - ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड/कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड/इलेक्ट्रॉनिक चार्टिंग सिस्टम/एलईडी क्लॉक/एलईडी डिस्प्ले/ट्रेन सूचना के लिए सिंगल-लाइन बोर्ड/टोकन डिस्प्ले बोर्ड/घोषणा प्रणाली/एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली के प्रावधान से संबंधित कोई भी कार्य। 523/23(AN)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR @northcentralrailway



**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन**

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है:

**1. 01031/01032 मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.)-मालदा टाउन (साप्ताहिक) विशेष गाड़ी**

मुंबई से (सुपरफास्ट)- गाड़ी सं. 01031 प्रति सोमवार, दिनांक 01.05.2023 से 29.05.2023
मालदा टाउन से- गाड़ी सं. 01032 प्रति बुधवार, दिनांक 03.05.2023 से 31.05.2023
गाड़ी संरचना- वातानुकूलित प्रथम-सह द्वितीय श्रेणी-01 वाता. द्वितीय श्रेणी-04, वाता. तृतीय श्रेणी-15, एसएलआर-02

| गाड़ी सं. 01031 छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.)-मालदा आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 01032 मालदा-छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 11.05 | छ.शिवाजी महाराज (ट.) | 03.50 | -- |
| 06.20 | 06.22 | मानिकपुर | 04.05 | 04.07 |
| 07.53 | 07.55 | प्रयागराज छिवकी | 02.05 | 02.07 |
| 04.45 | -- | मालदा टाउन | -- | 12.20 |

**2. 01053/01054 लोकमान्य तिलक (ट.)-बनारस (साप्ताहिक) विशेष गाड़ी**

लोकमान्य तिलक (ट.) से- गाड़ी सं. 01053 प्रति सोमवार दिनांक 01.05.2023 से 05.06.2023
बनारस से- गाड़ी सं. 01054 प्रति मंगलवार दिनांक 02.05.2023 से 06.06.2023
गाड़ी संरचना- एसएलआर-01, स्लीपर श्रेणी-08, वातानुकूलित तृतीय-06, सामान्य श्रेणी-06

| गाड़ी सं. 01053 लोकमान्य तिलक (ट)-बनारस आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 01054 बनारस-लोकमान्य तिलक (ट) आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 12.15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 23.55 | -- |
| 10.00 | 10.02 | मानिकपुर | 02.03 | 02.05 |
| 11.45 | 11.50 | प्रयागराज छिवकी | 00.25 | 00.27 |
| 16.05 | -- | बनारस | -- | 20.30 |

**3. 01043/01044 लोकमान्य तिलक (ट.)-समस्तीपुर (साप्ताहिक)**

लोकमान्य तिलक (ट.) से- गाड़ी सं. 01043 प्रति गुरुवार, दिनांक 04.05.2023 से 08.06.2023
समस्तीपुर से- गाड़ी सं. 01044 प्रति शुक्रवार, दिनांक 05.05.2023 से 09.06.2023
गाड़ी संरचना- एसएलआर-01, सामान्य श्रेणी-06,स्लीपर श्रेणी-08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06, एसएलआर-02

| गाड़ी सं. 01043 लोकमान्य तिलक (ट)-समस्तीपुर आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक (ट) आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 12.15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07.40 | -- |
| 10.00 | 10.02 | मानिकपुर | 10.48 | 10.50 |
| 11.45 | 11.50 | प्रयागराज छिवकी | 08.05 | 08.10 |
| 21.15 | -- | समस्तीपुर | -- | 23.20 |

**4. 01039/01040 पुणे-दानापुर (साप्ताहिक) विशेष गाड़ी**

पुणे से- गाड़ी सं. 01039 प्रति शनिवार, दिनांक 06.05.2023 से 17.06.2023
दानापुर से- गाड़ी सं. 01040 प्रति सोमवार, दिनांक 08.05.2023 से 19.06.2023
गाड़ी संरचना- स्लीपर श्रेणी-11, सामान्य श्रेणी-06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02


| गाड़ी सं. 01039 पुणे-दानापुर आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 01040 दानापुर-पुणे आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 19.55 | पुणे | 17.35 | -- |
| 20.08 | 20.10 | मानिकपुर | 16.28 | 16.30 |
| 21.45 | 21.47 | प्रयागराज छिवकी | 14.05 | 14.07 |
| 04.30 | -- | दानापुर | -- | 06.30 |

नोट: ट्रेनों के समय-सारणी से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे 529/23 FA
North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in



# प्रयागराज



**मौसम**

अधिकतम : 33.00
न्यूनतम : 20.00
सूर्योदय : 06.03
सूर्यास्त : 06.15

## मऊआइमा नगर पंचायत उम्मीदवारों ने पर्चा खरीदा

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत चुनाव के लिए अध्यक्ष पद के लिए पांच और सदस्यों के लिए पन्द्रह पर्चों का सेट मंगलवार को बिका।सोरांव तहसील में बने चुनाव कार्यालय में पर्चों की खरीदारी और नामांकन किया जाएगा।

# निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन एक पार्षद प्रत्याशी ने किया नामांकन

**प्रयागराज।** प्रयागराज में निकाय चुनाव पहले चरण यानी चार मई को होने जा रहा है। इसके लिए आज 11 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 17 अप्रैल तक उम्मीदवार नामांकन कर सकते हैं। पहले दिन मंगलवार को 8 प्रत्याशियों ने कलेक्ट्रेट से पर्चा (नामांकन पत्र) खरीदा। इसमें निवर्तमान महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने दो सेट पर्चा खरीदा है।

इसी तरह से महापौर के लिए कांग्रेस के नेता संजय तिवारी ने एक सेट, प्रसपा के अजीत कुमार पटेल ने एक सेट, एआईएमआईएम के मो. लकी खान ने दो सेट, विनय चंद्र श्रीवास्तव, गणेशजी तिवारी, शैलेंद्र प्रजापति व श्यामदेव ने एक-एक सेट पर्चा खरीदा है। महापौर पद के लिए आठ प्रत्याशियों ने कुल 10 सेट लिए हैं। वहीं पार्षद के लिए कुल 547 नामांकन पत्र लिए गए,




जबकि वार्ड नंबर 85 से एक मात्र प्रत्याशी ने पहले दिन नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन के लिए 32 रिटर्निंग ऑफिसर और 45 सहायक रिटर्निंग आफिसरों को लगाया गया है।

महापौर व पार्षद के नामांकन के लिए अलग अलग न्यायालय कक्ष बनाए गए हैं। महापौर के इच्छुक उम्मीदवार जिलाधिकारी न्यायालय में अपना नामांकन कर सकते हैं। यहां अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पांडेय को रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। इस नामांकन कक्ष में तीन एआरओ भी बनाया गया है। इसी कक्ष में नामांकन फार्म भी मिलेगा और यहीं पर उसे जमा भी किया जाएगा। नगर निगम के पार्षद पद के लिए वार्ड के हिसाब से अलग अलग नामांकन कक्ष बनाए गए हैं ताकि कोई असुविधा न होने पाए।

नामांकन के दिनों में कचहरी की तरफ जाने पर रोक होगा। अपर पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा बताया गया है नामांकन की समस्त तिथियों में बड़े-छोटे वाहन कलेक्ट्रेट परिसर से दूसरी तरफ मोड़ दिए जाएंगे। सिर्फ प्रत्याशियों के वाहन कचहरी तक जाएंगे, जिन्हें कचहरी के बाहर ही पार्क कराया जाएगा। कचहरी के सामने रोड पर अनावश्यक रूप से यातायात अवरुद्ध न हो इसका विशेष ध्यान दिया जाएगा। पर्किंग की व्यवस्था पीडब्ल्यूडी चौराहा, कटरा चौराहा, मेरी लूकर्स स्कूल के पास होगी।

नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के लिए संगम सभागार, कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसमें शिफ्टवार अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। कंट्रोल रूम का नंबर 0532-2641577 एवं 2641578 है। कंट्रोल रूम में प्रातः 08:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक के लिए पवन कुमार जायसवाल, पशुधन प्रसार अधिकारी, कार्यालय मुख्य तकनीकी अधिकारी, भेड़ एवं ऊन प्रयागराज मोबाइल 9839252633 एवं महेंद्र कुमार पुष्पाकर पशुधन प्रसार अधिकारी, कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी मोबाइल 9415575623 की ड्यूटी लगाई गई है।

इसी प्रकार सायं 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक के लिए शुभम त्रिपाठी, पशुधन प्रसार अधिकारी, कर्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकरी, मो. 9455692966 एवं अयोध्या प्रसाद, पशुधन प्रसार अधिकारी, कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मो. 9451588604 तथा रात्रि 12 बजे से प्रातः 08:00 बजे तक के लिए सुजीत कुमार, पशुधन प्रसार अधिकारी मो.-9415953140 एवं राजेश कुमार, पशुधन प्रसार अधिकारी, कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मो. 9453395143 की ड्यूटी रहेगी। कंट्रोल रूम का प्रभारी अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार को बनाया गया है।

## महिला छात्रावास के बाहर छात्राओं ने किया धरना प्रदर्शन

**प्रयागराज।** इलाहबाद विश्वविद्यालय में मंगलवार को आंदोलनकारियों ने नए छात्राओं को छात्रावास आवंटित न करने पर डीएसडब्ल्यू दफ्तर का घेराव किया। उसके बाद सभी छात्राओं के साथ समस्त आंदोलनकारी छात्र महिला छात्रावास गेट के बाहर धरना पर बैठ गए। वहीं जैसे ही छात्राओं के धरना पर बैठने की बात विश्वविद्यालय की पीआरओ प्रो. जया कपूर को चला वह छात्राओं को समझाने बुझाने पहुंच गई।

लेकिन छात्राओं ने उनकी एक भी नहीं सुनी। छात्राओं का कहना था कि जब तक हमें लिखित रूप में नहीं मिल जाता, तब तक हम लोग यहां से नहीं उठेंगे। वहीं छात्राओं के समर्थन में समस्त आंदोलनकारी छात्र भी मौजूद रहे। जब शाम 6:15 पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने नोटिस जारी किया कि हम सभी छात्राओं को दिनांक 17 अप्रैल 2023 दिन सोमवार को छात्रावास आवंटित करेंगे। जब इस बात की छात्राओं को लिखित रूप में नोटिस दिया गया। तब सभी छात्राओं ने आंदोलन को समाप्त किया।

वहीं छात्राओं ने अपनी समस्याओं को बताते हुए कहा कि पीडी गर्ल्स हॉस्टल की कट ऑफ लिस्ट जारी हुई थी। वहां पर जिन बच्चों ने फॉर्म सबमिट किया था उसमें सब का लिस्ट में नाम आया था, लेकिन जब उस लिस्ट को यहां पर हॉस्टल के बाहर पेस्ट किया गया, उसके बाद उस दिन जिन बच्चों ने हॉस्टल से फॉर्म लिया उनको हॉस्टल मिल गया, लेकिन उसमें जिन विद्यार्थियों को 606 मार्क्स है उसको हॉस्टल नहीं मिला, लेकिन जिनको 580 मिला है उसको मिल गया। आगे कहा कि हम लोगों की यह समस्या है कि लिस्ट में नाम होने के बाद भी हमको अब इस हॉस्टल के अंदर जाने नहीं दिया जा रहा हैं। हमको कहा जा रहा है कि हॉस्टल पूरी तरह से फुल हो चुका है। धनरना प्रदर्शन में छात्र नेता अजय यादव सम्राट, हरेंद्र यादव, अजय पांडेय,आदित्य पटेल, विकास यादव,राहुल पटेल, रिंकू सिंह, मनजीत पटेल ,अभिषेक यादव, जितेंद्र धनराज, गोलू पासवान, प्रियांशु विद्रोही, अनुराग यादव,ज्ञान गौरव आदि रहे।

# आठ विषयों की सूची को लेकर सौंपा ज्ञापन

**ज्ञापन**

**एलटी जीआईसी 2018 के शेष बचे 08 विषयों की अवशेष श्रेष्ठता सूची (द्वितीय सूची ) जारी करने की मांग**



ज्ञापन सौंपने जाते लोग

**प्रयागराज।** लोक सेवा आयोग पर प्रतियोगी छात्रों का 7वें दिन अपना क्रमिक अनशन जारी रहा। मंगलवार को प्रतियोगी छात्र मोर्चा के बैनर तले विक्की खान के नेतृत्व में सैकड़ों प्रतियोगी छात्रों ने लोक सेवा आयोग पर लामबंद हुए। प्रतियोगियों के जोश व एकजुटता को देखते हुए आयोग के अधिकारियों ने आयोग का मुख्य गेट बंद कर दिया गया था। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विक्की खान ने 12वीं बार अपना ज्ञापन सौंपा। जिसमें एलटी जीआईसी 2018 के शेष बचे 08 विषयों की अवशेष श्रेष्ठता सूची (द्वितीय सूची ) जारी करने की मांग की गई' विक्की खान ने प्रतियोगी छात्रों को संबोधित करते हुए आयोग की उदासीनता एवं निष्क्रियता पर गुस्सा व्यक्त किया। उन्होने कहा कि यह क्रमिक अनशन तब-तक जारी रहेगा। जब तक आयोग द्वारा एलटी जीआईसी 2018 की अवशेष श्रेष्ठता सूची जारी नहीं कर दी जाती है' आगे कहा कि 15 अप्रैल तक अगर यह सूची जारी नहीं की जाती है तो प्रतियोगी छात्र मोर्चा लोक सेवा आयोग पर आमरण अनशन शुरू करने को विवश होंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी लोक सेवा आयोग पर रहेगी। प्रदर्शन करने वालों में कृपाशंकर निरंकारी, अंजनी कुमार पांडे, लकी दुबे, अजय अवस्थी, संजय चौधरी, लोकेंद्र शुक्ला, प्रवेश श्रीवास्तव, उषा देवी, संजीव मिश्रा, आलोक सिंह, सत्येंद्र यादव आदि लोग मौजूद थे।

## गेंहू की मड़ाई करते समय थ्रेसर से निकली चिंगारी लगी आग

**बहरिया।** विकास खण्ड बहरिया के बीरापुर गांव में मंगलवार को सायंकाल 5 बजे जयसिंह यादव के ट्रैक्टर द्वारा थ्रेसर से शिवपूजन के गेंहू की मड़ाई करते समय थ्रेसर से चिंगारी निकलने से आचानक आग लग गयी । जिससे मड़ाई करने वाले मजदूरों एवं मौजूद किसानों में अफरा-तफरी मच गई जब तक वहां मौजूद लोग कुछ समझ पाते तब तक आग बिकराल रुप धारण कर लिया तथा आस.पास रखे गेंहू के बोझ एवं भूंसे में आग धू.धू कर जलने लगी । आग विकराल रुप लेते हुये कल्ला देवीए श्यामलालए कमलेश आदि लोंगो के गेंहू के खेत में खडे.गेंहू में भी आग पकड़ लिया जिससे लगभग 4.5 बीघा गेंहू जल कर खाक हो गया । आस.पास के ग्रामिणों की मदद से आग पर काबू पाया गया ।

# ज्वाला देवी के भैया हिमांशु द्विवेदी का पीसीएस में हुआ चयन

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व छात्र भैया हिमांशु द्विवेदी का चयन नायब तहसीलदार के पद पर हुआ है। मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन विद्यालय में मां सरस्वती के सम्मुख दीपार्चन पुष्पार्चन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय के आचार्य सुरेश त्रिपाठी ने भैया के जीवन वृत्त का संक्षेप में वर्णन किया।उन्होंने बताया कि भैया हिमांशु द्विवेदी ज्वाला देवी सिविल लाइंस में सत्र 2007-08 में कक्षा नवम में प्रवेश करा कर सत्र 2010-011 में इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम स्थान में उत्तीर्ण करके इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक एवं हिंदी विषय से परास्नातक किया। तत्पश्चात उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएड एवं एम० एड० की डिग्री प्राप्त करके हिंदी एवं शिक्षा शास्त्र विषय पर जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण किया। भैया हिमांशु प्रारंभ से ही मेधावी छात्र थे वे प्रत्येक परीक्षा को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करते



संबोधित करते प्रधानाचार्य

थे वे नवोदय विद्यालय में हिंदी विषय के शिक्षक के रूप में चयनित हुए इसके बाद भैया हिमांशु द्विवेदी ने सत्र 2021 में काला कांकर डिग्री कॉलेज में हिंदी विषय के प्रवक्ता पद पर चयनित हुए थे। भैया के इस विशेष सफलता के लिए विद्यालय परिवार की ओर से उन्होंने बधाई दिया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने अंग वस्त्रम श्रीफल एवं युवारत्न के रूप में स्मृति चिन्ह प्रदान किया तथा छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती ,जो भी व्यक्ति कर्तव्यनिष्ठा लगन से मेहनत करता है उनको उनका लक्ष्य निश्चित रूप से प्राप्त होता है। मीडिया प्रभारी सरोज दुबे ने बताया कि इस कार्यक्रम में विद्यालय के एकादश एवं द्वादश के भैया एवं आचार्य बंधु, भगिनी उपस्थित रहें ।

## शोक सभा आयोजित

**नैनी।** अटल बिहारी वाजपेई नगर प्रयागराज डांडी ग्राम सभा में ग्रामीणों को एक शोकसभा हिंदी विद्यापीठ प्रयाग राजर्शी पुरुषोत्तम दास टंडन इंटरमीडिएट कॉलेज महेवा विद्यापीठ के संयुक्त मंत्री भगवत कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार संजय कुशवाहा के पिता समाजसेवी राजाराम कुशवाहा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया एवं उनकी मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में सर्वश्री राजेंद्र प्रकाश कुशवाहा रामेश्वर कुशवाहा विनय कुशवाहा ओमप्रकाश मनीष मिश्र बृजमोहन कुशवाहा शत्रुघन यादव विमलेश सिंह विनायक नंदलाल मनोज कुशवाहा नरेश चंद घनश्याम यादव विमलेश कमलेश पाल आदि उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले के तहत प्रधानमंत्री सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए नवनियुक्त कर्मियों को लगभग 71,000 नियुक्ति पत्र करेंगें वितरित

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 अप्रैल, 2023 को सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 71,000 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इन नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला, और रोजगार सृजन के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा तथा युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

देश भर से चुने गए नवनियुक्त कर्मियों को भारत सरकार के तहत ट्रेन मैनेजर, स्टेशन मास्टर, वरिष्ठ वाणिज्यिक लिपिक सह टिकट लिपिक, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, कनिष्ठ लेखापाल, डाक सहायक, इनकम टैक्स इंस्पेक्टर, टैक्स सहायक, सीनियर ड्राफ्ट्समैन, जेई/ सुपरवाइजर, सहायक प्रोफेसर, शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष, नर्स, परिवीक्षा अधिकारी, पीए, एमटीएस और अन्य जैसे पदों पर कार्य करने के लिए शामिल किया जाएगा। नवनियुक्त कर्मियों को 'कर्मयोगी प्रारंभ' के माध्यम से स्वयं को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा, जो विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नवनियुक्त कर्मियों के लिए एक ऑनलाइन उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम है।

## आइईआरटी के 17 डिप्लोमा कोर्स में आवेदन शुरू

**प्रयागराज।** इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड रूरल टेक्नोलाजी (आईईआरटी) ने सत्र 2023-24 के लिए डिप्लोमा, डिप्लोमा मैनेजमेंट और पीजीडीसीए के कुल 17 पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा कर दी है। आनलाइन आवेदन 11 अप्रैल से शुरू होंगे। आवेदन की अंतिम तारीख तीन जून है।

आईईआरटी में डिप्लोमा के 13, डिप्लोमा मैनेजमेंट के तीन (दो वर्षीय) पाठ्यक्रम और पीडीसीए (डेढ़ वर्षीय) पाठ्यक्रम संचालित हैं। सभी इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा 30 जून को सुबह नौ बजे से 12 बजे तक प्रयागराज के विभिन्न केंद्रों पर होगी। अन्य पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा तीन जुलाई को सुबह नौ बजे से 12 बजे की पाली में आयोजित होगी। 13 डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में मैकेनिकल पावर प्लांट, मैकेनिकल प्रोडक्शन, मैकेनिकल आटोमोबाइल, मैकेनिकल रेफ्रिजरेशन कंट्रोल, मैकेनिकल टूल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल ट्यूबवेल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, सिविल कंस्ट्रक्शन टेक्नोलाजी, सिविल पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग और प्लास्टिक टेक्नोलाजी शामिल है।

## मात्र सात वर्ष की उम्र में फरहा फात्मा ने रोजा रख सब को किया चकित

**प्रयागराज।** दायरा शाह अजमल की रहने वाली मात्र सात वर्षीय फरहा फात्मा ने इतनी कम उम्र में रोजा रख कर सब को चकित कर दिया। गर्ल्स हाई स्कूल की कक्षा एक की छात्रा और मदरसा तंजीमुल मकातिब से मजहबी पढ़ाई करने वाली फरहा फात्मा ने पिता राहिल हसन व माता महजबीं तबस्सुम से ज़िद कर पहला रोजा रखा।फरहा कहती हैं मैं रोजा रख कर दुआ मांगूंगी के ए अल्लाह हमारे पापा मम्मी और दादी व चाचू का हमारे उपर साया बरकरार रहे।वहीं हमारे अपने सभी लोग एकता के साथ सभी तेहवार को मनाएं और हमारे देश खूब तरक्की करे।

## ट्रैक्टर रोक कर दबंगो ने युवक को मार कर किया लहुलुहान, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में दबंगों ने ट्रैक्टर रोक कर एक युवक को मार पीट कर लहूलुहान कर दिए। घायल यूवक की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बांकाजलालपुर गांव निवासी उबैद अख्तर पुत्र स्वर्गीय आशिक के मुताबिक उसके मौसी का लडका अब्दुल मुत्तलिब ट्रेक्टर में तेल भराने ब्लाक स्थित पेट्रोल पंप पर गया था। जब वापस आ रहा था तो बाइकों से आए क्षेत्र के नामी दबंग़ों ने उसके मौसी के लडके अब्दुल मुत्तलिब को बुरी तरह मारे पीटे लहूलुहान कर दिए और हत्या करने की धमकी भी दिए। उबैद अख्तर का आरोप है कि जब उसे पता चला तो वह बाइक से जा रहा था तो दबंग़ों ने उसे फोन पर गालियां दी। घायल अब्दुल मुत्तलिब को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उबैद अख्तर ने मऊआइमा थाने में ग्राम छीतेमऊ निवासी मोहम्मद तबसीर पुत्र अजीज, मोहम्मद तनवीर पुत्र हजरत अली, मोहम्मद तौफीक आहमद पुत्र इरशाद, बजहुल कमर उर्फ बबन पुत्र शमसुल कमर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उबैद अख्तर का आरोप है कि उक्त मुलजिमान अपराधी प्रवृत्ति के हैं। इसके पूर्व कई लोगो को मार पीट चुके हैं। जिससे इनका हौसला बढा हुआ है।



### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला संयोजक फरीद साबरी ने किया सूफी जनसंवाद का आयोजन

**प्रयागराज।** प्रयागराज में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला संयोजक के जानिब से सूफी जनसंवाद का आयोजन किया गया सूफी गद्दी नशीन मुबारिस मियां की उपस्थिति में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं को मुस्लिम पास मंदा समाज के लोगों लोगों को जोड़ने का कार्य किया गया और मुस्लिम क्षेत्र के मजबूत पार्षद पद के दावेदार वार्ड नंबर 98 युसूफ आजाद वार्ड नंबर 99 शकील सलमानी वार्ड नंबर 9 समीम फारुकी वकील अहमद अरशद नक्वी आतिफ रहमान सूफी जनसंवाद के कार्यक्रम में लोग मौजूद हैं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला संयोजक फरीद साबरी ने बताया कि आगे भी मुस्लिम क्षेत्रों में सूफी जनसंवाद का कार्यक्रम चलाया जाएगा और मदरसों स्कूलों में यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात भी लोगों तक पहुंचाया जाएगा जिससे पसमांदा समाज के लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके योजनाओं का बखान करते हुए उज्जवला योजना आवास विकास योजना सुमंगला योजना कन्या विद्याधन विधवा पेंशन योजना दिव्यांग ऐसी तमाम योजनाओं के बारे में फरीद साबरी ने लोगों को रूबरू कराया भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही पसमांदा मुस्लिम अल्पसंख्यक समाज का भला हो सकता है।

# उन्नीसवीं रमजान को जुलूस ए सुबहे जरबत में काले लिबास और चेहरे पर उदासी लिए शामिल हुए रोजादार

**प्रयागराज।** हजरत अली की शहादत के सिलसिले में तीन रोज तक गमजदा रहने वाले अली इब्ने अबुतालिब के चाहने वाले भोर से ही सियाह लिबास में मस्जिद व इमामबाड़ों में जुटने लगे थे।मस्जिद काजी साहब बख्शी बाजार में इमाम ए जमात मौलाना जवादुल हैदर रिजवी साहब ने बाजमात नमाज के बाद मजलिस को खिताब करते हुए कहा की कूफे की मस्जिद में फजिर की नमाज अदा कराने के दौरान हजरत अली के सर पर अब्दुल रहमान इब्ने मुल्जिम नामक कातिल ने जहर बुझी तलवार से ऐसा वार किया की मौला ए कायनात अमीरुल मोमेनीन उस गहरे जख्म के ताब को न बर्दाश्त कर सके और इक्कीसवीं रमजान को मिस्कीनो यतीमों और बेवाओं को रात के अंधेरे में घर घर जा कर रोटियां पहुंचाने वाला इस दुनिया से रुखसत हो गया।आज बरसों बरस बीतने के बाद भी चाहने वाले उस शख्स के लिए आंसू बहा



जुलूस ए सुबहे जरबत में शामिल रोजेदार

रहे हैं जो मौला ए कायनात के नाम से जाना जाता था।दूसरी ओर रानीमंडी के धोबी गली इमामबाड़ा मिर्जा काज़िम अली से भोर में कदीमी ताबूत का जुलूस निकाला गया।जैगम अब्बास मर्सियाख्वानी करते हुए जुलूस को अपने परम्परागत मार्गो से होते हुए इमामबाड़ा आजम हुसैन तक लेकर गए।रास्ते भर अकीदतमन्दों ने ताबूत पर सूती चादर व फूल माला चढ़ा कर मन्नतें व मुरादें मांगी।मौलाना जीशान हैदर ने मजलिस को खिताब किया।वहीं करैली के जेके आशियाना में मस्जिद स्व अलहाज सैय्यद वजीर हुसैन में मीर कल्बे अब्बास मेरठी ने बाजमात नमाज ए फजिर अदा कराई तत्पश्चात मजलिस को खिताब करते हुए शहादत का ज़िक्र किया।नम आंखों के साथ गुलाब व चमेली के फूलों से सजा ताबूत जब निकाला गया तो चारों ओर से या अली मौला हैदर मौला की आवाजें गूंजने लगीं।अल कायम पर जुलूस के पहुंचने पर मौलाना मोहम्मद ताहिर ने मजलिस को खिताब कर जुलूस का समापन कराया। घंटाघर स्थित इमामबाड़ा सैय्यद मियां में हुई शहादत हजरत अली की मजलिस से पहले रजा इस्माईल सफवी ने सोजख्वानी पढ़ी तो जाकिरे अहलेबैत रजा अब्बास जैदी ने मजलिस को खिताब किया। उन्नीसवीं रमजान की रात रौशन बाग इमामबाड़ा सैय्यद मतलूब में मौलाना डाक्टर सैय्यद रिजवान हैदर रिजवी ने हजरत अली की जिंदगी और और उनके दौरे खिलाफत का विस्तार से वर्णन किया। गमगीन मसाएब सुन कर अकीदतमन्दों की आंखें भर आईं।इमामबाड़े की सभी लाईटों को बुझा कर ताबूत ए अली निकाला गया तो ज़ियारत को अकीदतमन्दों का हुजूम उमड़ पड़ा।अन्जुमन गुन्चा ए कासिमिया ने या अली मौला हैदर मौला की सदाओं के साथ मातम किया और गमगीन नौहा पढ़ा । जुलूस में मिर्जा काज़िम अली, गौहर काजमी, नदीम अब्बास, डाक्टर ऐजाज, आफताब रिजवी, वकार रिजवी, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, अलमास हसन, अली सज्जाद, इतरत नकवी, जैगम अब्बास, आसिफ रिजवी, शैदा रिजवी, ज़िया, डाक्टर ईशान जैदी, जामिन हसन आदि शामिल रहे।

## संक्षेप

### अवकाश दिवसों में खुले रहेंगे जाति निवास, आय के कार्यालय

**कौशाम्बी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी (न.नि) जयचन्द्र पाण्डेय ने जनपद में नगरीय निकायों की अदेयता तथा जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करने वाले कार्यालयों को नामांकन अवधि में सार्वजनिक अवकाश दिवसों में खुले रहने के निर्देश दियें हैं, जिससे प्रत्याशियां को प्रमाण-पत्रों को प्राप्त करने एवं नामांकन करने में किसी प्रकार की असुविधा न हों।

### प्रेमी के साथ फरार हुई विवाहिता

**कौशाम्बी।** हरदोई जिले की एक युवती की शादी साल भर पहले सैनी इलाके में हुई थी। ससुराल आने के बाद युवती फोन पर बातें करती थी। युवक ने बताया कि उसने पत्नी की हरकतों का कई बार विरोध किया लेकिन उसकी आदत में सुधार नहीं हुआ। पखवारे भर पहले विवाहिता घर से नकदी व गहने समेट कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। मंगलवार को थाने पहुंचे युवक ने मामले की शिकायत पुलिस की।

# नगर निकाय नामांकन : चायल में बिके 122 पर्चे

**चायल, कौशाम्बी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चायल तहसील में नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। इस दौरान चायल तहसील कार्यालय से विभिन्न पदो के लिए कुल 122 पर्चों की बिक्री हुई।

बता दें कि नगर पालिका परिषद भरवारी से अध्यक्ष पद के दावेदरो ने तीन पर्चा खारीदा व सदस्य पद के लिए वार्ड नंबर 6 व 10 में 2 पर्चा खरीदा गया। वही नगर पंचायत चायल से अध्यक्ष पद के दावेदारों ने 6 पर्चा खरीदा व नगर पंचायत सराय अकिल से अध्यक्ष पद के दावेदारों ने 7 पर्चों की खरीददारी की। नगर पंचायत सराय अकिल से सभासद के दावेदारों ने 18 पर्चा व नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों ने 13 पर्चा व सभासद के दावेदारों ने 41 पर्चा खरीदा। इस तरह से कुल 122 पर्चों की ब्रिकी हुई।



चायल तहसील में पर्चा की खरीददारी करते उम्मीदवार

### सुअर द्वारा महुआ चरने पर दो पक्षों में भिड़ंत

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली अंतर्गत बजहा खुर्मपुर गांव में सोमवार को महुआ चराने के विवाद मे दो पक्ष भिड गए। दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई। हालांकि लिखित तहरीर पर पुलिस प्रकरण की जांच में जुट गई थी। करारी थाना क्षेत्र के बजहा खुर्मपुर गांव मे सुकक्लले पासी के परिजन महुआ बिन रहे थे। तभी शोभा की लड़की रजिया सुअर लेकर जा रही रही थी। इस दौरान अचानक सुअरें महुआ चरने लगी। सुकक्लले ने इनका विरोध किया। इसी बीच दोनों में वाद विवाद और गाली गलौज होने लगी । रजिया घर जाकर विवाद की बात परिजनो की बताई तो सोभा के तीनों लड़के पत्नी व दोनों पुत्रियां भी लाठी, डंडा लेकर सुक्कलले के घर पर धावा बोल दिया दिया। मारपीट की घटना में धर्मराज सुकक्लले सोनू घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है।

# नोडल अधिकारियों की देख रेख में वितरित होगा अप्रैल माह का खाद्यान्न

**कौशाम्बी।** जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया है कि जनपद के समस्त राशन कार्ड धारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत माह अप्रैल 2023 के सापेक्ष अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा. खाद्यान्न (14 किग्रा. गेहूँ एवं 21 किग्रा चावल) प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 05 किग्रा. खाद्यान्न (02 किग्रा. गेहूँ एवं 03 किग्रा चावल) का वितरण नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में किया जायेंगा। उन्होंने सभी उचित दर विक्रेताओं को भी निर्देशित किया है कि स्टाक का भौतिक सत्यापन कराने के उपरान्त ही निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण कार्डधारकों को करेंगें। वितरण दिवसों में उचित दर की दुकानों पर खाद्यान्न वितरण का कार्य प्रातः 6:00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक सुनिश्चित किया जायेंगा, वितरण के दौरान कोविड प्रोटोकाल का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जायेंगा। मोबाईल ओटीपी के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि 24 अप्रैल रहेंगी, पोर्टबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न वितरण की सुविधा उचित दर विक्रेता के स्टाक में उपलब्ध खाद्यान्न की सीमा तक होगी। उन्होंने राशन कार्डधारकों से अपील की है कि वे उचित दर विक्रेता को अपेक्षित सहयोग प्रदान कर कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए नियमानुसार आवश्यक वस्तुयें प्राप्त करें, उचित दर विक्रेता नियमानुसार निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण करना सुनिश्चित करेगें, किसी भी कार्डधारक को राशन प्राप्त करने में असुविधा होती है तो इसके लिए सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी पूर्ति निरीक्षक से सम्पर्क कर सकतें हैं। वितरण से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान के लिए मोबाइल नम्बर-जिला पूर्ति अधिकारी कौशाम्बी 7839564632, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मंझनपुर,चायल 7355395814, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सिराथू 7007172381, पूर्ति निरीक्षक चायल,नेवादा 9451572412, पूर्ति निरीक्षक सरसवां 9473957809, पूर्ति निरीक्षक कौशाम्बी 9473525538, पूर्ति निरीक्षक कडा 9161131301, पूर्ति निरीक्षक मंझनपुर 9451736687 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# बैंक में लगी आग, यंत्रों सहित एक लाख का हुआ नुकसान



घटनास्थल पर जुटी भीड़

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी थानांतर्गत मनौरी बाजार में स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया में मंगलवार सुबह सात बजे शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। बैंक से सुबह सात बजे धुआं निकलता देख लोग हैरान हो गए। ग्रामीणों ने आग की सूचना पिपरी थाना को दिया। मौके पर चायल चैकी इंचार्ज मनोज तोमर पुलिस बल के साथ पहुंचकर फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझाने का प्रयास किया।

बताना जरूरी होगा कि मंगलवार की सुबह लोग नींद से उठकर घरों से बाहर निकले तो देखा कि बैंक के अंदर से धुआं निकल रहा है। यह देख लोग हैरा हो गए। लोगों ने इसकी सूचना पर चायल चौकी पुलिस को दिया तो पुलिस अग्नि शमन यंत्र लेकर घटनास्थल पर पहुंची। हालांकि कर्मियों व ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं घटना के बाबत बैंक मैनेजर ने बताया कि दो कंप्यूटर और एक एसी और फर्नीचर सहित लगभग एक लाख का नुकसान हुआ है।

## घर में घुसकर दंपती को पीटा

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के मल्हीपुर गांव में दबंगों ने पड़ोसन के घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए दंपती को पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

मल्हीपुर गांव की पुष्पा देवी पत्नी सरवन का पड़ोसी से पुराना विवाद चल रहा है। इसी अदावत में कई बार दोनों परिवार के लोग आमने-सामने हो चुके हैं। पड़ोसी ने साथियों के साथ मिल घर में घुसकर तोड़फोड़ की। विरोध करने पर आरोपितों ने दंपती को पीट दिया। ग्रामीणों को देख आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल करते हुए आरोपित राधेश्याम, राममूरत समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ट्रक से भिड़ी स्कूली बस, चुटहिल हुए छात्र

**हादसा**

**सदर कोतवाली के पतौनी पुल के समीप हुआ हादसा**

**दारानगर, कौशाम्बी।** सदर कोतवाली अंतर्गत पतौना पुल के समीप मंगलवार को स्कूल वाहन व ट्रक में भिड़ंत हो गई। इस दौरान हादसे में स्कूल बस में सवार कई छात्र चुटहिल भी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने घायल छात्रों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। वहीं जानकारी मिलने पर छात्रों के परिजन अस्पताल पहुंच गए थे।

बताना जरूरी होगा कि जिले में बालू ओवर लोड वाहनों के फरार्टा भरने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इतना ही नहीं आए दिन बालू ओवर लोड वाहनों से कोइ न कोई हादसा होता रहता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह ओवर लोड वाहनों की गति तेज होती है और हो भी क्यों न क्योंकि कार्यवाही की डर से यह लोग जैसे ही सड़क पर पहुंचते हैं तो फिर इनकी स्पीड देखते बनती है। हालांकि यहां पर बताना जरूरी होगा कि ओवर लोड बालू वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया था, बावजूद इसके लिए जिले के अफसर इस ओर अनदेखी करते देखे जा रहे हैं इसका परिणाम होता है कि आए दिन कोई न कोई इनका शिकार होता है। मंगलवार को सदर कोतवाली के पतौना पुल के समीप स्कूल बस से ओवर लोड बालू लदी ट्रक टकरा गई। हादसे में कई छात्र चुटहिल बताए गए हैं। हालांकि सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। वहीं हादसे के बाद से छात्रों के अभिभावक व क्षेत्रीय बुद्धिजीवियों में प्रशासन के प्रति खासा आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ओवर लोड बालू लदे वाहनों पर शिकंजा कसे जाने की मांग किया है।



घटनास्थल पर मौजूद लोग

# पड़ोसी ने युवक को लाठी डंडे से पीटा, जख्मी

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बरौली गांव में पड़ोसी ने मोहल्ले के युवक को लाठी-डंडे से पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बरौली निवासी आशीष कुमार ने बताया कि पड़ोसी से उसका जमीन का विवाद चल रहा है। निमार्णाधीन मकान में दरवाजा लगाने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपित रमाकांत ने लाठी से युवक को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने घायल युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### किशोरी को भगा ले गया पड़ोसी युवक

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी रविवार की शाम घर से खेत की ओर जाने के बहाने निकली थी। इसके बाद किशोरी घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इस दौरान परिजनों को पता चला कि पड़ोसी गांव का युवक किशोरी को भगा ले गया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### खोरांव में नियमित सफाई न होने से फैली गंदगी

**कौशाम्बी।** सिराथू के खोरांव गांव में गंदगी का अंबार लगा है। आसपास के लोगों का कहना है कि सफाईकर्मी गांव नहीं आ रहा है। नाली में गंदगी के कारण घरों का गंदा पानी रास्ते में जमा रहता है। ऐसे में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने गांव में नियमित सफाई की मांग की है।

### चार जुआरियों को पकड़ा, भेजा जेल

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी की पुलिस ने गढ़वा गांव के समीप जुए की फड़ से चार जुआरियों को पकड़ा। पुलिस ने जुंए की फड से दो हजार रुपये नकदी के साथ ताश के पत्ते बरामद किया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए जुआरी अभिलाष, रामलखन, रामबाबू, लवकुश निवासी गढ़वा हैं। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए सभी को जेल भेज दिया है।

# नगर पंचायत के जिम्मेदारों से उपेक्षित दलित बस्ती के लोगों ने मिलकर बनाई सड़क

**अझुआ, कौशाम्बी।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नं एक भौतर रविदासनगर बस्ती को नगर पंचायत कार्यालय के अभिलेखों में तो मलिन बस्ती दर्ज किया गया लेकिन अभी तक बस्ती का विकास सिर्फ कागजो में ही हो रहा है। जबकी हकीकत कुछ और है। इस बस्ती के मुख्य मार्ग में गन्दा पानी का जलभराव हमेशा बना रहता है जिसकी शिकायत बस्ती के लोगो ने लिखित रूप से नगर पंचायत कार्यालय की थी, परन्तु उक्त समस्या से निपटने के लिए नगर प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नही उठाया गया। इस पर बस्ती के लोगो ने आपास में मिलकर गन्दगी से निजात पाने के लिए सीसी रोड की ढलाई करने लगे। देर रात तक बस्ती के लोग आपस मे मिल कर जलभराव वाले मार्ग को व्यवस्थित करने में लगे रहे।



सड़क का निर्माण करते लोग

लोगो की माने तो इस बस्ती की तरफ ना ही कभी नगर प्रशासन ने ध्यान दिया ना ही सफेदपोश। ऐसे में अपने उपेक्षित महसूस कर बस्ती के लोगों ने चंदा मिलाकर सीसी रोड बनाने का फैसला लिया। बहरहाल यहीं से अंदाजा लागया जा सकता है कि सरकार से आए धन को विकास कार्य में कितना लगाया जाता है।

## सदैव उपेक्षित रहा नगर की दलित बस्तियां

**अझुआ, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा निकाय चुनाव के समय दलितों की वोट तो सभी चाहते है, मगर उनकी समस्याओं से रूबरू होना कोई नही चाहता। अझुवा नगर पंचायत के वार्ड नं एक भौतर, वार्ड नं 2 अम्बेडकर नगर, वार्ड नं 3 शान्ति नगर की दलित बस्तियों की स्थित आज भी जस की तस है। ना तो जल निकासी की व्यवस्था है न ही पक्के मार्ग है। इन बस्तियों के लोगो ने इस बार के होने वाले चुनाव में जाल साज लोगो को वोट ना करने की रणनीति तय कर रहे हैं।

# शीतल शरबत का वितरण कर मनाई गई संत मलूकदास की 449 वीं जयंती

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के देवीगंज कस्बे में मंगलवार दोपहर को संत शिरोमणि बाबा मलूकदास जी महाराज की 449 वीं जयंती को बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शीतल शर्बत का वितरण किया गया। बाबा की अनुयायी दिल्ली निवासिनी रेनू सेठी व मंजू कोहली की प्रेरणा से संत शिरोमणि बाबा मलूकदास की 449 वीं जयंती पर राहगीरों व आमजन को शीतल शर्बत का वितरण कर उन्हें गर्मी में राहत पहुंचाई गयी। जयंती के अवसर पर बाबा के शिष्या रेनू सेठी व मंजू कोहली के सहयोग से उनके प्रतिनिध व बाबा के शिष्य गणेश केसरवानी ने संत बाबा मलूक दास व उनके शिष्य योगी नानक जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्वक उनकी आरती की साथ ही बाबा की पवित्र गुफा, समाधि पर भी माल्यार्पण कर पूजा आरती की गई। हालांकि देर शाम मंदिर को दीपों से सजाया गया। इतना ही नहीं बाबा के अनुयायीं द्वारा पिछले कई वर्षों से रेनू सेठी अपने परिवार व अन्य अनुयायियों द्वारा बाबा की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाती थी लेकिन किन्ही कारणों वश इस बार उनके ना आने के कारण उन्होंने अपने सहयोगियों द्वारा यहां की जयंती मनाई। इस बार वो अपने परिवार व सैकड़ो शिष्यों के साथ अपने दिल्ली निवास पर ही अखंड रामायण का पाठ कराकर बाबा की जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाया एवं विशाल भंडारे का आयोजन कर भक्तों में कड़ा के विश्वविख्यात संत मलूकदास बाबा का प्रसाद बांटा। सरबत वितरण के मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षक रणविजय निषाद, मोनू मोदनवाल, डोलू गौतम, संदीप सरोज, संतोष जायसवाल, गुलाब मौर्या आदि लोग मौजूद रहे।



देवीगंज कस्बे में राहगीरों को शर्बत पिलाते समाजसेवी

## मकान का किराया मांगने पर जान से मारने की धमकी

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के दरियापुर गुवारा निवासी वैभव ने बताया कि उसने अपना मकान मिथलेश व कमलेश निवासी नरवरपट्टी को किराए पर दिया था। मकान किराये पर देने से पहले दोनों के बीच एग्रीमेंट भी हुआ था। आरोप है कि वह किराया लेने के लिए पहुंचा तो आरोपितों ने एग्रीमेंट को फाड़ते हुए किराया देने से मना कर दिया। उसने विरोध किया तो आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी। थाने पहुंच पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# प्राथमिक शिक्षक संघ चुनाव में अरूण गोविल बने कौशाम्बी के अध्यक्ष

**चुनाव**

**ब्लाक स्तरीय का चुनाव सम्पन्न, अन्य ब्लाकों में भी हुआ चुनाव**

**कौशाम्बी।** जिले के कई कौशाम्बी, नेवादा सहित कई ब्लाकों में प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ। वहीं कौशाम्बी ब्लाक के चुनाव में अध्यक्ष पद के दावेदार अरूण गोविल विजयी हुए। इस दौरान उनके समर्थकों ने उन्हें फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया।

बता दें कि प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले होने वाले ब्लॉक स्तरीय चुनाव में कौशांबी ब्लॉक से अरुण गोविल सिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी धर्मेश कुमार मिश्र को 48 मतों से पराजित किया। उधर मंत्री पद के लिए इन्ही के पैनल से रामचंद्र ने अपने प्रतिद्वंदी फूलचंद्र को 76 मतों से पराजित किया। इस तरह से अध्यक्ष पद पर अरूण गोविल सिंह तो मंत्री पद में रामचंद्र विजयी घोषित किए। इसी तरह अन्य ब्लाकों में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। सभी विजयी लोगों को समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अरिमर्दन सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, अबरार अंसारी, ध्यान सिंह, रमेश सिंह आदि मौजदू रहे।



नवनिर्वाचित कौशाम्बी ब्लाक अध्यक्ष का स्वागत करते समर्थक

## संक्षेप

### 13 से 24 अप्रैल के बीच कार्ड धारकों को मिलेगा राशन : डीएसओ

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी ने बताया है कि अप्रैल माह का राशन 13 से 24 अप्रैल के बीच कार्ड धारकों को दिया जाएगा। राशन का निःशुल्क वितरण ई-पॉस मशीन के जरिए कोटेदारों द्वारा बांटने निर्देश दिया गया है। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। जिन कार्ड धारकों का आधार लिंक नहीं हो पाएगा उन्हें मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि 24 अप्रैल को खाद्यान्न मिलेगा। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। वितरण के सम्बन्ध में कोई भी शिकायत उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षकों, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी से सम्पर्क कर व टोल फ्री नम्बर, 1800-1800-150 एवं 1967 पर की जा सकती है।

# लालगंज में पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए सोलह तथा सभासद के लिए चालीस पर्चे बिके

**नामांकन पत्र**

**कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुए चुनावी दंगल को लेकर तहसील परिसर मे गहमागहमी का माहौल**



अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र खरीदते लोग

**लालगंज।** मंगलवार से लालगंज में नगर पंचायत चुनाव का दंगल सजने लगा दिखा। नामांकन के पहले ही दिन अध्यक्ष तथा सभासद पद के उम्मीदवारों ने उत्साहजनक माहौल मे पर्चे खरीदे। तहसील परिसर मे नामांकन पत्र को खरीदने और दाखिल करने के लिए अध्यक्ष एवं सभासद पदो के उम्मीदवारो के लिए अलग अलग कक्ष बनाया गया है। तहसील के प्रथम गेट पर भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच नाम निर्देशन कक्ष में पहुंचने के लिए बैरीकेटिंग भी की गयी है। एसडीएम उदयभान सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने भी नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के प्रबन्धों को खुद जायजा लेते दिखे। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि पर्चे की खरीद अथवा दाखिल करने के लिए इन कक्षो मे प्रत्याशी के साथ सीमित संख्या मे ही लोगों को अंदर जाने की अनुमति है। मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए पहले दिन सोलह पर्चे खरीदे गये। वहीं सभासद पद के लिए चालीस पर्चे भी बिक्री हुए। अध्यक्ष पद के लिए सबसे पहले पर्चे की खरीद के लिए निवर्तमान चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी के प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी पहुंचे। प्रतिनिधि ने अनीता द्विवेदी के नाम पर अध्यक्ष पद का नाम निर्देशन पत्र खरीदा। वहीं अध्यक्ष पद के लिए रागिनी कौशल, अफरोज बानो, किरन देवी, जावित्री, ममता दुबे, निशा तिवारी, पूजा कौशल, नफीसा बानो, अनीषा बानो समेत सोलह संभावित प्रत्याशियों के नाम भी पर्चे की खरीद हुई। वहीं सभासद के लिए तहसीलदार कोर्ट में पर्चो की बिक्री हुई। पहले दिन सभासद के विभिन्न वार्डो से चालीस दावेदारों के नाम पर्चे खरीदे गये। चेयरमैन पद पर निर्वाचन अधिकारी जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी पुनीत वर्मा ने बताया कि पहले दिन केवल संभावित उम्मीदवारों के नाम पर्चे लिए गये है। वहीं नाम निर्देशन प्रक्रिया की देखरेख मे लगे पशु चिकित्साधिकारी डा. धर्मेन्द्र ने बताया कि टाउन एरिया में अध्यक्ष पद महिला होने के कारण उम्मीदवारो से पर्चे के लिए प्रति नामांकन पत्र के एक सौ पचीस रुपए जमा कराए गए है। सभासद के लिए नामित निर्वाचन अधिकारी नरपति सिंह ने बताया कि चालीस पर्चे पहले ही दिन लिए गए हैं। तहसील परिसर मे नाम निर्देशन पत्रों की खरीद के लिए प्रत्याशियो के समर्थको को भी जमा देखा गया। चुनावी बिगुल के बजने के पहले ही दिन तहसील परिसर से लेकर बाहर चहल पहल का माहौल सरगर्मी मे दिखा।

# मेडिकल कालेज के मेडिसिन विभाग में मरीजों की भीड़



मेडिसिन विभाग में जमा मरीजों की भीड़

**प्रतापगढ़।** डा0 सोनेलाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज में मंगलवार को मेडिसिन विभाग के ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। जबकि अधिकतर डाक्टरों के चैम्बरों में एक भी मरीज नहीं दिखाई दिए। कुर्सी पर बैठ मरीजों का इन्तिजार करते रहे। मेडिकल कालेज का यह नजारा हर दिन का है। हाल में बनकर तैयार नवीन चिकित्सालय भवन में पिछले सप्ताह मरीजों को देखने का कम शुरू हुआ। पुराने स्थाई चिकित्सकों को सरकारी अस्पतालों में हस्तान्तरित कर दिये जाने से मरीज उन्हें ओपीडी में ढूँढ़ते हैं। जबकि संबंधित विभाग में नई नियुक्ति पाए डाक्टर ओपीडी कक्ष में बैठकर मरीजों का इन्तिजार करते हैं। मेडिसिन विभाग में सीनियर डाक्टर मनोज खत्री के पास हर दिन मरीजों की भारी भीड़ रहती है। नये उम्र के संविदा पर तैनात चिकित्सकों से मरीज इलाज कराना मुनासिब नहीं समझते हैं। संतुष्ट न होने पर प्राइवेट चिकित्सकों के पास इलाज कराने पहुंच रहे हैं।

# ज्योतिबा बाई फूले की जयंती पर महिलाओं के लिए उनके योगदान को गिनाया



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**प्रतापगढ़।** भाजपा कार्यालय पर मंगलवार को पिछड़ा मोर्चा के संयोजन में ज्योतिबा बाई फुले की जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि जिले सांसद, विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी व भाजपा जिलाध्यक्ष पिछड़े वर्ग को अपने पाले में लाने के लिए लोकलुभावन बातें कहीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वतंत्रता से जीने के लिए रूढ़िवादी विचारों वाले समाज में सुधार लाने के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले का विशेष योगदान रहा है। उस दौर में महिला विरोधी कुरीतियां फैली हुईं थीं। बाल विवाह, महिलाओं और विधवाओं का शोषण आम बात थी। लेकिन ज्योतिराव फुले ने महिला विरोधी कुरीतियों और शोषण के खिलाफ आवाज उठाई। 19वीं सदी के महान समाज सुधारकों में ज्योतिबा फुले का नाम शामिल हैं। जिन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व योगदान दिया। जीवन भर उन्होंने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने, बाल विवाह और विधवा विवाह के खिलाफ आवाज उठाई। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अजय वर्मा ने किया। इस मौके पर पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष उमाशंकर पटेल, भूपेश त्रिपाठी, अशोक सरोज, दिनेश दिन्नू, बीएल वर्मा, अमरनाथ शर्मा, मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ल, विजय पटेल, लल्लू श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने अधिकारियों संग बैठक कर चुनाव के संबंध में दिए स्पष्ट निर्देश



चुनाव को लेकर अधिकारियों संग बैठक करते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** नगरीय निकाय चुनाव को ठीक ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकरी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में अधिकारियों संग बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव से जुड़े अधिकारियों से कहा कि जनपद में एक नगर पालिका परिषद एवं 18 नगर पंचायतों में चुनाव सम्पन्न कराया जाना है। उन्होने कहा कि दिनांक 11 से 21 अप्रैल के बीच चुनाव संबंधी सभी कार्य निपटाए जाने हैं। 04 मई को मतदान तथा 13 मई को मतगणना की जायेगी। उन्होंने सभी आर0ओ0 एवं उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि समस्त प्रक्रिया को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न करायें। सभी आर0ओ0 अपने नामांकन स्थलों पर सुबह 11 बजे से मौजूद रहेगे। जो आर0ओ0 नामांकन स्थलों पर उपस्थित नहीं रहेगें उन्हें अनुपस्थित मान लिया जायेगा और उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। छुट्टी के दिनों में भी नामांकन किया जायेगा। प्रत्याशियों हेतु प्रचार वाहन की अनुमति आर0ओ0 द्वारा ही निर्गत की जायेगी। नगर पालिका एवं नगर पंचायतों हेतु निर्धारित किये गये निर्वाचन व्यय की सीमा का भी अनुपालन कराया जाये। डीएम ने कहा कि जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है जिसका कड़ाई से पालन कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा सहित सभी आर0ओ0, उपजिलाधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या की आरोपी महिला गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** बाघराय पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में फरार चल रही आरोपी महिला को मंगलवार को थाना क्षेत्र के बिहार मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला पर थाने में दहेज हत्या समेत संगीन धाराओं में अपराध दर्ज था। आरोपी महिला शान्ति देवी पत्नी कल्लू सरोज निवासी फतूहाबाद थाना महेशगंज पर अपनी बहू को मारने का अरोप था। पुलिस मृतका के अन्य परिजनों को पहले ही जेल भेज चुकी है।

## बिना अनुमति मुख्यालय ना छोड़ें अधिकारी : डीएम

**प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने चुनाव से जुड़े अधिकारियों से कहा है कि वगैर पूर्व अनुमति के मुख्यालय कदापि न छोड़ें। चुनाव के संपन्न होने तक निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग करें। अतिआवश्यक होने पर आयोग की पूवार्नुमति प्राप्त करने के निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी ने समस्त जिला, तहसील, ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने मुख्यालय पर बने रहेगें। कोई भी अधिकारी मुख्यालय से बाहर नहीं जाएगा। उसे हर समय मुख्यालय पर रहना होगा। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने छुट्टी के दिनों में भी कार्य किये जाने के निर्देश दिए है।

# वार्षिक खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



सम्मानित खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण

**प्रतापगढ़।** नगर के एमडीपीजी कॉलेज की वार्षिक खेल प्रतियोगिता का मगंलवार को समापन हो गया। दो दिनों तक चली प्रतियोगिता के महिला वर्ग में स्वाती पांडे एवं पुरुष वर्ग में जियाउल हक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किए गए। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ जगदीश चंद्र मिश्र एवं जिला सहकारी बैंक की पूर्व अध्यक्ष सिंधुजा मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने अतिथियों का स्वागत एवं क्रीड़ा प्रभारी प्रो0 प्रदीप कुमार सिंह ने आभार ज्ञापित किया। 400 मीटर दौड़ में नीरज कुमार प्रथम महताब आलम द्वितीय पर रहे। लंबी कूद में महिला वर्ग में स्वाती पांडे प्रथम, काजल द्वितीय पर रहीं। गोला फेंक में स्वाती पांडे प्रथम, रूबी प्रजापति ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक पुरुष वर्ग में जियाउल प्रथम, महताब ने द्वितीय स्थान हासिल किया। ऊंची कूद पुरुष वर्ग में महताब आलम को प्रथम स्थान मिला जबकि उत्कर्ष तिवारी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। लंबी कूद में जियाउल हक प्रथम, महताब दूसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में काजल को प्रथम, खुशी मिश्रा को द्वितीय एवं सौम्या चैधरी को तृतीय स्थान मिला। 200 मीटर दौड़ महिला वर्ग में स्वाती पांडे को प्रथम, पूजा यादव द्वितीय एवं रूबी प्रजापति तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ महिला वर्ग में साक्षी पाल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जबकि काजल द्वितीय एवं रूबी प्रजापति तीसरे स्थान पर रही। 200 मीटर पुरुष वर्ग की दौड़ में जियाउल हक को प्रथम नीरज सरोज को दूसरा स्थान मिला। 100 मीटर पुरुष वर्ग में जियाउल हक को प्रथम, नीरज कुमार को द्वितीय एवं महताब को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम में जन सूचनाधिकारी डॉ छवि नारायण पांडे, प्रो पीयूष कांत शर्मा, प्रो रमेश चंद्र शुक्ल, प्रो मायाशंकर कौशल, प्रो संतोष पांडे, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ अनीष द्विवेदी, डॉ रेखा मिश्रा,डॉ मनीष सिंह, डॉ डी के पांडे, डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## तमंचे समेत चोरी की बाइक के साथ धराया आरोपी गया जेल

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक समेत आरोपी को मय असलहा धर दबोचने मे सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल के निर्देश पर दरोगा अनीस यादव की टीम घुइसरनाथ रोड पर वाहनों की चेकिंग का अभियान चला रही थी। इस बीच एक बाइक सवार पुलिस को देख तेज गति से भागने लगा। शंका होने पर पुलिस ने दौडाकर उसे पकडा तो उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया। आरोपी बाइक के कागजात भी नही दिखा सका। बाइक पर अंकित नंबर भी पुलिस की जांच पडताल मे फर्जी निकला। आरोपी ने नंबर प्लेट बदलकर धोखाधडी व जालसाजी से पुलिस को चकमा देने का प्रयास किया। दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने पकडे गये आरोपी लालगंज के बलीपुर कटरा निवासी शीतला प्रसाद वर्मा के पुत्र रोहित वर्मा के खिलाफ जालसाजी व धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। एक तमंचा तथा एक कारतूस की बरामदगी को लेकर पुलिस ने मुकदमे मे आर्म्स एक्ट भी लगाया है। दोपहर बाद आरोपी को जेल भेज दिया।

# सीडीओ ने गांव के विकास कार्यों का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश



निरीक्षण के दौरान निर्देश देतीं सीडीओ ईशा प्रिया

**प्रतापगढ़।** सीडीओ ईशा प्रिया ने मंगलवार को लक्ष्मणपुर ब्लाक के हण्डौर गांव में विकास कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने गांव में कूडा घर तथा तालाब का गहन अवलोकन किया। गांव के दुनिया सिंह का पुरवा में निर्मित तालाब को मॉडल तालाब के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये। तालाब के किनारों पर मनरेगा योजना से पौधरोपण के लिए जिम्मेदारों से कहा। गांव की पौराणिक महत्ता को लेकर सीडीओ ने यहां हिडिम्बा जन्मस्थली को भी विकसित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण में कूडा घर की दीवारों पर स्वच्छता के स्लोगन देख ग्राम प्रधान नीतेश सिंह वीरू की सराहना की। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी लक्ष्मणपुर शैलेन्द्र सिंह ने गांव में संचालित अन्य विकास योजनाओं की प्रगति से सीडीओ को अवगत कराया। उन्होनें खण्ड विकास अधिकारी को पूरे ब्लाक में विकास से जुडी योजनाओं को समयबद्ध पूरा कराए जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्रभारी एडीओ पंचायत ज्ञानप्रकाश, ग्राम पंचायत अधिकारी अरविंद यादव, रोजगार सेवक अजय तिवारी, अधिवक्ता देवी प्रसाद मिश्र, राजू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# टीम ने कोरोना को लेकर किया माकड्रिल



माकड्रिल करती टीम

**प्रतापगढ़।** राजा प्रताप बहादुर मेडिकल कालेज संबद्ध डा0 सोनेलाल राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में मंगलवार को बढ़ते कोरोना की आंशका को लेकर डब्लूएचओ की टीम ने माकड्रिल किया। टीम के सदस्यों ने कालेज परिसर में घूमकर निरीक्षण किया। कोरोना जॉच की व्यवस्था व कोरोना के मरीज बढ़ने पर मरीजों की भर्ती के लिए वार्ड को चिन्हित किया। देश में व प्रदेश में बढ़ते कोरोना मरीजों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में तैयारियॉ तेज की हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्यों ने अस्पताल के अधिकारियों को कोरोना से निपटने के लिए वार्डों का निरीक्षण कर गाइड लाइन जारी किया है।

## नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म की घटना में सुनाई आजीवन कारावास व अर्थदण्ड की सजा

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने नाबालिग के अपहरण, दुष्कर्म, तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में आजीवन कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।आरोपी अमन उर्फ प्रीत निवासी सरसीखाम थाना कन्धई को दोषी पाते हुए मंगलवार को सजा मुकर्रर की। अर्थदंड की राशि पीड़िता को उसके चिकित्सीय एवं मानसिक आघात की पूर्ति तथा पुनर्वास हेतु दिया जाएगा। वादी मुकदमा के अनुसार वह अनुसूचित जाति की महिला है। मेहनत मजदूरी करके गुजर-बसर करती है। घटना 22 सितंबर 2020 समय लगभग साढे ग्यारह बजे उसकी पुत्री 7 वर्षीय पीडिता घर पर अकेली थी। अमन वर्मा उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर बुलाया और कहा चलो तुमको कुछ खाने के लिए खरीदते हैं। इसी बहाने में वह उसे बगल के कल्लू सरोज के लैट्रिन में ले गया और उसके साथ जबरन बुरा काम किया। धमकी दी कि यदि किसी से बताओगी तो तुम्हें और तुम्हारे परिवार वालों को जान से खत्म कर देंगे। पीड़िता ने डर वस घर में किसी को नहीं बताया। 30 सितंबर की रात पीडिता के पेट व सीने में काफी दर्द हो रहा था। जिस पर वादिनी ने पीड़िता से पूछा तो उसने रो-रोकर बताया कि अमन वर्मा ने मेरे साथ जबरन गलत काम किया है। राज्य की ओर से पीडिता की मां वादी मुकदमा ,पीड़िता, डॉक्टर, प्रधानाचार्य तथा विवेचक को साक्ष्य में प्रस्तुत कराया गया। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक प्रदीप कुमार पांडेय ने किया।

# पट्टी बार एसोसिएशन के चुनाव में पहले दिन खरीदे गए 14 नामांकन



नामांकन पत्र खरीदते लोग

**पट्टी।** बार एसोसिएशन पट्टी के चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई है। मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। चुनाव आगामी 24 अप्रैल को संपन्न होना है। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि मंगलवार को नामांकन के पहले दिन कुल 14 नामांकन पत्र खरीदे गए, जिनमें से 5 नामांकन पत्र दाखिल कर दिये गये। नामांकन पत्र खरीदने वालों में अध्यक्ष पद के लिए बार एसोसिएशन पट्टी के पूर्व अध्यक्ष राधारमण मिश्रा, कुंवर प्रताप सिंह ने पर्चा खरीदा वही महामंत्री के पद पर अनिल सिंह, मनोज कुमार मिश्रा व शैलेंद्र कुमार तिवारी ने नामांकन पत्र खरीदा है। सहमंत्री के पद पर महेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष के पद पर श्रीराम वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर शिव शंकर सिंह, विजय कुमार श्रीवास्तव ने नामांकन पत्र खरीदा है। जबकि लाइब्रेरियन के पद पर सचिन कुमार सिंह, प्रकाशन मंत्री के पद पर वरुण कुमार सिंह, प्रशासनिक के पद पर मनीष तिवारी ने नामांकन पत्र खरीदा है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए राधारमण मिश्र व कुंवर प्रशांत सिंह प्रभात सिंह ने जहां नामांकन पत्र दाखिल किया वहीं श्रीराम वर्मा कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र अरविंद श्रीवास्तव ने महामंत्री के पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद अपने पक्ष में मतदान के लिए अधिवक्ता अपने साथी अधिवक्ताओं से मुलाकात करते हुए दिखे।



विदाई समारोह में उपस्थित लोग

# विदाई समारोह में नम हुई आंखें

**प्रतापगढ़।** शहर के केपी हिंदू इंटर कॉलेज में शिक्षक संजय खरे एवं रविंद्र प्रताप सिंह के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने रिटायर हुए शिक्षकों की सराहना की। इसके पूर्व विद्यालय में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। दोनों अध्यापकों को माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देते हुए सम्मानित किया। विदाई के क्षण वक्तव्यों से शिक्षकों की आंखें नम थी। इस मौके पर रविंद्र सिंह, राकेश कुमार, चंद्रेश बहादुर सिंह ध्रुव, हर्ष देव सिंह, सुधाकर प्रताप सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह आदि ने अपने अनुभव साझा किये। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के सेवानिवृत्त अध्यापक रंग बहादुर सिंह भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने कई वर्षों तक साथ रहे शिक्षकों के अविस्मरणीय पलों को याद कर भावुक हो गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 दिनेश कुमार द्विवेदी ने किया इस अवसर पर सभी अध्यापक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# भ्रष्टाचारियों के खिलाफ

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**



पिछले दिनों दो मौकों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर बड़ा हमला बोला। पहला अवसर था भाजपा के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार का कार्यक्रम और दूसरा केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की 60वीं सालगिरह। दोनों मौकों पर प्रधानमंत्री ने बिना किसी लाग लपेट के भ्रष्टाचार की सर्जरी करने में संकोच नहीं किया। प्रधानमंत्री ने सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को हरी झंडी दे दी है कि भ्रष्ट लोगों के खिलाफ जांच और कार्रवाई रुकनी नहीं चाहिए। भ्रष्टाचार का इकोसिस्टम 300 दिन में खत्म करना है। विपक्ष यह आरोप लगाता रहा है कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई का मकसद विपक्ष को डराना और सत्ता हासिल करना रहा है। लेकिन यह आरोप पूरी तरह सही नहीं है। केंद्र सरकार ने राजनीति सहित अनेक क्षेत्रों में भ्रष्ट लोगों पर कार्रवाई की है। इसकी शुरूआत केंद्र सरकार के प्रशासन में जड़ें जमाए भ्रष्ट अधिकारियों को जबरन रिटायर करके की गई थी। बाद में गैर-राजनीतिक दूसरे क्षेत्रों में भी इसी तरह की कार्रवाई की गई है।

प्रधानमंत्री ने अपने ताजा संबोधनों में किसी भ्रष्टचारी का नाम नहीं लिया लेकिन जिनके बारे में वो बोल रहे थे, वहां तक साफ संदेश पहुंच गया है। और जिस तरह भ्रष्ट नेता और प्रभावशाली लोग जांच एजेंसियों को धमकाने और अपनी सत्ता आने पर अंजाम भुगतने की बातें कर रहे थे, उनका तक भी ये मैसेज पहुंच गया है कि एजेंसियों की कार्रवाई रूकने वाली नहीं है। चूंकि प्रधानमंत्री ने एजेंसियों का एक तरह से संदेश दे दिया है कि सरकार उनके साथ है। ऐसे में एजेंसियां बिना किसी भय, दबाव या धमकी के अपनी कार्रवाई को अंजाम देंगी।

सीबीआई की 60वीं सालगिरह के अवसर पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह आह्वान किया है, लेकिन भ्रष्टाचार का समग्रता में नाश करना है, यह उनका मन्तव्य रहा है। प्रतिक्रिया में विपक्ष का चिलचिलाना स्वाभाविक है, क्योंकि जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं या आरोप-पत्र अदालत में दाखिल किए जा चुके हैं अथवा न्यायाधीशों ने आरोप भी तय कर दिए हैं या जो राजनेता जेल की सलाखों के पीछे हैं, वे कमोबेश 2024 के चुनाव तक 'मुक्त' नहीं हो सकेंगे, लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ आक्रामक होकर चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। कुछ केस ऐसे भी संभव हैं कि उन्हें 2 साल या अधिक की सजा हो और वे चुनाव के अयोग्य ही करार दे दिए जाएं। प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार को सामान्य अपराध नहीं मानते और सीबीआई को सत्य और न्याय का 'ब्रांड' मानते हैं, लिहाजा जांच एजेंसियों की जिम्मेदारी ज्यादा मान रहे हैं। कांग्रेस, एनसीपी, तृणमूल, बीआरएस, द्रमुक, शिवसेना (उद्धव गुट) और 'आप' आदि विपक्षी दलों के नेता जेल में हैं या भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी के कालखंड के दौरान 124 नेता सीबीआई के शिकंजे में फंस चुके हैं।

प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों जो संदेश जांच एजेंसियों को दिए उनका निहितार्थ यह है कि जिनके खिलाफ सीबीआई के केस चल रहे हैं, वे बहुत ताकतवर लोग हैं और संस्थाओं की छवि भी बिगाडने का काम करेंगे, लेकिन हमें भ्रष्टाचार को समाप्त करना है। आपका फोकस भी आपके काम पर होना चाहिए। भ्रष्टाचार गरीब के हक छीनता है। प्रतिभाएं बलि चढ़ जाती हैं। भ्रष्टाचार भाई-भतीजावाद और परिवारवाद को पैदा करता है। भ्रष्टाचार न्याय और लोकतंत्र के रास्ते का सबसे बड़ा रोड़ा है। भ्रष्टाचार की कार्रवाई किसी भी बड़े व्यक्ति के खिलाफ हो, आपको उसे अंजाम देना है। भ्रष्टाचार के खिलाफ यह देश की इच्छा है और कानून तथा संविधान आपके साथ हैं। आपको डरना और हिचकिचाना नहीं है। ताकतवर लोग सालों-साल सत्ता में रहे हैं और सिस्टम का हिस्सा भी रहे हैं, आज भी कुछ राज्यों में वे सत्ता में हो सकते हैं, लिहाजा वे इस भ्रष्ट इकोसिस्टम के हिस्सा रहे हैं। अब यह सीबीआई की जिम्मेदारी है, क्योंकि उसमें जनता का विश्वास बढ़ा है। जांच एजेंसियों के नाम कई उपलब्धियां हैं। प्रधानमंत्री के इस संबोधन और आह्वान से स्पष्ट है कि अभी सीबीआई, ईडी आदि के छापे बढ़ेंगे, संपत्तियां जब्त की जाएंगी और संभव है कि प्रधानमंत्री ने 2024 का आम चुनाव भ्रष्टाचार के प्रमुख मुद्दे पर लडना तय कर लिया है!

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की साल 2005 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में सार्वजनिक कार्यालय से काम कराने के लिए भारत के 62 फीसदी लोगों को रिश्वत देने का अनुभव है। भ्रष्टाचार के कम जोखिम और अधिक इनाम वाली गतिविधि बनने का मुख्य कारण है, अब तक बहुत कम लोगों को भ्रष्टाचार के लिए सजा मिल पाना। आपराधिक न्याय प्रणाली ने शिकायत करने वाले की कम और भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी की अधिक सुनी है। फैसले आने में देरी के कारण आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी तरह से ठप्प हो गई है। भ्रष्टाचार के कारण भारत को अपनी कुल जीडीपी का डेढ़ से दो फीसदी का नुकसान उठाना पड़ता है।

जांच एजेंसियों ने 2014-22 के दौरान 1.10 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की हैं, जबकि 2004-14 के दौरान कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार में यह आंकड़ा 5346 करोड़ रुपए था। कई गुना का फासला है। स्पष्ट है कि जांच एजेंसियों ने ज्यादा छापे मारे हैं और ज्यादा संपत्तियां जब्त की हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को खुलासा किया है कि करीब 2.25 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए गए हैं और लाभार्थियों को सीधा लाभ मिल रहा है। इसमें जन-धन खातों, आधार और मोबाइल का बहुत बड़ा योगदान है। सरकार ने 8 करोड़ से ज्यादा फर्जी लाभार्थियों के नाम सिस्टम से मिटा दिए हैं। यह भी भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक कार्रवाई है।

देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई बहुत समय से चली आ रही है। यह परिणाम तक कब पहुंचेगी कह पाना कठिन है। पिछले दिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की है। बहरहाल, यह टिप्पणी कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रधान सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ आय के ज्ञात स्त्रोत से अधिक संपत्ति के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के उच्च अदालत के फैसले को रद्द करते हुए की है। अदालत ने कहा कि संविधान के तहत स्थापित अदालतों का देश के लोगों के प्रति कर्तव्य है कि वे दिखाएं कि भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। साथ ही वे अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी करें।

प्रधानमंत्री मोदी की पूरी राजनीतिक जीवन यात्रा को ध्यान से देखें तो उन्होंने हर जगह भ्रष्टाचार को समाप्त करने और संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत करने का काम किया है। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए भी उन्होंने राज्य से भ्रष्टाचार समाप्त कर राज्य को विकास की दौड़ में सबसे आगे पहुंचाया। उनकी यह सोच आज प्रधानमंत्री बनने के बाद भी जारी है। बेशक सीबीआई, ईडी के दुरुपयोग को लेकर विपक्ष ने, मोदी सरकार के खिलाफ, एक सुनियोजित अभियान जारी रखा है, उसके बावजूद प्रधानमंत्री ने जांच एजेंसियों को 'हरी झंडी' दी है कि जांच और कार्रवाई ठंडी नहीं पडनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने यह आंकड़ा भी देश के सामने रखा कि कुछ भगोड़े अपराधियों की 20,000 करोड़ रुपए की संपत्तियां कानूनन जब्त की जा चुकी हैं। वर्ष 2022 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों के सहयोग से 2047 तक भारत को एक 'विकसित और वैभवशाली राष्ट्र' बनाने का संकल्प लिया था। और इसमें कोई दो राय नहीं है कि भ्रष्टाचार को खत्म किए बिना यह संकल्प पूरा नहीं किया जा सकता, लिहाजा भ्रष्टाचार पर हमले की पीएम मोदी की बात और जांच एजेंसियों का उनके संदेश को इसी संदर्भ में लिया जाना चाहिए।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क-99 3624 7777)**

# भारत में नारीवाद और कस्तूरबा गांधी

## प्रसंगवश

**डॉ. चित्रा माली**



भारत में नारीवाद की दूसरी लहर 1915 से 1947 तक है जो अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है । इस लहर के दौरान महिलाओं में सामाजिक,राजनीतिक चेतना और जागृति के साथ साथ राष्ट्रवाद और स्वाधीनता आंदोलन के लिए समर्पण को भी देखा जा सकता है । यही समय गांधी के दक्षिण अफ्रीका से भारत वापसी का भी है । गांधी ने उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता को इसलिए भी सुनिश्चित किया कि वे अमेरिकी पत्रकार कैथरीन मेयो की पुस्तक ₹मदर इंडिया₹ का प्रतिकार करना चाहते थे । कैथरीन मेयो ने अपनी किताब ₹मदर इंडिया₹ में यह दिखाने की कोशिश की थी कि जिस देश में महिलाओं की स्थिति इतनी खराब हो,उसकी जनता को स्व-शासन मांगने का कोई अधिकार नहीं है । उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन के साथ सक्रिय नारीवादी संगठनों ने कैथरीन मेयो के इन आरोपों पर लीपापोती करने के बजाय इस अवसर का लाभ उठाते हुए स्त्री-मुक्ति व स्त्री-प्रश्नों पर ध्यान केंद्रित किया । इन्हीं प्रयासों के फलस्वरूप 'शारदा एक्ट' (बाल विवाह निषेध अधिनियम) पारित किया गया । कैथरीन मेयो की आलोचना का असर यह हुआ कि कई परंपरावादीयों को भी 'शारदा एक्ट' का समर्थन करना पड़ गया। हालांकि शारदा एक्ट भी एक सीमित सुधार था लेकिन भारतीय नारीवाद द्वारा भविष्य में अपनायी जाने वाली रणनीति की रूपरेखा का निर्माण इससे हो गया था । इस रणनीति की पहली सुव्यवस्थित अभिव्यक्ति उस समय दिखाई दी जब भारतीय नारीवादियों और उनके संगठनों ने अपनी सक्रियता से राष्ट्रवाद पर दबाव बनाने में कामयाबी हासिल की । बाल विवाह निषेध अधिनियम के साथ विवाह एवं सम्पत्ति से संबंधित हिंदू महिलाओं के लिए संपत्ति एवं हिंदू कानून पास किए गए तथा मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरियत),विनियोग अधिनियम -1937, मुस्लिम विवाह विच्छेद अधिनियम -1939 भी पारित किए गए । समूचे भारत के महिला संगठनों और समूहों ने एक साथ मिलकर महिला शिक्षा,कामगार महिलाओं के लिए बेहतर जीविकोपार्जन और महिलाओं से संबंधित नीतियों के निर्माण पर जोर दिया। गांधी जी के नेतृत्व में 'ऑल इंडिया वूमन कॉफ्रेंस' भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़ी । इस लहर ने भारतीय महिलाओं को घर की दहलीज से निकाल कर सार्वजनिक सरोकारों से भी जोड़ दिया । भारतीय उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता के लिए कहा जाता रहा है कि आंदोलन से जुड़ी महिलाएं पुरुष नेताओं के परिवारों से संबंधित थीं । उनकी पत्नी,बहन या बेटी के तौर पर इन महिलाओं को राजनीति में आगे आने का अवसर प्राप्त हुआ । 1922 के कांग्रेस अधिवेशन में 16 महिलाओं ने सहभागिता की जिनमें से नौ महिलाएं कांग्रेस के स्थापित नेताओं के परिवार की थी । इसके अतिरिक्त वे महिलाएं भी इस अधिवेशन में शामिल हुई जिनकी कोई राजनीतिक पृष्टभूमि नहीं थी इनमें पंडिता रमाबाई,ऐनी बेसेंट,सरोजनी नायडू,कमला देवी चटोपाध्याय, दुगाबाई देशमुख, लक्ष्मी सहगल,संतोष कुमारी देवी ,मीरा बहन आदि महिलाओं का उल्लेख किया जा सकता है । राजनीतिक पृष्ठभूमि से संबंधित महिलाओं में कस्तूरबा गांधी,कमला नेहरू, विजय लक्ष्मी पंडित,प्रभावती देवी और सुचेता कृपलानी,सरला देवी चौधरानी और रूटी जिन्ना को शामिल किया जा सकता है । इसके पूर्व 1890 में कांग्रेस अधिवेशन में स्वर्णकुमारी घोषाल और कादम्बरी गांगुली ने प्रतिनिधि के रूप में हिस्सा लिया था । 1905 में बंगाल विभाजन के विरुद्ध छेड़े गए आंदोलन में भी महिलाओं की संख्या और सहभागिता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है । भारतीय उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में सक्रिय या कहें अग्रणी नेता महात्मा गांधी की अर्धांगिनी के साथ साथ सहधर्मिणी के रूप में कस्तूरबा ने सार्वजनिक जीवन में भाग लेने का निर्णय स्वयं लिया था । गांधी और कपाड़िया परिवार से कस्तूर वह पहली महिला थी जो विदेश अपने पति के साथ गई है लेकिन विदेश की जमीन पर पैर रखते ही कस्तूर को विपदाओं ने घेर लिया था । भारत में गांधी के द्वारा बांटे गए 'ग्रीन पेम्पलेट' के कारण दक्षिण अफ्रीका के गोरों का गुस्सा अपने चरम पर था जो कुछ भी कर गुजरने को आमदा थे और कस्तूर इन सभी बातों से डरी सहमी थी । गांधी कस्तूर को बार बार समझाने की कोशिश कर रहे थे कि ₹मैं सत्य के साथ हूं और उसके लिए अंतिम सांस तक लडूंगा,ईश्वर पर भरोसा रखो₹। लेकिन कस्तूर के आंसू थमने का नाम ही नहीं ले रहे थे । एक अनजान देश में जहां की भाषा,संस्कृति,परंपरा अचार विचार,तौर तरीके सभी भिन्न है वहां के समाज से तारतम्य बना पाना कस्तूर के लिए सहज नहीं था लेकिन वो अपने पति के साथ और साहचर्य के लिए इस देश में बसने का प्रयास करती है । कस्तूर की शैक्षणिक स्थिति के लिए गांधी अपने आप को जिम्मेदार मानते है वे कहते हैं कि ₹कस्तूर को खुद पढ़ाने के प्रयास में उनकी प्रबल कामवासना आड़े आ जाती थी₹। कस्तूर की स्थिति मुश्किल से पत्र लिख सकने और साधारण गुजराती समझने भर की थी । लेकिन इन सब बाधाओं के बावजूद भी दक्षिण अफ्रीका में कस्तूर एक सत्याग्रही के तौर पर जेल जाने वाली पहली महिला थी । वैश्विक स्तर पर नारीवाद की पहली लहर 1792 से 1963 तक मानी जाती है जिसमें ब्रिटिश नारीवादी मैरी वोल्स्टोनक्राफ्ट की किताब ₹ए विंडीकेशन ऑफ राइट्स ऑफ वूमन₹ आई । जिसमें महिलाओं के अधिकारों और मुद्दों पर चर्चा की गई है । इन्हें नारीवाद की ₹दादी मां₹ भी कहा जाता है । नारीवाद की पहली लहर ने महिलाओं के लिए एक अलग राजनीतिक पहचान बनाई और महिलाओं के कानूनी अधिकारों,मताधिकार के लिए संघर्ष, महिला सुरक्षा कानून और राजनीतिक,सामाजिक और सांस्कृतिक असमानताओं से लड़ने पर ध्यान केंद्रित किया था ।

कस्तूरबा के दक्षिण अफ्रीका में किए गए सत्याग्रह के प्रयासों को नारीवाद की पहली लहर के तौर पर देखा जा सकता है । दक्षिण अफ्रीका में जिस दिन गांधी को जेल में ले जाया गया उस दिन डरबन की वेस्ट स्ट्रीट से सटी मस्जिद की बगल में भारतीयों की एक विशाल सभा हुई । जिसमें वक्ता के तौर पर रुस्तम जी,हासिम जूमा और डॉ. नानजी थे,पहले दो वक्ताओं ने गांधी के समर्पण की तारीफ की और सहानुभूति प्रकट की जबकि डॉ.नानजी ने कहा कि ₹गांधी के प्रति सहानुभूति दर्शाने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि अपने बलिदान की वजह से उन्होंने अपने लिए एक बड़ा नाम पैदा कर लिया है और पूरी दुनिया में मशहूर हो गए हैं । उन्होंने आगे कहा कि अगर किसी के प्रति सहानुभूति प्रकट करनी है तो ये सहानुभूति श्रीमती गांधी के प्रति की जा सकती है जो इस तकलीफ की घड़ी को बर्दाश्त कर रही हैं₹। उस सभा में आम सहमति से कस्तूरबा गांधी को एक पत्र लिखा गया जिसमें मिस्टर गांधी द्वारा भारतीय नागरिक के लिए किए गए बलिदान के लिए उन्हें और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई । गांधी की गिरफ्तारी के पहले दिन कस्तूरबा को अड़तालीस ऐसे टेलीग्राम मिले जिनमें से एक में यह कामना की गई कि ₹भारत वर्ष ऐसे कई और गांधियों को पैदा करे₹। इंडियन ओपिनियन ने दर्ज किया कि इन पत्रों में 'सहानुभूति की भावना के बजाए बधाई की भावना को ही मजबूती से व्यक्त किया गया है'। गांधी दक्षिण अफ्रीका में सार्वजनिक और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर प्रयोग कर रहे थे जिसकी साक्षी कस्तूर थी । गांधी लगातार टॉलस्टॉय से प्रभावित हो उनका अनुसरण अपने जीवन में करते जा रहे थे । गांधी और टॉलस्टॉय में कुछ समानताएं भी थी । वे दोनों ही बहुत अच्छे पिता नहीं थे और बहुत आदर्श पति भी नहीं थे । गांधी के ब्रह्मचर्य व्रत या कहे एकतरफा यौनसंबंध के परित्याग की अधिक आलोचना होती रहती है लेकिन कस्तूर गांधी के ब्रह्मचर्य के फैसले से विचलित नहीं थी चिंतित अवश्य थी । गांधी के इन व्रतों का कहीं विस्तार न हो जाए और वे परिवार और बच्चों से भी दूर होते चले जाएं । कस्तूर गांधी से शारीरिक रूप से दूर रहने से शायद असहज नहीं थी,बल्कि उनकी चिंता मानसिक और भावनात्मक दूरी की अधिक थी । कस्तूर अपने पति और बड़े बेटे हरिलाल के संबंधों को लेकर अधिक चिंतित थी क्योंकि उनके बीच पिता पुत्र के सामान्य संबंध नहीं थे । हरिलाल के विद्रोही स्वभाव को वह पिता का सान्निध्य न मिल पाना और पिता के प्रेम से वंचित होने को मानती थी । गांधी ने 28 दिसंबर 1905 को हरिलाल को पत्र लिखा जिसमें उन्होंने लिखा कि वो उन्हें लगातार पत्र न लिखे जाने से असंतुष्ट हैं । जब भी वह किसी दूसरे से खबर पाते हैं तो 'उसमें तुम्हारे क्रियाकलापों के बारे में आलोचना होती है'। गांधी ने शिकायत की कि 'अपने माता -पिता के प्रति तुम्हारे आचरण से उनके प्रति तुम्हारा कोई प्रेम नहीं झलकता है'। हरिलाल और चंचल के प्रेम प्रसंग ने भी पिता - पुत्र के संबंधों को और खराब किया । गांधी के भाई लक्ष्मीदास ने हरिलाल और चंचल की शादी 2 मई 1906 को करवा दी । गांधी को जब यह बात पता चली तो उन्होंने अपने भाई को पत्र लिखा 'ये अच्छा है कि हरिलाल का विवाह हो गया,न भी होता तो भी अच्छा होता क्योंकि मैंने अपने बेटे के तौर पर हरिलाल के बारे में सोचना बंद कर दिया है' । पिता पुत्र के संबंधों की धुरी कस्तूर थी । मां के रूप में शायद वह हरिलाल की गलतियों को माफ करने में ज्यादा उदार थी लेकिन उन्होंने यह भी देखा कि गांधी का व्यवहार भी बहुत सरल सहज नहीं था कभी वे हरिलाल के प्रति काफी उपेक्षा का भाव रखते तो कभी उस पर हावी होने का प्रयास करते हैं । पिता पुत्र की सुलह करवाने की कोशिश कस्तूर लगातार करती रही । गांधी लगातार सार्वजनिक जीवन को आत्मसात करते जा रहे थे और उनके लिए परिवार व व्यक्तिगत हित गौण होते जा रहे थे जबकि कस्तूर सार्वजनिक जीवन के साथ साथ अपने पारिवारिक जीवन में भी तारतम्य स्थापित कर जीवनयापन कर रही थी । नारीवाद की दूसरी लहर के संदर्भ में अगर कस्तूर द्वारा किए गए प्रयासों देखें तो कहीं न कहीं उनमें राजनीतिक समझ और अधिकारों की जागरूकता को निकट से देख सकते हैं

कस्तूरबा ने स्वाधीनता के लिए घर के भीतर और बाहर दोनों मोर्चों पर सहभागिता की मसलन,घर में वे सूत कातकर और खादी बुनकर तथा घर से बाहर महिलाओं में राजनीतिक समझ और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा स्वच्छता के प्रति व बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रेरित कर रही थी । साथ ही सभाओं, प्रदर्शनों और सत्याग्रह की गतिविधियों में भी हिस्सा ले रही थी । राजकोट सत्याग्रह में भाग लेने के लिए व धरना प्रदर्शन, शराब और विदेशी वस्तुओं व कपड़ों के बहिष्कार के लिए उन्हें दो बार गिरफ्तार भी किया गया था ।

उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों ही देशों में कस्तूरबा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी । महिलाओं को सत्याग्रह में शामिल होने के लिए उन्होंने प्रेरित भी किया था । उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में महिलाओं की सक्रिय उपस्थिति का कारण कस्तूर ही थी,अन्यथा आधी आबादी को जोड़ पाना आसान कार्य नहीं था,आधी आबादी का साथ आना और सत्याग्रह में सक्रिय भागीदारी करना,कस्तूर के नेतृत्व का ही कमाल था,जिसे गाँधी जानते थे,कई जगहों पर गाँधी ने कस्तूर को रोल मॉडल की तरह प्रस्तुत भी किया है,चाहे वह आंदोलनों में भाग लेना हो या स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग या फिर आजादी की लड़ाई के यंत्र के रूप में चरखे के इस्तेमाल का प्रयोग ।


गांधी जैसे व्यक्तित्व की पत्नी के रूप में एक स्त्री का स्वयं अपने और साथ ही देश की आजादी के आंदोलन से जुड़े दोहरे संघर्ष को जानना समझना कस्तूर और कस्तूरबा के अलग-अलग अस्तित्व और व्यक्तित्व को जानना समझना है जिसमें वह पत्नी,माँ और देश की आजादी के लिए एक समर्पित कार्यकर्त्ता के रूप में दिखाई देती है । जिनकी अपनी स्वतंत्र सोच और विचार हैं, जो निर्णय लेने में समर्थ है ।आज कस्तूरबा का जन्मदिन है उन्हें शत शत नमन।

**(सहायक प्रोफेसर, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता)**

# सफदर का रंगकर्म लोगों को प्रेरणा देता रहेगा

## जन्मदिवस पर

**जाहिद खान**



12 अप्रैल, कलाकार और रंग निर्देशक सफदर हाशमी का जन्मदिन, हर साल 'राष्ट्रीय नुक्कड़ नाटक दिवस' के तौर पर मनाया जाता है। सफदर का नाम जेहन में आते ही ऐसे रंगकर्मी का खयाल आता है, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी नुक्कड़ नाटक के लिए कुर्बान कर दी। सफदर हाशमी ने बच्चों के लिए कई मानीखेज़ गीत लिखे, देश के ज्वलंत मुद्दों पर पोस्टर्स बनाए, फिल्म फेस्टिवल्स आयोजित किए, एक टेलीविजन धारावाहिक किया, डाक्यूमेंट्री फिल्में बनाईं और उनके लिए गीत लिखे, लेख लिखे, ब्रेख़्त की कविताओं का बेहतरीन अनुवाद किया, लेकिन उनकी असल शिनाख़्त एक थिएटर आर्टिस्ट के तौर पर ही रही। सफदर हाशमी ने न सिर्फ. सम–सामयिक मुद्दों पर गहरे व्यंग्यात्मक अंदाज में नुक्कड़ नाटक लिखे, बल्कि उन्हें बेहद ज़िंदादिल अंदाज में हिंदुस्तानी अवाम के सामने पेश किया। उनका अंदाज कुछ ऐसा होता था कि वे आम लोगों से सीधा रिश्ता कायम कर लेते थे। नुक्कड़ नाटक में यही सफदर हाशमी की कामयाबी का राज था। वह सोलह साल तक 'जन नाट्य मंच' (जनम) से जुड़े रहे। उनकी इस नाट्य मंडली ने नाट्य कला के एक अलग ही रूप नुक्कड़ नाटक, को जनता तक सीधे पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनाया। एक लिहाज से कहें, तो सफदर हाशमी ने नुक्कड़ नाटक को एक नई पहचान दी।

सफदर हाशमी नुक्कड़ नाट्य विधा के पहले आइडियोलॉजिस्ट थे। उस जमाने में जब देश में प्रोसेनियम थियेटर का बोलबाला था, सफदर ने अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए नुक्कड़ नाटक को बखूबी अपनाया। नुक्कड़ नाटक करने के पीछे सफदर हाशमी के ऊंचे खयालात और यह पुख़्ता यकीन था,''ऐसे समय में जब सामुदायिक मनोरंजन के सभी रूप तेजी से गायब होते जा रहें हैं, जब दूरदर्शन और वीडियो डिब्बाबंद मनोरंजन छोटे परिवारों और अकेले दर्शकों को परोस रहे हैं, नुक्कड़ नाटक ऐसी कला को पुनर्जीवित कर रहा है, जिसका सामुदायिक स्तर पर ढेर सारे दर्शक आनंद उठा सकते हैं।'' (किताब-'सफदर', लेख-'नुक्कड़ नाटक के आरंभिक दस वर्ष', लेखक-सफदर हाशमी, पेज-48)

आजादी से पहले भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) ने देश में जो सांस्कृतिक आंदोलन चलाया, नुक्कड़ नाटक उसी आंदोलन की देन है। सफदर और उनकी नाट्य मंडली 'जन नाट्य मंच' ने इस नाट्य-विधा को जन-जन तक पहुंचाया। सफदर हाशमी के नुक्कड़ नाटकों की मकबूलियत का आलम यह था कि उनका एक-एक नाटक सैकड़ों बार खेला गया और आज भी इन नाटकों का प्रदर्शन होता है। सफदर की ज़िंदगी में ही उनके लिखे और निर्देशित 'औरत', 'समरथ को नहिं दोष गुसाईं', 'राजा का बाजा' और 'हल्ला बोल' जैसे नुक्कड़ नाटकों का हजार से ज्यादा मर्तबा प्रदर्शन हुआ था। सफदर हाशमी ने अपनी नाट्य मंडली 'जन नाट्य मंच' की ओर से अक्टूबर, 1978 में पहला नुक्कड़ नाटक खेला। साल 1988 तक वे लगातार इससे जुड़े रहे। इस दौरान 'जनम' ने देश के तकरीबन 90 शहर में अलग-अलग 22 नाटकों की 4300 से ज्यादा प्रस्तुतियां की, जिन्हें लाखों दर्शकों ने देखा। उनका नाट्य दल कम अरसे में ही भारतीय रंगमंच का अभिन्न अंग बन गया। यह वाकई एक बड़ी कामयाबी थी। सफदर हाशमी नुक्कड़ नाटक की अहमियत को अच्छी तरह से समझते थे। यही वजह है कि उन्होंने नुक्कड़ नाटक को ही अपनी बात कहने का माध्यम चुना। सफदर ने अपने नाटकों से अवाम को आंदोलित कर, संघर्षरत संगठनों के पीछे लामबंद किया। वह रंगकर्म की हर विधा में माहिर थे। नाटक लिखने से लेकर, उसके लिए गाने लिखना, संगीत तैयार करना, अभिनय-निर्देशन उन्होंने सब कुछ किया। नुक्कड़ नाटक में संगीत, स्पेस, वेशभूषा वगैरह के इस्तेमाल में उन्होंने नए-नए प्रयोग किये। कम खर्च में जनता को बेहतर पेशकश कैसे दी जाए ?, यह उनका अहम सरोकार था। सफदर हाशमी का मानना था, नाट्य मंडली सामूहिक लेखन पद्धति से अच्छे नुक्कड़ नाटक लिख सकती हैं। आपस में विचार-विमर्श कर सामूहिक रचना-शक्ति से बेहतरीन नाटक तैयार किए जा सकते हैं। 'जन नाट्य मंच' के 'मशीन', 'हत्यारे', 'औरत', 'राजा का बाजा', 'पुलिस चरित्रम्' और 'काला कानून' जैसे चर्चित नाटक इसी प्रक्रिया के तहत रचे गए थे। हालांकि इसमें अहम रोल सफदर हाशमी का ही था, लेकिन उन्होंने इन नाटकों का श्रेय खुद्र न लेते हुए, अपनी नाट्य मंडली के सभी सदस्यों को दिया था। सफदर हाशमी के नाटक सीधे-सीधे सियासी इश्तिहार भर नहीं हैं, उनमें हास्य और तीखे व्यंग्य का समावेश मिलता है। जनता की बोली-बानी में प्रस्तुत यह नाटक दर्शकों पर गहरा असर डालते थे। उनका नाटक 'हल्ला बोल' मिल मजदूरों की संघर्षपूर्ण ज़िंदगानी के यथार्थ को दिखलाता है। किस तरह से वे शोषणकारी व्यवस्था में काम करते हैं ?, बावजूद इसके उनको वेतन की परेशानी आती है।

सफदर हाशमी की कविताओं और जनगीत का भी कोई जवाब नहीं। खास तौर से कविता ''किताबें करती हैं बातें, बीते जमाने कीं, दुनिया की इंसानों की।'' मुहावरे की तरह इस्तेमाल की जाती है। वहीं उनका जनवादी गीत ''पढ़ना लिखना सीखो ओ मेहनत करने वालों'' साक्षरता आंदोलन में नारे की तरह प्रयोग होता है। सीधी, सरल जबान में लिखे गए इस गीत का हर अंतरा, आम अवाम को आंदोलित करने का काम करता है। सफदर हाशमी के गीतों की बात चली है, तो उनके एक गीत ''औरतें उठी नहीं तो जुल्म बढ़ता जाएगा/जुल्म करने वाला सीना–जोर बनता जाएगा।'' का जिक्र और जरूरी है। यह गीत उन्होंने राजस्थान के दिवराला सती कांड के बाद लिखा था। कहने की जरूरत नहीं, यह गीत भी महिला आंदोलनों में नारे की तौर पर इस्तेमाल होता है। 'औरत', 'खिलती कलियां' 'आओ, ए पर्दानशीं' आदि गीतों में भी सफदर हाशमी औरतों की आजादी और उनके साथ गैर बराबरी के सवाल दमदारी से उठाते हैं।

एक दशक तक लगातार नुक्कड़ नाटक करने के बाद सफदर हाशमी प्रोसेनियम थियेटर की तरफ भी आना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने बाकायदा अपनी नाट्य मंडली के लिए नाट्य-शिविर भी लगाए। ताकि उनके कलाकार इस माध्यम को भी अच्छी तरह से समझें और इसमें माहिर हों। मशहूर नाटककार हबीब तनवीर के निर्देशन में प्रेमचंद की कहानी पर आधारित नाटक 'मोटेराम का सत्याग्रह' इसी सिलसिले की अगली कड़ी था, लेकिन ये सभी योजनाएं उनकी असमय मौत से परवान नहीं चढ़ सकीं। सफदर हाशमी थियेटर से निकले थे। वे चाहते, तो थियेटर में ही बड़ा नाम कमा सकते थे, लेकिन उन्होंने नुक्कड़ नाटक की पथरीली राह चुनी। जिसमें वे कभी मिल मजदूरों के बीच मिल के बाहर या उनकी बस्तियों, सार्वजनिक पार्क, बस स्टॉप, बाजार, सड़क के छोटे-छोटे नुक्कड़ों पर अपने नाटक करते थे। सफदर हाशमी देशव्यापी स्तर पर एक सशक्त जन नाट्य आंदोलन खड़ा करना चाहते थे। इसके पीछे उनकी यह सोच थी,''अपनी जीवंतता, सहज संप्रेषणीयता और व्यापक प्रभावशीलता की वजह से नाटक ही ऐसी विधा है, जो जनता के व्यापक हिस्से के बीच जनवादी चेतना और स्वस्थ्य वैकल्पिक संस्कृति को फैलाने में कारगर भूमिका निभा सकती है।'' (किताब-'सफदर', लेख-नुक्कड़ नाटक का महत्त्व और कार्यप्रणाली, लेखक-सफदर हाशमी, पेज-33)

सफदर का सारा रंगकर्म मकसदी रंगकर्म था। एक बेहतर समाज बनाने के लिए उन्होंने अपनी पूरी ज़िंदगी लगा दी। उन्होंने हमेशा गरीब और मेहनतकश लोगों के हक की लड़ाई लड़ी। उनके लिए इंसाफ की आवाज बुलंद की। अपने नाटकों में उनके सुख-दुःख दिखलाये। जुल्म के खिलाफ खड़े होने को प्रोत्साहित किया। सफदर हाशमी के लिए रंगकर्म मन बहलाने और बौद्धिक विलासता का जरिया भर नहीं था, नुक्कड़ नाटक विधा का इस्तेमाल वे जनता को जागरूक करने के लिए करते थे। प्रतिबद्ध रंगकर्म उनकी प्राथमिकता में शामिल था। इस तरह के रंगकर्म में अक्सर जोखिम होता है, लेकिन वे इससे कभी नहीं डरे। फिरकापरस्त और इंसानियत विरोधी ताकतों के खिलाफ वे बढ़-चढ़कर मोर्चा लेते रहे। उनके खिलाफ खुलकर नुक्कड़ नाटक खेले। साल 1986 में दिल्ली परिवहन निगम ने जब बस किराए में भारी बढ़ोतरी की, तो सफदर हाशमी ने न सिर्फ. 'डीटीसी की धांधली' नामक नुक्कड़ नाटक लिखा, बल्कि दिल्ली में इसका कई जगह प्रदर्शन किया। जिसके एवज में दिल्ली पुलिस दमन पर उतर आई। उसने नाट्य मंडली के कलाकारों पर लाठी चार्ज से लेकर कुछ कलाकारों को थाने में बैठाया। लेकिन सफदर हाशमी इन ज्यादतियों से कभी नहीं घबराए। उन्होंने नाटक करना नहीं छोड़ा।

साल 1989 की पहली तारीख, वह काली तारीख थी जिसने सफदर हाशमी को हमसे हमेशा के लिए छीन लिया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से लगे साहिबाबाद के झंडापुर गांव में वह स्थानीय निकाय के चुनाव में एक उम्मीदवार के समर्थन में नुक्कड़ नाटक कर रहे थे। नाटक के दौरान प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार के समर्थकों के साथ रास्ते को लेकर टकराव हुआ। झगड़ा आगे बढ़ा और सफदर हाशमी की हत्या कर दी गई। हत्या के वक्त उनकी उम्र महज 34 साल थी। सफदर की असमय मौत, भारतीय जन-कला आंदोलन के लिए एक झटका थी। जाने-माने कथाकार-नाटककार भीष्म साहनी ने सफदर हाशमी की शहादत को याद करते हुए अपने एक लेख में कहा, ''सफदर ने ऐसे ही जोखिम उठाते हुए पिछले 17 साल तक इस नाट्य विधा को सक्षम बनाने में अपना योगदान दिया है, और ऐसे ही नाटक में भाग लेते हुए उसने अपने प्राणों की आहुति दी है। सफदर प्रेरणा का स्त्रोत रहा है, और वह भविष्य में भी प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा।'' (किताब-'सफदर', लेख-दो शब्द, लेखक-भीष्म साहनी, पेज-14) भीष्म साहनी की इस बात से शायद ही कोई नाइत्तेफाकी जताए। देश में जब भी नुक्कड़ नाटक की बात होगी या कहीं नुक्कड़ नाटक खेला जायेगा, रंगकर्मी सफदर हाशमी जरूर याद किये जाएंगे। उनका जीवन और संपूर्ण रंगकर्म लोगों को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

## व्यंग्य

# तुम्हें ही डुबोया गया है!



**अरविंद तिवारी**

टपकते हुए छप्पर से बरसात का मजा वह व्यक्ति नहीं ले पाता,जो उस छप्पर में रहता है।पूर्वांचल में गाड़ी को गड़िया ही कहा जाता है,भले ही वह बी. एम. डब्लू. क्यों न हो।छोटे शहर में हॉकर को पत्रकार,दीवान जी को थानेदार और प्रूफ रीडर को साहित्यकार कहने का रिवाज है।इस तथ्य को सब जानते हैं और असलियत में इन्हें वही समझते हैं,जो ये हैं।गाड़ी को छोड़ दें,तो बाकी के प्राणी कभी कभी अतिशयोक्तिपूर्ण उपमा के बरक्स धोखा खा जाते हैं।अपमानित होते हैं।हॉकर पत्रकार नहीं हो पाता और न प्रूफरीडर साहित्यकार।इस तरह वह नकली साहित्यकार उम्र भर पाखंड और षडयंत्र रचता है।बुढ़ापे में वह षडयंत्र किंग हो जाता है!बिना दांतों के साहित्य का हलवा निगलने का असफल प्रयास करता है। बड़ी लकीर को रबर से मिटाने की असफल कोशिश करता है।गूगल से रोज ज्ञान लेकर फेसबुक पर बांटता फिरता है।साहित्य के क्षेत्र में जब कभी कौए को हरे पेंट से रंगकर तोता बनाने की कोशिश की गई,तो ऐसा करने वाला पेंटर,प्रायःतोतला हो गया!वह तोते के बड़े आकार को कभी अपने वक्तव्य में जस्टिफाई नहीं कर पाया।

इधर साहित्य में फिर से कौओं को हरे रंग से पेंट किया जा रहा।इस बार पेंट में सोशल मीडिया के ग्रुप्स का रंग तो है ही,कोरोना काल की ऑनलाइन गोष्ठियों का भी रंग है।इसी आधार पर साहित्य की चार धाम यात्राएं हो रही हैं।अब तोता होने के लिए पढ़ने लिखने की जरूरत नहीं रह गई।फरिश्तों ने कहा,सबको पानी पिलाओ,तो बंदे ने अपने करीबियों को छोड़कर सभी की प्यास बुझा दी!मतलब मित्र को नदी में उस जगह डुबोया,जहां पानी बहुत कम था।इसके बाद इस डुबोने वाली घटना को सोशल मीडिया पर डाल दिया।जिसको डुबोया था,उसे भी फेसबुक पोस्ट पर टैग कर दिया ताकि बन्दा सोचे, उसे नहीं,किसी और को डुबोया गया है!नए युग का यह साहित्यकार जरा जल्दी में है।इस जल्दी को देखकर बेचारा साहित्य अधमरा हुआ पड़ा है।पत्थर खुद कह रहा है कि आप मुझे धो सकते हैं,चमका भी सकते हैं,पर पिघला नहीं सकते।लोग पत्थर को लगातार गर्म कर रहे हैं,कभी तो यह पत्थर पिघलकर कालजयी रचना में तब्दील होगा!डूबने वाले को डुबोने वाले ने टैग किया,यह घटना किसी के गले नहीं उतर रही हो तो वह मेरा यह संस्मरण पढ़े।

ट्रैफिक पुलिस के दो सिपाही एक मोटर साईकिल पर बैठकर डयूटी के बाद गला तर करने मधुशाला गए।वहां किसी बात पर दोनों के बीच युद्ध जैसी नौबत आ गई।दोनों के बीच खूब मार कुटाई हुई।कुछ बच्चों ने इसका वीडियो भी बना लिया।लोगों ने कहा,वीडियो बन रहा है आप लोगों का,तो दोनों की उतर गई।उतर गई तो वह दोनों चुपचाप उसी मोटर सायकिल पर बैठकर लौट आए। यही प्रवृत्ति आजकल साहित्यकारों के बीच देखी जा रही है।ऐसी स्थिति में अगर गुलशन नंदा ने हिंदी पाठ्यक्रम का गुलशन आबाद कर दिया,तो इसमें किसी को कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। साहित्य की इस डूब वाली घटना पर कोई उपन्यास क्यों नहीं लिखता,यह प्रश्न पूछा जा रहा है।हमसे भी पूछा जा रहा है,क्योंकि हमने भी उपन्यास लिखने का अक्षम्य दुस्साहस किया है!पर ये घटनाएं लोग बर्दाश्त कर रहे हैं।कोई दुखी नहीं है।दुख हो तो उपन्यास बने।मौन और चुप्पी के बीच साहित्य चकरघिन्नी बना हुआ है।मौन के पौधे पर,इस साहित्य जगत में शांति के पुष्प नहीं खिलते।उसके लिए शहर दर शहर मोहरे बैठाने होते हैं,जो संघर्ष से शांति को प्राप्त कराने का महती कार्य करें।ये मोहरे जब आपको अलग अलग शहरों में शाल वाला सम्मान दिलवाते हैं,तो असीम शांति का एहसास होता है।आपको रोज रोज सम्मानित होता देख,सामने वाला फिर से डूबने लगता है।पर वह अपने डूबने को महसूस नहीं कर पाता।बहरहाल अब यह डूबने वाले को सोचना है,उसे डुबोया गया है या उसने खुद,बिना तैराक हुए गहरे पानी में छलांग लगाई है।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# लाठी-डंडे से पीटकर छात्रनेता की हत्या

**अराजकता**

## घटना की सूचना पर परिवार में मचा कोहराम

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सतीश चंद्र कालेज के बाहर दो छात्रों पर हमलावरों ने लाठी-डंडे से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। दोनों छात्रों को गंभीरावस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। परिजन उन्हें मऊ ले गये, जहां एक छात्र की मौत हो गयी। छात्र के मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां दुर्गावती देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक तीन भाईयों में दूसरे नम्बर का था। बड़ा भाई सचिन यादव व बलवंत यादव बलिया ही रहकर पढ़ाई करते हैं।

जानकारी के अनुसार पकड़ी थाना क्षेत्र के धरसरा गांव निवासी मनराज यादव भारतीय सेना में कार्यरत हैं। उनके दूसरे नम्बर का पुत्र हेमंत यादव (22) टाउन डिग्री कालेज में स्नातक तृतीय वर्ष का छात्र था। वह जनपद मुख्यालय के देवकली स्थित अपने निजी आवास में रहकर पढ़ाई कर रहा था। साथ ही छात्रसंघ के लिए होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तैयारी भी कर रहा था। परिजनों की माने तो वह सोमवार को ही अपने घर धरसरा से बलिया गया हुआ था। मंगलवार की सुबह की पाली में वह सतीश चन्द्र महाविद्यालय में परीक्षा देने गया था। परीक्षा देकर वह केंद्र से बाहर निकला तो पहले से ही घात लगाए हमलावरों ने क्रिकेट बैट एवं हाकी-डंडों से हेमंत यादव और आलोक यादव (20) पुत्र वशिष्ठ नारायण यादव निवासी जीराबस्ती, सुखपुरा पर हमला कर दिया। युवकों के हमले से दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गये। बुरी तरह घायल दोनों छात्रों को लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। परिजन मऊके किसी निजी अस्पताल में ले गए, जहां इलाज के दौरान हेमंत की मौत हो गई।



घटना स्थल पर पहुंची पुलिस

## बीएसए ने प्रधानाध्यापक समेत दो को थमाया नोटिस

**बलिया।** शिक्षा क्षेत्र गड़वार में संचालित रमेश जूनियर हाईस्कूल गड़वार का निरीक्षण करने पहुंचे बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह विद्यालय की व्यवस्था देख दंग रह गये। चार कमरों में कक्षा एक से आठ तक की कक्षाओं का संचालन होता देख बीएसए ने प्रधानाध्यापक से मान्यता की कापी मांगी तो कक्षा छह से आठ तक की मान्यता की प्रति उपलब्ध करायी गई। इस पर बीएसए ने प्रबंधक/प्रधानाध्यापक को नोटिस पकड़ाते हुए जबाव तलब किया है। नोटिस के माध्यम से बीएसए ने कहा है कि यदि विद्यालय को कक्षा एक से पांच तक की मान्यता प्रदान की गई हो तो उसकी प्रति अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा अवैध रूप से संचालित विद्यालय मानकर आपके विद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही संपादित की जायेगी। वहीं, खंड शिक्षा अधिकारी गड़वार को बीएसए ने निर्देश दिया कि यदि विद्यालय के प्रबंधक द्वारा कक्षा एक से पांच तक क कक्षाओं का अवैध संचालन किया जा रहा है तो उसके संचालन पर तत्काल रोक लगाते हुए संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

# दस्तक अभियान में कोरोना मरीजों की होगी पहचान

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** जिले में कोरोना मरीज मिलते ही स्वास्थ्य महकमा हरकत में आ गया है। स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना टेस्ट की गति बढ़ा दी है। शासन के निर्देश पर एक से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। दस्तक अभियान के तहत इस बार कोरोना लक्षण वाले मरीजों की तलाश की जाएगी। आशा कार्यकर्ता एनटीपीसीआर कीट से सैंपलिंग से जांच कर चिन्हित करेंगी। पाजिटिव रिपोर्ट मिलने पर निगरानी समिति को सूचित करेंगी। विभाग ने ब्लाकवार आशा व आंगनवाड़ी की ट्रेंनिंग दे दी हैं। दस्तक अभियान के तहत आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जानकारी लेंगी। विभाग द्वारा मिले फार्मेट को भरेंगी। इस दौरान किसी सदस्य को कोविड लक्षण सर्दी, बुखार या गले में खराश की शिकायत मिलेंगी तो आशा कार्यकर्ता उस सदस्य की कोविड सैंपलिंग करेंगी। मरीज के पाजिटिव आने पर होम गांव और मोहल्ले की निगरानी समितियों को देंगी। वह स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर अपलोड करने के साथ मरीज को होम आइसोलेट करेंगे। संक्रमित मरीज के ट्रैवेल हिस्ट्री के आधार पर उनके संपर्क में आने वालों की भी तत्काल जांच की जाएगी। सही समय पर संक्रमण का पता चलने पर बढ़ने से रोका जा सकेगा। इस संबंध में जिला सर्विलांस अधिकारी डा. अभिषेक मिश्रा ने बताया कि कोविड के बढ़ते मामलों के बीच में संक्रमित की पहचान के लिए दस्तक अभियान कारगर साबित होगा। इसके माध्यम से स्वास्थ्य विभाग हर घर की स्क्रीनिंग कराएगा। इससे कोविड मरीजों की सही जानकारी मिल जाएगी। अभियान की शुरुआत हो चुकी है।

**तैयारी**

## ब्लॉकवार आशा बहू एवं आंगनबाड़ी वर्कर्स को दी गई ट्रेनिंग

# चिकित्सकों एवं कर्मियों ने किया मॉकड्रिल



सीएचसी सोनबरसा में मॉक ड्रिल करते चिकित्सक एवं कर्मी

**बैरिया।** शासन के निर्देश पर कोरोना संक्रमण बढ़ने की सूचना के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा में चिकित्सकों एवं कर्मियों ने मंगलवार को माक ड्रिल किया। इस दौरान मरीज को तीन मिनट के अंदर एंबुलेंस से उतारने के बाद बेड पर पहुंचा कर आक्सीजन मास्क लगाने का प्रदर्शन किया गया। बता दे कि जनपद में मिले कोरोना पाजिटिव केस के बाद स्वास्थ्य विभाग एनी टाइम के लिए एक्शन मोड में है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पर माक ड्रिल किया गया। इसमें चिकित्साधिकारी डा. विजय कुमार यादव, फार्मासिस्ट सत्यवान सिंह, केदार यादव, अवध नारायण, ओम प्रकाश पांडे, बंशीधर, आनंद सिंह, विशाल सिंह आदि स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। माक ड्रिल में शामिल चिकित्साधिकारी डा. विजय यादव ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पर कोरोना संक्रमितों के लिए उपयोग में आने वाली औषधि, इजिथ्रोमाइसीश, पेरासिटामोल, सेट्रिजीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वही, पर्याप्त संख्या में आक्सीजन भी उपलब्ध है। साथ ही 48 आक्सीजन कैंस्ट्रेटर अस्पताल पर उपलब्ध है। सांसद निधि से बनाए गए आक्सीजन प्लांट में कुछ तकनीकी खराबी आई है, जिसकी सूचना कार्यदाई संस्था को देकर तत्काल ठीक कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

# कच्ची शराब के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**बांसडीह।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर हुसैनाबाद-बेउर मार्ग पर एक ईंट भट्ठे के पास टीन शेड में बन रही कच्ची शराब की भट्टी पर छापेमारी कर 40 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से शराब बनाने के उपकरण भी जब्त किये। एसआई रामाश्रय यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोगों द्वारा हुसैनाबाद-बेउर मार्ग पर अवैध तरीके से शराब बनाई जा रही है। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की तो वहां भट्टियों को सुलगते पाया। मौके पर दो जरीकेन में 40 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई और तीन युवकों शनि कश्यप निवासी खरतंगा भरनो, झारखंड, विकास उराव निवासी लोहरद्गा, झारखंड व उमेश थारू निवासी जानकीगंज, उन्नाव को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से पुलिस ने शराब बनाने के प्रयोग में आने वाले बर्तन को कब्जे में लेकर मौके पर मौजूद लहन को नष्ट कर दिया।

# मानक की अनदेखी पर भड़के एसडीएम

**निर्माण में गड़बड़ी**

## प्रावि के बच्चों से एमडीएम के मेन्यू के बारे में ली जानकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**बैरिया।** स्थानीय नगर पंचायत के जगदेवा ढाही प्राथमिक विद्यालय परिसर में 11 लाख 72 हजार रुपये की लागत से बन रहे विद्यालय भवन में सम्बंधित ठेकेदार द्वारा मानक के उल्लंघन पर आपत्ति जताते हुए उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि किसी भी हाल में सम्बंधित ठेकेदार का भुगतान न किया जाय।

क्योंकि ठेकेदार मानक के विपरीत कार्य कर रहा है। यह भविष्य में बच्चों के लिए खतरा हो सकता है। वही, निर्माण कार्य में मानक का अनुपालन कराने के लिए जरूरी कार्रवाई करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि जगदेवा ढाही प्राथमिक विद्यालय बैरिया नगर पंचायत का मतदान केन्द्र है। इसके निरीक्षण के लिए क्षेत्राधिकारी उस्मान के साथ उक्त विद्यालय पहुंचे एसडीएम आत्रेय मिश्र ने देखा कि सफेद व लाल बालू मिलाकर दो नम्बर के ईंटे से विद्यालय भवन की जोड़ाई की जा रही है। मौके से ठेकेदार गायब था।

प्रधानाध्यापिका पूनम गुप्ता से पूछने पर बताया कि ठेकेदार को कई बार मानक के अनुसार कार्य कराने की हिदायत दे चुकी हूं, किन्तु ठेकेदार मेरी बातों को अनसुना कर दे रहा है। उपजिलाधिकारी ने बच्चों से मध्याहन भोजन के मीनू के विषय में पूछा तो बच्चों की बातचीत से यह प्रमाणित हुआ कि मीनू के अनुसार मंगलवार को विद्यालय में एमडीएम बना था और रोज मानक के अनुसार ही भोजन बनता है। उपजिलाधिकारी ने एमडीएम के पंजिका सहित विभिन्न पंजिकाओं का निरीक्षण किया। वही, उन्होंने मौके से ही नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आशुतोष ओझा को निर्देशित किया कि अवशेष विद्यालय की चहारदीवारी का कार्य पूरा कराए। अधिशासी अधिकारी ने मतदान से पूर्व चहारदीवारी का कार्य पूरा करा देने का भरोसा दिया।



प्रावि में हो रहे निर्माण कार्य को देखने पहुंचे एसडीएम एवं सीओ

# हादसे को दावत दे रहा बिजली का तार

**आशंका**

## लोगों की जान पर हमेशा मंडरा रहा खतरा

**जनसंदेश न्यूज**

**रतसर।** विद्युत विभाग की अनदेखी के कारण मौत बनकर झूल रहे बिजली के तारों के गिरने एवं इनकी चपेट में आने से होने वाली घटनाओं के बाद भी जिम्मेदार आंखे मूंदे बैठे हैं। कुछ ऐसा ही हाल गड़वार क्षेत्र के हनुमानगढ़ी (त्रिमुहानी) नहर पार फेफना रोड पर देखने को मिला। वहां बिजली कनेक्शन लगातार किए जा रहे हैं, लेकिन खंभे लगवाने की सुध लेना अफसर भूल गए हैं। बांस एवं टेलीफोन के खंभे के सहारे विद्युत लाइनें मौत बनकर मंडरा रही है।

राहगीरों के साथ यहां रहने वाले लोगों की जान पर हरदम खतरा मंडरा रहा है। अफसर से लेकर जनप्रतिनिधि भी स्थानीय लोगों को समस्या से निजात नहीं दिला पा रहे। गड़वार फीडर स्थित पानी टंकी से हनुमानगढ़ी (त्रिमुहानी) तक करीब 500 मीटर तक बिजली का एक भी खंभा नहीं लगा है। विद्युत विभाग की ओर से करीब दर्जनों कनेक्शन करने के साथ ही उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन देने का काम जोरों से क्षेत्र में चल रहा है, लेकिन बिजली के तारों के सपोर्ट के लिए खंभे लगाना विभाग मुनासिब नहीं समझ रहा। बांस पर लटके बिजली के तार में मौत बनकर झूल रहा हैं। हल्की हवा चलने पर तार आपस में टकराते हैं तो आस-पास के लोग सहम जाते हैं। तार इतने नीचे है कि कोई भी आसानी से खड़ा होकर इनको छू सकता है। सोमवार को पछुआ हवा चलने के कारण गेहूं की खड़ी फसल में तार सहित बांस टूटकर गिर गया था। बिजली कर्मियों को सूचना देने के बावजूद मंगलवार की दोपहर तक विभाग द्वारा संज्ञान नही लिया गया। इसके बाद स्थानीय लोगों को चंदा इकट्ठा कर व्यवस्था दुरुस्त करानी पड़ी।



बांस के सहारे टिका बिजली का तार

> विद्युत विभाग को किसी की जान की परवाह नहीं है। कनेक्शन होने के बाद नियमित तरीके से बिजली का भुगतान किया जा रहा है।
>
> विजय नारायण चौहान

> खंभे लगवाने के लिए विभाग को लगातार अवगत कराया जा रहा है, लेकिन स्थिति जस की तस है। तार टूटकर गिरने से कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।
>
> रणजीत सिंह

> विद्युत विभाग के अफसरों की लापरवाही के कारण कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। लकड़ी के बांस पर मौत बनकर झूल रहे तार कभी भी गिर सकते हैं।
>
> कृपाशंकर तिवारी

> खंभे लगवाने के लिए अफसरों के पास कई बार चक्कर लगाए। हर बार आश्वासन देकर टरका दिया जाता है। कोई भी छोटी-बड़ी घटना होने पर विद्युत अफसरों को इसका खामियाजा भुगतान पड़ेगा।
>
> अखिलेश दूबे

# राइफल, एवं पिस्टल शूटिंग की दी टिप्स



पिस्टल चलाने की टिप्स देता प्रशिक्षक

**बलिया।** विद्यार्थियों का शैक्षणिक विकास के साथ-साथ सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का एकमात्र लक्ष्य है। यह बातें सेंट जेवियर्स शैक्षणिक संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. अभिनव नाथ तिवारी ने मंगलवार को राइफल, पिस्टल शूटिंग गेम के डेमो में उपस्थित छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विगत तीन साल से इस विद्यालय का ही विद्यार्थी जनपद में टाप कर रहा है। ज्ञातव्य है कि फुटबाल, क्रिकेट के अलावा इस सत्र से शैक्षणिक मैन्यू में कई इंडोर गेम्स शामिल किए गए हैं जैसे-टेबल टेनिस, स्केटिंग, ताइक्वांडो, राइफल, पिस्टल शूटिंग, हार्स राइडिंग, बास्केटबाल, शतरंज, बाक्सिंग, कराटे आदि है। विदित है कि उपरोक्त सभी खेल अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं और विद्यार्थी इस खेलों में अपना कैरियर बना सकते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्या शुभ्रा अपूर्वा ने विद्यार्थियों से कहा कि अनुशासन के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में आप लोग आगे बढ़े। विद्यालय के साथ-साथ देश के विकास में भी सहयोग की भावना रखें। विद्यालय के चेयरमैन एसपी तिवारी ने अपनी शुभकामना व्यक्त की।

# सरयू नदी पर शीघ्र बनेगा पक्का पुल : वीरेंद्र सिंह

**बैरिया।** बिहार के जनपद सिवान एवं उप्र को जोड़ने के लिए डुमाईगढ़ घाट के पास सरयू नदी पर पक्का सड़क पुल बनवाने का प्रस्ताव है।

केन्द्रीय मंत्री ने इस पुल के निर्माण के लिए जल्द ही अपने मंत्रालय की स्वीकृति प्रदान करने का भरोसा दिया है। सोनबरसा स्थित अपने संसदीय कार्यालय पर मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि दोकटी गंगा तट से डुमाईगढ़ सरयू नदी के तट तक पक्की सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सबकुछ ठीक ठाक रहा तो बरसात से पहले इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। सांसद ने स्पष्ट किया कि नरहरि बाबा के मठिया, टोला रिसाल राय, सेवा दास के मठिया भवन टोला, काली मन्दिर दलजीत टोला, ठकुरी बाबा के मठिया, कर्णछपरा, भाला बाबा के मठिया, वाजिदपुर, खपड़िया बाबा के मठिया श्रीपालपुर, महाराज बाबा के मठिया तिवारी के मिल्की, सुदिष्ट बाबा के मठिया सुदिष्टपूरी, बालक बाबा के मठिया सुरेमनपुर सहित संसदीय क्षेत्र के लगभग 100 स्थानों पर सत्संग भवन बन गया है। कुछ बनने वाला है और कुछ प्रस्तावित है। मेरा प्रयास है कि सभी आध्यात्मिक स्थलों पर सत्संग भवन का निर्माण हो जाय, जहां लोग धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सामाजिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कर सके। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि अगर कही प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल पर सत्संग भवन बनवाना है तो उसका सुझाव मुझे दे। उस जगह पर निर्माण कराने का प्रयास करूंगा। उन्होंने क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि बलिया संसदीय क्षेत्र में लगभग 25 हजार करोड़ रुपये की लागत से सड़कें बन रही है। सड़कों के बन जाने से यहां विकास में तेजी आएगा। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वह मोटे अनाज की खेती करें। पेड़ लगाए और गाय जरूर पाले।



# टिकट के लिए भाग दौड़ कर रहे दावेदार

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव के लिये अधिसूचना जारी होते ही राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गयी है। सभी राजनीतिक दलों के संभावित दावेदार टिकट पाने के लिये जुगत में लग चुके है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से चुनावों के कार्यक्रम के अनुसार जिले के 12 निकायों के 125 मतदान केंद्रों के 423 मतदेय स्थलों पर 11 मई को मतदान होना है। यहां पर 12 निकायों की सरकार का चुनाव 3,46,737 मतदाता करेंगे। इनमें 1,86,706 पुरुष और 1,60,031 महिला मतदाता शामिल हैं।

मतदाताओं को अपनी ओर करने में राजनीतिक पार्टियां जोड़-तोड़ में लग गयी है। नगरीय निकायों के चुनाव के लिये रविवार को अधिसूचना जारी होने के बाद जिले में सियासी हलचल बढ़ गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार सिंह की ओर से जारी कार्यक्रम में दो चरणों में होने वाले चुनाव में बलिया को द्वितीय चरण वाले जिलों में शामिल किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि चुनाव की तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। जिले की दो नगर पालिकाओं में से बलिया को अनारक्षित की श्रेणी में रखा गया है, जबकि रसड़ा को पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा दस नगर पंचायतों में से चार को अनारक्षित, दो को पिछड़ा वर्ग के लिए और चार को विभिन्न वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है।

**निकाय चुनाव**

## 12 निकायों में 346737 मतदाता डालेंगे वोट

## विभिन्न स्थानों से पोस्टर-बैनर को हटाया

**रतसर।** निकाय सामान्य निर्वाचन की तिथि घोषित होते ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। इसी के साथ ही स्थानीय प्रशासन भी हरकत में आ गया। पहली बार अस्तित्व में आए नव सृजित नगर पंचायत रतसर कलां में द्वितीय चरण में मतदान होना है। नगर पंचायत कर्मियों और पुलिस ने अभियान चलाकर पोस्टर-बैनर को खम्भों और दीवारों से हटाया। रतसर कलां नगर पंचायत स्थित गांधी आश्रम चौराहा, दक्षिणी चट्टी, पकड़ी तर बाजार पर लगे विभिन्न दलों एवं दावेदारों के होर्डिंग-पोस्टर को कर्मचारियों के साथ पुलिस ने उतारने के बाद ट्रैक्टर ट्राली में लाद दिया।



## पुलिस की कार्रवाई से मचा हड़कंप

**बांसडीह।** निकाय चुनाव को सकुशल, भयमुक्त, अपराध मुक्त सम्पन्न कराने के लिए पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधी दहशत में है। पुलिस निकाय चुनाव में किसी भी प्रकार का कोई रिस्क नहीं ले रही है। कोतवाली पुलिस ने सोमवार की शाम करीब छः बजे के आस-पास भजन चट्टी से शाहपुर रास्ते जा रहे एक व्यक्ति को अवैध तमंचा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना नाम आदित्य पाण्डेय पुत्र अवनीश पाण्डेय बताया। वही, बांसडीह-मनियर मुख्य मार्ग पर स्थित मनियर पेट्रोल पम्प के पास से रोहित राजभर पुत्र मोतीलाल राजभर को अवैध चाकू रखने के जुर्म में मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। देशी शराब के ठेके के पास से धारदार ब्लेड वाली चाकू के साथ देख लेने की धमकी देने की बात कह रहे राजेश गुप्ता पुत्र लक्ष्मी गुप्त निवासी पश्चिम टोला को नाजायज चाकू रखने के जुर्म में गिरफ्तार किया है। वही, नंदलाल गुप्ता पुत्र जगदीश प्रसाद को 21 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। निकाय चुनाव को लेकर पुलिस ने कस्बे के करीब दो सौ लोगो को 107/16 सीआरपीसी में पाबंद किया है। कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि कस्बे में अराजक तत्वों को चिन्हित कर पाबंद किया जा रहा है।

# संक्षेप

## ट्रक से 14 पशु बरामद, तमंचा संग दो गिरफ्तार




**बलिया।** नरहीं पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से एक ट्रक में लदे 14 राशि गोवंशों के साथ ही एक तमंचा बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देश में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को थानाध्यक्ष पन्नेलाल, उपनिरीक्षक मंतोष सिंह, उपनिरीक्षक अंजनी सिंह, मय फोर्स के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दिया कि दो व्यक्ति एक ट्रक से कुछ जानवरों को लेकर जा रहे है। पुलिस ने ग्राम सिकन्दरपुर के पास से दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, एक तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। पूछताछ में तस्करों ने अपना नाम विरेन्द्र यादव पुत्र लल्लन यादव निवासी ग्राम जिगिरसर, थाना खेजुरी और प्रभुनाथ यादव पुत्र नेपाल यादव निवासी ग्राम टेंड़वा का मठिया, थाना नरही बताया। वहीं, फरार तस्कर का नाम चन्द्रमा यादव पुत्र नेपाल यादव निवासी ग्राम टेंड़वा का मठिया, थाना नरही, बलिया का रहने वाला बताया गया। तलाशी के दौरान ट्रक में लादे गये 14 राशि गोवंशों को बरामद किया गया। साथ ही अभियुक्तों के पास से एक तमंचा भी बरामद हुआ।

## आज निकलेगी जागरूकता रैली

**नगरा।** स्कूल चलो अभियान के साथ ही बच्चों में रोग मुक्त स्वस्थ शिक्षण हेतु 12 अप्रैल, बुधवार को नगरा में ब्लाक स्तरीय जागरूकता रैली निकाली जाएगी। खण्ड शिक्षा अधिकारी आरपी सिंह ने बताया कि स्कूल चलो अभियान के तहत 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सहित संचारी रोग से मुक्ति आदि जागरूकता के लिए बीआरसी कार्यालय से ब्लाक स्तरीय रैली निकालकर नगर भ्रमण करते उच्च प्राथमिक विद्यालय चचयां में समापन होगा। इस रैली में ब्लाक के विभिन्न विद्यालयों के 1000 बच्चे सहित शिक्षक भाग लेंगे। उन्होंने नौनिहालों के उत्साहवर्धन हेतु समाज के जागरूक लोगों सहित अभिभावकों से रैली मे भाग लेने की अपील की है।

## मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार

**बलिया।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के विश्वकर्मा ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में सहतवार के एक मैरेज हाल में बैठक हुई। इसमें भाजपा वाराणसी के जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा को उप्र सरकार द्वारा विधान परिषद सदस्य मनोनित करने तथा राजकुमार विश्वकर्मा को उप्र का पुलिस महानिदेशक बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह हमारे समाज के लिए गौरव का विषय है। इस दौरान समाज के लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर फंटूसी शर्मा, श्यामसुंदर शर्मा, श्याम नारायण शर्मा, अभिषेक विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## चंद्रशेखर मैराथन पर की चर्चा

**बलिया।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन बलिया के कार्यकारिणी एवं सामान्य सदस्यों की बैठक सोमवार को हुई। इसमें चंद्रशेखर मैराथन के संदर्भ में चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि चंद्रशेखर मैराथन को अंतरराष्ट्रीय मानक तक बनाने का प्रयास किया जायेगा। बलिया का यह आयोजन उप्र एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा रजिस्टर्ड है। इसमें उच्च स्तर के खिलाड़ियों की सहभागिता रहती है। इस अवसर पर राजीव कुमार सिंह, पंकज सिंह, शंभूनाथ, राजकिशोर गुप्त, कुंदन गुप्त आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता ई. अरूण सिंह तथा संचालन मिथिलेश श्रीवास्तव ने किया।

## बच्चों ने रैली निकालकर किया जागरूक

**बलिया।** मनियर स्थित प्रज्ञा पब्लिक स्कूल घाटमपुर के बच्चों ने स्कूल चलो रैली निकालकर जागरूकता फैलाई। रैली को खंड शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से निकलकर टीएस बंधा से बस स्टैंड तक जाकर वापस विद्यालय पर आकर समाप्त हो गयी। रैली में बच्चों ने कोई न छूटे अबकी बार- शिक्षा है सबका अधिकार। पढ़ी लिखी नारी -घर घर की उजियारी आदि शिक्षापरक नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह ने कहा कि पूरे महीने भर का कार्यक्रम निर्धारित है। बच्चों को शिक्षा एवं संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक पराशर मुनि पाल, प्रधानाचार्य अगस्त मुनि पाल, अध्यापक सोनू चौरसिया, सुमेर चौरसिया, देवेंद्र वर्मा, नीरज कुमार, चंद्रमा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## आग से गेहूं की फसल राख

**बलिया।** नरही थाना क्षेत्र के ईटही गांव के बाहर बिजली के शार्ट सर्किट से खेत में खड़ी गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। इस आग की घटना में किसानों का लाखों का नुकसान हुआ है। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर में ईटही गांव के बाहर ईटही कथरिया मौजा में बिजली के शार्ट सर्किट से दौलतपुर गांव निवासी विजय शंकर सिंह के खेत से आग की लपटें उठनी शुरू हुई और देखते ही देखते आग ने लल्लन सिंह, सिद्धनाथ सिंह, कैलाश पाण्डेय रामबच्चन सिंह, दयाशंकर सिंह के अलावा ईटही गांव के इन्द्रजीत ठाकुर सहित बीस बीघा गेहूं की फसल एवं बोझ जलकर खाक हो गयी। हो-हल्ला सुनकर आस-पास के खेतों में काम कर रहे लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और काफी अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। सूचना पर फायर सर्विस की गाड़ी मौके पर पहुंची थी। इस अग्निकाण्ड में किसानों का लाखों का नुकसान हो गया है।

## घर से वारंटी गिरफ्तार

**बांसडीह।** कोतवाली पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे हैं एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को मदन प्रसाद निवासी सलेमपुर, थाना बांसडीह रोड को उनके घर से छापेमारी करके गिरफ्तार किया है। इससे पहले सोमवार को इसी मामले में क्षेत्र के मलाहीचक खादीपुर निवासी राम पूजन पटेल एवं केदार कुर्मी को उनके घर से छापामारी कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पकड़े गए वारंटी के विरुद्ध न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। इसके आदेश के अनुपालन में उन्हें दबिश देकर उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

## प्राशि संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**बलिया।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ बलिया क अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह एवं मंत्री डा. राजेश पांडेय ने विभिन्न मांगों को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा। चेताया कि यदि एक सप्ताह के अंदर उसका निराकरण नहीं किया गया तो लोकतांत्रिक ढंग से अपना विरोध दर्ज करायेंगे। मांग किया कि समस्त अध्यापकों/कर्मचारियों का एक दिन का वेतन कटौती बहाल हो। वरिष्ठता सूची में संशोधन/सुधार किया जाय। अलविदा जुमा का अवकाश स्वीकृत किया जाय। गर्मी को देखते हुए विद्यालयों का समय सुबह सात से अपराह्न 12 बजे तक किया जाय। उपार्जित अवकाश की वार्षिक सूची दर्ज करायी जाय। कोरोना काल में किये गये कार्य दिवसों का उपार्जित अवकाश दिया जाय। सेवानिवृत्त अध्यापकों के देयक पत्रावलियों का निस्तारण किया जाय। मृतक आश्रितों की पत्रावलियों का तत्काल निस्तारण हो। रसोइयों का मानदेय भुगतान अद्यतन किया जाय। नगर पंचायतों के एमडीएम खातों के संचालन की व्यवस्था हो। अनुदेशकों/अध्यापकों सहित अन्य की अस्थाई जारी व्यवस्था शासन की मंशा के अनुरूप तत्काल समाप्त किया जाय।

## मकान में मिला महिला का शव

**रसड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के कोटवारी में मंगलवार की सुबह एक मकान से आ रही दुर्गंध को लेकर आस-पास के लोगों ने मकान दरवाजा तोड़ा तो एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों ने गांव के कुछ लोगों के विरुद्ध तहरीर दिया है। उमा देवी (50) पत्नी श्यामसुंदर राजभर का मकान कोटवारी चट्टी पर है। उमा देवी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। उसके तीन बच्चे थे। पति श्यामसुंदर राजभर बाहर मजदूरी का काम करता था। मकान के अंदर से दुर्गंध आने पर आस-पास के लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि उमा देवी का शव पड़ा हुआ है। इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी।

## लक्ष्मण ने सपा जिलाध्यक्ष को दिया आवेदन

**बलिया।** नगर के नया चौक जापलिनगंज स्थित कैम्प कार्यालय से पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्त सैकड़ों समर्थकों के साथ मंगलवार को सपा के जिला कार्यालय पर पहुंचे। उन्होंने सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव को नगर पालिका परिषद बलिया से अध्यक्ष पद के लिए टिकट की मांग करते हुए अपना आवेदन दिया। इसके पूर्व श्री गुप्त ने अपनी पत्नी पूर्णिमा गुप्ता के लिए आवेदन किया था। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सनातन पांडेय, राजन कन्नौजिया, परवेज रोशन, रविन्द्र यादव, नईम दादा, रमाशंकर यादव, मनोज गुप्त, सुबाष यादव, रामेश्वर पासवान, सुरेश मद्धेशिया, शिबू साहू, रामनाथ पटेल, विश्वनाथ चौधरी, नंदूजी, त्रिलोकीनाथ गुप्त, लल्लन यादव आदि मौजूद रहे।

## बैठक संपन्न

**बलिया।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर संस्थान में दुसाध (पासवान) समाज के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक मंगलवार को हुई। इसमें दुसाध समाज के सामाजिक विकास एवं शिक्षा पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर सूर्यबली पासवान, सियाराम पासवान, गोरख नाथ, गंगासागर, छोटेलाल, मोती राम पासवान, जवाहर राम, शिव परसन राम, राजनारायण पासवान, जगदीश पासवान, दहारी राम, बृजेन्द्र पासवान, चंद्रशेखर, भृगुनाथ, डा. लक्ष्मण पासवान, डा. अभय पासवान, अच्छेलाल आदि मौजूद रहेंचालन श्रीराम प्रसाद सरगम ने किया।

# स्पोर्ट्स

## डु प्लेसिस ने लगाया सबसे लंबा छक्का

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने यहां के चिन्नास्वामी स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्कों की सहायता से 79 रन बनाए। इस दौरान डु प्लेसिस ने एक ऐसा छक्का लगाया कि गेंद स्टेडियम से बाहर चली गयी। 115 मीटर का यह सबसे लंबा छक्का रहा। यह छक्का पारी के 15वें ओवर में आया। तब लखनऊ के स्पिनर रवि बिश्नोई गेंदबाजी कर रहे थे। बिश्नोई की गेंद को डुप्लेसिस ने शॉट लगाकर स्टेडियम के बाहर कर दिया। उनकी इस पारी से टीम इस मैच में 212 रनों का स्कोर बनाने में सफल रही हालांकि इसके बाद भी उसे हार का सामना करना पड़ा। डु प्लेसिस ने इस मैच के 16वें ओवर में ही छक्का लगाकर अपना अर्द्धशतक भी पूरा किया।

## अब तक केवल अक्षर ही अच्छा प्रदर्शन कर पाया : आमरे

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा है कि अब तक केवल अक्षर पटेल ही अच्छा प्रदर्शन कर पाये हैं। वहीं अन्य खिलाड़ी नाकाम रहे हैं।


ऐसे में कोच ने कहा कि इस सत्र में वे अक्षर को अधिक प्रमुख भूमिका दे सकते हैं। दिल्ली की बल्लेबाजी अब तक निराशा जनक रही है, उसकी फील्डिंग और गेंदबाजी भी कमजोर रही है। अक्षर ने बल्लेबाजी में इसके बाद भी अच्छा प्रदर्शन किया है। आमरे ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 36 रनों की पारी खेली थी।

आमरे ने मैं कहा, हमारे पास अक्षर के साथ एक अच्छा विकल्प है। वह अब पांच साल से हमारे साथ है। जिस तरह से उसने बल्लेबाजी की है वह शानदार है। वह एक उम्मीदवार है, खासकर जब से वह बाएं हाथ का बल्लेबाज है। यह हमारे दिमाग में है कि कैसे हम उसका सबसे अच्छा उपयोग कर सकते हैं।

वहीं कप्तान डेविड वार्नर को छोड़कर, शीर्ष क्रम का कोई भी बल्लेबाज अभी तक पिच पर नहीं टिक पाया है। वार्नर ने रन बनाये हैं पर उनका स्ट्राइक रेट 117.04 के साथ बेहद कम रहा है। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार पृथ्वी शॉ का प्रदर्शन और भी खराब रहा, उन्होंने तीन पारियों में केवल 19 रन बनाए। आमरे ने कहा, पृथ्वी एक सक्षम बल्लेबाज है। लेकिन हां, उसने हमारी उम्मीदों के अनुसार प्रदर्शन नहीं किया है। हमें उम्मीद है कि वह आने वाले मैचों में हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन करेगा। हम सभी जानते हैं कि उसके पास क्षमता है, यह मायने रखता है कि वह कहां क्लिक करता है।

## बड़ी साझेदारी नहीं बना पाने से असफल हो रही मुम्बई : गावस्कर

मुम्बई। लिटिल मास्टर के नाम से लोकप्रिय बल्लेबाज रहे सुनील गावस्कर ने कहा है कि सलामी जोड़ी के बीच बड़ी साझेदारी नहीं बनने के कारण मुंबई इंडियंस को आईपीएल में हार का सामना करना पड़ा है। गावस्कर के अनुसार मुम्बई के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और इशान किशन अब तक एक बार भी बड़ी साझेदारी नहीं बना पाये हैं जिसका प्रभाव टीम पर पड़ा है।



मुंबई को पहले दो मैचों में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के हाथों में हार का सामना करना पड़ा था। उन दोनो ही मैचों में रोहित और इशान अच्छी शुरुआत नहीं दे पाये थे। गावस्कर ने कहा, ह्यमुंबई पिछले सत्र से ही अच्छी साझेदारियां नहीं बना पा रही है। साथ ही कहा कि तक आप बड़ी साझेदारी नहीं निभाते तब तक बड़ा स्कोर नहीं बनाया जा सकता है।ह्न पिछले सत्र में भी इसी कारण टीम को हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, ह्यमुंबई इंडियंस इस मामले में लगातार असफल रही है। रोहित शर्मा और इशान को आगे के मैचों में साझेदारी बनाने का प्रयास करना चाहिये।

## जीत के बाद आवेश ने पटका हेलमेट , बिश्नोई मैदान में दौड़ने लगे

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ अंतिम गेंद पर मिली जीत के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के आवेश खान ने अपना हेल्मेट मैदान पर ही पटक दिया। अंतिम गेंद पर आवेश खान और रवि बिश्नोई ने एक रन लेकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। वहीं मैच में दूसरे छोर पर खड़े रवि बिश्नोई खुशी के कारण पूरे मैदान में दौड़ने लग गये। इतना ही नहीं उन्होंने खुशी के मारे दीपक हुड्डा पर भी छलांग लगा दी। इसके अलावा लखनऊ सुपर जायंट्स के डगआउट की भी मैच जीतने के बाद प्रतिक्रिया उत्साहजनक थी। गौतम गंभीर, विजय धैया, कप्तान केएल राहुल सब चिल्लाते नजर आये। गंभीर ने तो मैच के बाद चिन्नास्वामी में बैठे आरसीबी के प्रशंसकों को भी ट्रोल कर दिया। उन्होंने अपनी उंगली को मुंह पर रख कर बैंगलोर के प्रशंसकों को शांत रहने को कहा। वहीं आरसीबी के खिलाड़ी और प्रशंसक निराश नजर आये। इस मैच के बाद सुपर जायंट्स के जश्न की तस्वीरें भी सामने आयीं हैं।



कैलगरी में नेसविले के टायसन बेरी और कैलगरी के फ्लेम्स स्कोटीबैक सैडीलोम में खेलते हुए।

# घरेलू मैदान में रॉयल्स पर जीत के इरादे से उतरेगी सीएसके

### शाम 7.30 से शुरू होगा मैच

चेन्नई। आईपीएल में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीमों के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। दोनो ही टीमों ने अब तक तीन-तीन मैच खेले हैं। जिससे में दोनो ही टीमों को दो-दो मैचों में जीत मिली है और एक मैच में हार का सामना करना पड़ा है। सीएसके इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार रहेगी क्योंकि उसे अपनी घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। जहां तक बल्लेबाजी और गेंदाजी की बात है दोनो ही टीमों के पासा अच्छे खिलाड़ी हैं। इसलिए मुकाबला बराबरी का है। सीएसके के पास कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के अलावा रुतुराज गायकवाड़ जैसा सलामी बल्लेबाज है। रुतुराज ने इस सत्र में अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम के पास ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा और बेन स्टोक्स है पर टीम की गेंदबाजी कमजोर है। इसमें सभी खिलाड़ी युवा है। वहीं दूसरी ओर संजू सैमसन की राजस्थान के पास सलामी बल्लेबाज जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल हैं जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमक के खिलाफ तेजी से रन बना सकते हैं। टीम के पास शिमरोन हेटमायेर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। वहीं गेंदबाजी में ट्रेंट बोल्ट और जैसन होल्डर के होने से उसे लाभ होगा। इसके अलावा टीम के पास कुलदीप यादव, एडम जाम्पा जैसे स्पिनर हैं हालांकि सीएसक से उसके ही घरेलू मैदान पर खेलना रॉयल्स के लिए आसान नहीं रहेगा। बटलर और जायसवाल ने अब तक दो-दो अर्धशतक लगाये हैं। बटलर का स्ट्राइक रेट 180.95 और जायसवाल का 164.47 रहा है।

रॉयल्स ने अभी तक तीन में से दो मैच गुवाहाटी में खेले जहां उन्हें सपाट पिच मिली थी। हैदराबाद की पिच भी बल्लेबाजों की सहायक थी। अब चेन्नई में पिच धीमे गेंदबाजों की सहायक रहेगी। ऐसे में टॉस की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। इस पिच पर 170 या 175 रन के लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं रहेगा। वह भी तब जब मोईन अली, रविंद्र जडेजा और मिशेल सेंटनेर जैसे गेंदबाज हों। तीनों ने अभी तक तीन मैचों में 11 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनामी रेट बहुत शानदार रहा है।

मोईन ने दो मैचों में 6.50 की औसत से गेंदबाजी की जबकि जडेजा और सेंटनेर ने भी प्रति ओवर सात से कम रन दिये हैं। मोईन पिछला मैच नहीं खेल सके थे पर अब वह सिसांडा मगाला की जगह खेलेंगे। वहीं स्टोक्स के फिट नहीं होने पर उनकी जगह ड्वेन प्रिटोरियस भाग लेंगे। रॉयल्स के स्पिनरों को भी हलके में नहीं लिया जा सकता। अनुभवी गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन को यहां घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा जबकि युजवेंद्र चहल एक मैच विजेता गेंदबाज हैं। स्थानीय खिलाड़ी मुरुगन अश्विन भी टीम में हैं।

सीएसके को हालांकि दीपक चाहर की कमी खलेगी। चाहर हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इस टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं। ऐसे में देखना होगा कि धोनी अब राजवर्धन हंगरगेकर और सिमरजीत सिंह में से किसे शामिल करते हैं। वहीं बल्लेबाजी में अनुभवी अजिंक्य रहाणे ने पिछले मैच में लय हासिल की थी जिसे वह बनाये रखना चाहेंगे। रुतुराज गायकवाड़ शीर्षक्रम पर लगातार अच्छा खेल रहे हैं। दोनों टीमों के पास एक अच्छा बल्लेबाजी क्रम है जिससे ये मैच रोमांचक रहने की संभावना है।

टीमें :

चेन्नई सुपरकिंग्सः महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायुडु, मोईन अली, बेन स्टोक्स, रविंद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, सिसंडा मगाला, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, ड्वेन प्रिटोरियस, अहय मंडल, निशांत सिंधु, राजवर्धन हैंगरगेकर, मिशेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, मथिसा पथिराना, महीश तीक्षणा, भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, शेख रशीद, तुषार देशपांडे।

राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान), अब्दुल बासित, मुरुगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, के एम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डी फरेरा, शिमरोन हेटमायेर, जैसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेद मैकॉय, देवदत्त पड्डिकल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौड़, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एडम जाम्पा।

## वुड की शानदार गेंदबाजी से मिली जीत : पूरन

बेंगलुरु। लखनऊ सुपरजाइंट्स की ओर से शानदार बल्लेबाजी करने वाले निकोलस पूरन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ जीत का श्रेय तेज गेंदबाज मार्क वुड को दिया है। पूरन ने कहा कि वुड ने अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी की थी। इसी कारण मेजबान टीम को 212 रनों पर रोका जा सका था। वुड ने आरसीबी की पारी के अंतिम ओवर में केवल नौ रन दिए और तेजी से बल्लेबाजी कर रहे ग्लेन मैक्सवेल को भी पेवेलियन भेज दिया। लखनऊ ने पावर प्ले में 23 रन के अंदर तीन विकेट होने के बाद भी एक विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। पूरन ने वुड की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका अंतिम ओवर शानदार था जिससे हम मैच में बने रहे। आज के प्रदर्शन से मैं वास्तव में हैरान नहीं हूं। यह अच्छी पिच थी और बाउंड्री छोटी थी।

उन्होंने कहा, ह्यमेरा मानना है कि 220 से अधिक रन का लक्ष्य हम पर मनोवैज्ञानिक तौर पर अतिरिक्त दबाव डालता पर 213 रन के लक्ष्य के सामने हमें लगा कि इसे हासिल किया जा सकता है। पूरन ने शुरुआत में ही विकेट लेने के लिए आरसीबी के गेंदबाजों वायने पार्नेल और मोहम्मद सिराज की भी तारीफ की पर कहा कि आईपीएल में हर टीम के पास निचले क्रम में भी अच्छे बल्लेबाज हैं और एक या दो अच्छी साझेदारी मैच का रुख बदल देती है। उन्होंने कहा, ह्यनिश्चित तौर पर श्रेय आरसीबी के गेंदबाजों पार्नेल और सिराज को जाता है लेकिन यह क्रिकेट का खेल है। प्रत्येक टीम के पास लंबा बल्लेबाजी क्रम है। केएल राहुल और मार्कस स्टोइनिस के बीच साझेदारी से हमने वापसी की। इस मैच मैच में पूरन ने भी 19 गेंदों पर 62 रन बनाये थे। उन्होंने केवल 15 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और आयुष बडोनी के साथ 84 रन की साझेदारी की।

## आरसीबी के साथ मुकाबले के बाद विराट के साथ नजर आये गंभीर

नई दिल्ली। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबले के बाद सुपर जायंट्स के मेंटर गौतम गंभीर आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली के साथ नजर आये। ये दोनों ही दिग्गज एक दूसरे को गले लगते हुए नजर आये जबकि एक समय ये दोनों ही एकदूसरे के पक्के विरोधी माने जाते थे। इन दोनों के बीच आईपीएल मुकाबलों में कई बार टकराव हुआ था। मैच के दौरान ये दोनों दिग्गज एकदूसरे पर भड़क गये थे। उस प्रकरण पर बाद में दोनों की तरफ से ही सफाई भी दी गई थी। दोनों ने ही एक साथ टीम इंडिया में लंबे वक्त तक खेला है। विराट और गंभीर दोनों ने ही टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका भी निभाई है। वहीं इस मैच में आरसीबी के प्रशंसक लगातार गौतम गंभीर और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ नारे लगा रहे थे। मैच इतना संघर्षपूर्ण था कि ये पहले आरसीबी की ओर झुका और फिर लखनऊ सुपर जायंट्स ने मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन के बल पर वापसी की। अंत में फिर विराट कोहली की टीम हावी हुई लेकिन अंतिम गेंद पर लखनऊ ने फिर बाजी पलट दी। इस मैच में जीत के बाद भी गंभीर शांत बने रहे और उन्होंने आरसीबी के प्रशंसकों को भी शांत रहने को कहा।



ब्रिटेन में नेशनल लीग फुटबॉल में गेंद के लिए संघर्ष करते हुए खिलाड़ी।

## हर्षल ने बनाया आईपीएल में सबसे तेजी से 100 विकेट लेने का रिकार्ड

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने आईपीएल के 16 वें सत्र में सबसे तेजी से 100 विकेट लेने का रिकार्ड अपने नाम किया है। हर्षल ने यहां लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैच में यह उपलब्धि अपने नाम की। इसी के साथ ही उन्होंने सबसे तेजी से 100 आईपीएल विकेट लेने का तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का रिकार्ड तोड़ा। जिन्होंने 81 इनिंग्स में 100 विकेट्स अपने नाम किए थे।

वहीं ओवर ऑल की बात करें तो हर्षल दूसरे नम्बर पर हैं। पहले नम्बर पर लसिथ मलिंगा हैं जिन्होंने 70 पारियों में आईपीएल इतिहास में 100 विकेट्स अपने नाम किए हैं। वहीं हर्षल ने 81 मैचों की 79 पारियों में 23.23 की औसत और 8.52 की इकॉनमी रेट से 101 विकेट लिए हैं। आईपीएल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 27 रन देकर पांच विकेट लेना रहा है। हर्षल शुरुआती ओवरों में रनों पर अंकुश नहीं लगा पाये पर अपने अंतिम दो ओवरों में केवल 13 रन देकर दो विकेट लेकर उन्होंने अच्छी वापसी की। साल 2012 में अपने आईपीएल सत्र शुरुआत के बाद से ही हर्षल ने दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी की ओर से खेल है।

## पांच छक्के देखकर बेसुध हुई यश दयाल की मां

कोलकाता। केकेआर के क्रिकेटर रिंकू सिंह जहां आईपीएल में गुजरात टाइटंस के गेंदबाज यश दयाल के एक ही ओवर में पांच छक्के लगाकर दुनिया भर में हीरो बन गये। वहीं गेंदबाज यश के परिवार के लिए यह दिन एक बुरे सपने की तरह रहा। यहां तक कि यश की मां पांच छक्के देखकर बेसुध हो गयीं। यश की मां राधा दयाल ने तभी से खाना-पीना बंद कर दिया।

वहीं यश के पिता चंद्रपाल दयाल ने कहा, ह्यकल का दिन हमारे लिए किसी बुरे सपने की तरह था।ह्न यश को बड़ी बहन शुचि जो पोषण आहार विशेषज्ञ भी है ने इसके बाद मां का इलाज किया। चंद्रपाल ने कहा, ह्यखेलों में ऐसा समय आता है। यहां तक कि जिंदगी में भी आपको असफलताएं मिलती हैं। ऐसे में हमें हिम्मत नहीं हारते हुए मजबूत बने रहना चाहिये।ह्न वहीं गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या सहित पूरी टीम ने भी इस अवसर पर यश का हौसला बढ़ाया। उनके पिता ने कहा, ह्यटीम के सभी साथियों ने उसे अपने पास बिठाकर उसका मनोबल बढ़ाया। बाद में उन लोगों ने इसे सामान्य बात मान लिया।ह्न वहीं इससे पहले पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान सहित कई अन्य पूर्व क्रिकेटरों ने भी यश को अपना मनोबल बनाये रखने को कहा।

## कोच पंडित ने जीत के बाद रिंकू सिंह को गले लगाया

अहमदाबाद। कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने टीम को जीत दिलाने वाले रिंकू सिंह की जमकर प्रशंसा की है। रिंकू ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम पांच गेंदों में पांच छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। इस मैच में रिंकू ने तय हार को जीत में बदलने का कारनामा कर कोच का दिल जीत लिया।

रिंकू ने कहा, कोच चंद्रकांत पंडित ने मुझे गले लगा लिया और मुझसे कहा, तुमने इज्जत बचा ली। दूसरी ओर, चंद्रकांत पंडित ने कहा, मैं अगर अपने 43 साल क्रिकेट करियर की बात करूं, तो इससे पहले 2 शानदार पारियां मैंने देखी थीं। इसमें एक शास्त्री की पारी शामिल है। जब उन्होंने रणजी ट्रॉफी में 6 छक्के लगाए थे। तब शास्त्री ऐसा करने वाले भारत के पहले बल्लेबाज बने थे।

उन्होंने आगे कहा, दूसरी जावेद मियांदाद की जब उन्होंने अंतिम गेंद पर छक्का लगाया था। इसके बाद मैं रिंकू को यह कमाल करते देख रहा हूं। पंडित ने आखिरी ओवर की पहली ही गेंद पर रिंकू को क्रीज पर लाने के लिए उमेश की भी सराहना की, इसके अलावा वेंकटेश अय्यर की 40 गेंदों में 83 रनों की पारी और कप्तान नीतीश राणा के साथ 55 गेंदों में 100 रन की साझेदारी की भी प्रशंसा की।

## मजाकिया अंदाज में बोले धोनी , राज सबसे देर में तैयार होता है

मुम्बई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने एक कार्यक्रम में मजाकिया अंदाज में कहा कि युवा खिलाड़ी राजवर्धन हैंगरगेकर को तैयार होने में सबसे ज्यादा समय लगता है। राजवर्धन सीएसके के पहले दो मैचों में नो-बॉल फेंके जाने पर ट्रोल हुए थे। इस कार्यक्रम में धोनी ने यह भी कहा कि राजवर्धन हैंगरगेकर ही सबसे ज्यादा समय तैयार होने में लेते हैं। धोनी ने इस युवा ऑलराउंडर का मजाक उड़ाते हुए कहा कि किसी को भी उसकी नो-बॉल के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। इसके बाद सभी लोग हंसने लगे।

धोनी ने इस कार्यक्रम के दौरान कहा, राजवर्धन को सबसे ज्यादा समय तैयार होने में लगता है। इसके बाद राजवर्धन ने माइक संभालते हुए सभी को गुड इविंग कहा । साथ ही कहा कि यहां आकर बहुत खुशी हुई। जैसा माही भैया ने कहा कि जितना ज्यादा हम इस इवेंट का हंसी-मजाक कर आनंद उठा सकते हैं। उतना कोशिश करेंगे और बाकी देखेंगे।

इसके बाद धोनी ने राजवर्धन के इस कमेंट के बाद उन्हें ट्रोल करते हुए कहा, यह बोल रहा है कि कोई इसके नो बॉल के बारे में बात नहीं करेगा। धोनी का यह कमेंट सुनकर हर कोई हंसने लगा।

## आरसीबी को दोहरा झटका, हार के बाद कप्तान डु प्लेसिस पर लगा जुर्माना

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम को लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच में हार के बाद एक और झटका लगा है। आरसीबी के कप्तान कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर इस मैच में धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। आईपीएल के अनुसार, ह्यआरसीबी पर लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ हुए मैच में धीमी ओवर गति के लिए ये जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया है, ह्यधीमी ओवर गति से जुड़ी आईपीएल की आचार संहिता के तहत आरसीबी ने इस सत्र में यह पहली गलती की है। इसलिए कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाता है।

वहीं इस मैच में लखनऊ की जीत के बाद अतिउत्साह में अपना हेलमेट फेंकने वाले तेज गेंदबाज आवेश खान को अंपयरों ने फटकार लगायी है पर उनपर कोई जुमाना है तो उन पर वित्तीय जुर्माना नहीं लगाया गया है। उन्हें केवल चेतावनी दी गई है। इसमें कहा गया, ह्यलखनऊ सुपरजाइंट्स के आवेश को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई है। आवेश ने आईपीएल आचार संहिता के स्तर एक के अपराध को स्वीकार किया है। इस मामले में मैच रैफरी का फैसला अंतिम रहता है।

# आईपीएल 2023 : ऑरेंज कैप की दौड़ में धवन सबसे आगे, पर्पल कैप के लिए वुड पहले नंबर पर पहुंचे

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16 वें सत्र में हर एक मैच के साथ ही सबसे अधिक रन के लिए दी जाने वाली (ऑरेंज कैप) और सबसे अधिक विकेट के लिए दी जाने वाली (पर्पल कैप) के दावेदारों में बदलाव आता जा रहा है। अब तक सबसे ज्यादा रन बनाकर पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। ऑरेंज कैप के शीर्ष पांच दावेदारों में फाफ डुप्लेसिस और विराट कोहली भी शामिल हो गये हैं। वहीं पर्पल कैप की दौड़ में लखनऊ सुपर जाएंट्स के तेज गेंदबाज मार्क वुड सबसे आगे हो गये हैं जबकि पंजाब किंग्स के स्पिनर राशिद खान सबसे ज्यादा विकेट के मामले में दूसरे नंबर पर खिसक गये हैं। वुड ने 3 मैचों में 9 विकेट लिए हैं जबकि राशिद ने 8 विकेट लिए हैं।

बल्लेबाजी की बात करें तो धवन अभी भी एकमात्र बल्लेबाज हैं, जिन्होंने आईपीएल के इस सत्र में 200 से ज्यादा रन बनाए हैं। शिखर धवन ने तीन पारियों में 99 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी के साथ कुल 225 रन बनाए हैं। दूसरे नंबर पर ऋतुराज गायकवाड़ हैं।

वहीं ऋतुराज ने 189 रन बनाए हैं। तीसरे स्थान पर आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस हैं, जिन्होंने 3 मैचों में 175 रन बनाए हैं। विराट कोहली अब चौथे नंबर पर हैं, जिन्होंने तीन पारियों में दो अर्धशतकों के साथ ही कुल 164 रन बनाए हैं। आईपीएल 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में पांचवें नंबर पर डेविड वॉर्नर हैं, जिन्होंने 158 रन बनाए हैं।

सबसे अधिक रनों के मामले में तीसरे नंबर पर आरसीबी के विराट कोहली हैं अनके नाम 164 रन जबकि चौथे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के डेविड वॉर्नर हैं। वॉर्नर ने 158 रन बनाये हैं।

वहीं पर्पल कैप की दौड़ में वुड और राशिद के बाद तीसरे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं। चहल के नाम भी 8 विकेट हैं पर अधिक रन देने के कारण वह तीसरे स्थान पर हैं। लखनऊ के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई 6 विकेट लेकर चौथे अल्जारी जोसेफ इतने ही विकेट लेकर पांचवें नंबर पर हैं।



मोंटो कार्लो में ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थीम पहले दौर के मैच के बाद उत्साहित दिखे।

# आईएमएफ से भीख मांग रहा पाकिस्तान, सेना यूक्रेन को बेच रही हथियार और गोला बारुद

**मोटी कमाई करने में जुटी पाकिस्तानी आर्मी**

**कराची।** कर्ज में डूबा पाकिस्तान अपने इतिहास के सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा है। आटे की वजह से भगदड़ में होने वाली मौत हो या फिर रमजान पर महंगे फल और सब्जी, ये पाकिस्तानी जनता को परेशान कर रही हैं। इस सबसे बड़े संकट के बीच ही पाकिस्तानी सेना से जुड़े इसतरह के सबूत सामने आए हैं, जो यह बताने के लिए काफी हैं कि किस तरह से पाकिस्तानी आर्मी ने भारी मात्रा में हथियारों और गोला-बारूद यूक्रेन को बेचकर ज्यादा से ज्यादा फायदा कमाया है। पाकिस्तान ने पश्चिमी देशों के रास्ते इन हथियारों को यूक्रेन भेजा है। दिलचस्प बात है कि जिस समय पाकिस्तान, रूस से आटा ले रहा था उसी समय उसके दुश्मन के हथियार सप्लाई कर रहा था।

पाकिस्तान हमेशा से दावा करता आया है कि वह यूक्रेन के युद्ध में तटस्थ है लेकिन जो डॉक्यूमेंट्स सामने आए हैं, वहां कुछ और ही बताते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस साल फरवरी और मार्च के बीच, 42,000 122 एमएम बीएम-21 मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर पाकिस्तान से भेजे गए थे। पाकिस्तान ने इन हथियारों को अमेरिका, ब्रिटेन और सऊदी अरब के रास्ते यूक्रेन भेजा था। पाकिस्तान की ऑर्डनेंस फैक्ट्रियां ब्रिटेन, अमेरिका और सऊदी अरब के रास्ते यूक्रेन को गोला-बारूद बेच रही हैं। पाकिस्तान ने इस आदान-प्रदान को सीक्रेट रखने की काफी कोशिशें की लेकिन असफल रहा।

इन हथियारों की बिक्री से पाकिस्तान को अब तक 364 मिलियन डॉलर मिले हैं। जबकि बाकी 309 मिलियन डालर अभी पेंडिंग हैं। हैरानी की बात है कि 364 मिलियन डॉलर में से, प्रॉफिट का एक बड़ा हिस्सा यानी 80 फीसदी रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना मुख्यालय में चला गया है। इन डॉक्यूमेंट्स से पता लगता है कि कैसे हथियारों की भारी मात्रा और पाकिस्तानी सेना के हेडक्वाट्र्स पर जमा है।

जो मुनाफा पाकिस्तानी सेना को हुआ है, वह भी चौंकाने वाला है। शायद यही वजह है कि देश के आर्थिक संकट के बावजूद पाकिस्तानी सेना हथियार हासिल करने में लगी हुई है। पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री एक सरकारी कॉरपोरेशन है जो वाह कैंट, पंजाब, पाकिस्तान में स्थित है। यह फैक्ट्री सबसे अहम डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर है। इसके अलावा यह पाकिस्तान के रक्षा उत्पादन मंत्रालय के तहत ऑपरेट होने वाली सबसे बड़ी डिफेंस फैक्ट्री है। बिल के अनुसार, लोडिंग और अनलोडिंग, पैकिंग, मजदूरी और और पोर्ट क्लीयरेंस से जुड़े कामों के लिए 43 मिलियन पाकिस्तानी रुपए खर्च होने का अंदाजा लगाया गया है। कराची पोर्ट ट्रस्ट के ट्रैफिक मैनेजर को संबोधित एक अन्य पत्र में शिपमेंट के लिए बंदरगाह में माल प्रवेश करने की अनुमति के लिए अनुरोध 18 जनवरी, 2023 को किया गया था।

# तालिबानी राज का एक और कारनामा, महिलाओं के रेस्तरां में जाने पर पाबंदी

**काबुल।** तालिबान ने अफगानिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत हेरात में बगीचों या हरे-भरे स्थानों वाले रेस्तरां में परिवारों और महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। तालिबान ने अगस्त 2021 में सत्ता में आने के बाद से अपने शासन में महिलाओं पर अंकुश लगाना जारी रखा है। एक अधिकारी के अनुसार, नवीनतम कदम धार्मिक विद्वानों और जनता के सदस्यों की तरफ से की गई शिकायतों के बाद दिया गया है।

आउटडोर डाइनिंग प्रतिबंध केवल हेरात में प्रतिष्ठानों पर लागू होता है, जहां ऐसे परिसर पुरुषों के लिए खुले होते हैं। अधिकारियों के अनुसार, महिलाओं के हिजाब (इस्लामिक हेडस्कार्फ.) ठीक से नहीं पहनने के कारण प्रतिबंध लागू किया गया हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, हेरात में उप मंत्रालय और सदाचार निदेशालय के एक उप अधिकारी बाज मोहम्मद नजीर ने कहा कि सभी रेस्तरां परिवारों और महिलाओं के लिए वर्जित नहीं थे। अधिकारी ने कहा कि प्रतिबंध केवल पार्क जैसे हरे-भरे क्षेत्रों वाले रेस्तरां तक ??ही सीमित था, जहां पुरुष और महिलाएं मिल सकते थे। उन्होंने कहा, विद्वानों और आम लोगों की बार-बार की शिकायतों के बाद, हमने सीमा तय की और इन रेस्तरां को बंद कर दिया। हेरात में उप और सदाचार निदेशालय के प्रमुख अजीजुर्रहमान अल मुहाजिर ने कहा कि यह एक पार्क की तरह था लेकिन उन्होंने इसे एक रेस्तरां का नाम दिया और पुरुष और महिलाएं एक साथ थे। भगवान का शुक्र है कि इसे अब ठीक कर दिया गया है।

इसके अलावा, नजीर ने इन रिपोर्टों का भी खंडन किया कि हेरात में विदेशी फिल्मों, संगीत और टेलीविजन शो की डीवीडी बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। उन्होंने दावा किया कि दुकानदारों को सलाह दी गई थी कि वे ऐसी सामग्री न बेचें क्योंकि यह इस्लामिक मूल्यों के विपरीत है। नजीर ने कहा कि जिन दुकानदारों ने नियमों का पालन नहीं किया, उन्होंने अपनी दुकानें बंद देखीं। उन्होंने इन खबरों का भी खंडन किया कि हेरात में इंटरनेट कैफे बंद कर दिए गए हैं।



बीजिंग में रेत के तूफान के बीच से निकलते हुए लोग।

# शेख हसीना ने अमेरिका पर अपनी सरकार गिरने की साजिश रचने का आरोप लगाया

**ढाका।** बांग्लादेश की संसद में प्रधानमंत्री शेख हसीना के तल्ख तेवर दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ एक अखबार बल्कि अमेरिका तक पर उनकी सरकार को गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। पीएम हसीना ने कहा कि कल तक जो भ्रष्टाचार के खिलाफ बात करते थे, आज वहीं इसका समर्थन करने वालों के पक्ष में खड़े हैं। पीएम हसीना ने संसद सत्र में अमेरिका पर जमकर भड़ास निकालकर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष को खूब सुनाया। हसीना ने बांग्लादेशी अखबार का जिक्र कर यह अखबार किसी बच्चे को भी 10 टका देकर उससे देश की स्थिति पर झूठ बुलवाता है और फिर उसी झूठ को प्रमुखता से छापता है। हसीना के शब्दों में, एक सात साल के बच्चे को 10 टका दिया जाता है और उससे गलत बयान लिए जाते हैं। वह बच्चा पैसा मिलने के बाद कहता है कि मुझे मीट और चावल सुनिश्चित करने के लिए आजादी चाहिए। अखबार इसके शब्दों को छापता है और अखबार अंधेरे में गलत काम करता है। हसीना के बयान पर सांसदों ने टेबल बजाकर उनका जोश बढ़ाया। हसीना ने अखबार को अवामी लीग, लोकतंत्र और देश की जनता का दुश्मन करार दिया। इसके बाद पीएम ने अमेरिका का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अखबार को इसतरह के लोगों का समर्थन मिला है, जो कर्ज को आधार बनाकर अपने हित साधना चाहते हैं। यह वह शख्स है, जो अमेरिका का करीबी है। हसीना का कहना था कि अमेरिका ने कभी भी सवाल नहीं किया कि कैसे ग्रामीण बैंक का एमडी कानूनी तौर पर सामाजिक व्यवसाय से जुड़े संगठन को आगे बढ़ाता रहा और उसने मिलियन डॉलर्स कमा लिए। कभी भी अमेरिका ने इस पैसे का स्त्रोत जानने की जहमत नहीं उठाई। हसीना ने कहा कि अमेरिका अटलांटिक के बाहर कभी भी लोकतांत्रिक मानदंडों का पालन नहीं करता है। दूसरे देशों की बात जब होती है, तब उसकी लोकतंत्र की परिभाषा बदल जाती है। उन्होंने अपना पुराना सवाल भी दोहराकर कहा कि आखिर अमेरिका क्यों एक सैन्य तानाशाह का समर्थन कर रहा है?

# शिंदे गुट और भाजपा इतिहास में बालासाहेब के योगदान को कम करने की कोशिश : उद्धव ठाकरे



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को भाजपा के उस मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की, जिस मंत्री ने दावा किया था कि दिवंगत शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे या उनके लोगों का अयोध्या में 6 दिसंबर, 1992 बाबरी मस्जिद गिराए जाने से कोई लेना-देना नहीं था। दिवंगत बालासाहेब पर मंत्री चंद्रकांत पाटिल की टिप्पणी के बाद छिड़े ताजा विवाद के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने सत्तारूढ़ शिवसेना के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सहयोगी भाजपा पर भी निशाना साधा।

ठाकरे ने कहा, जब बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराया जा रहा था, तब ये सभी चूहे अपने बिलों में छिपने के लिए दौड़ पड़े थे, इतने सालों में यह गोमूत्र-धारी पाटिल कहां था और 30 साल बाद क्यों सामने आया है? उन्होंने शिंदे से पाटिल को बर्खास्त करने या उनका इस्तीफा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगर वह ऐसा नहीं कर सकते तब बालासाहेब ठाकरे का नाम लेना या उनकी तस्वीरों का इस्तेमाल करना बंद कर दें और इस्तीफा दे दें। ठाकरे ने कहा कि वे (शिंदे और उनके 40 विधायक) बालासाहेब का नाम लेने का नैतिक अधिकार भी खो चुके हैं और पूछा कि वे अब चुप क्यों हैं।

ठाकरे ने कहा, यह इतिहास में बालासाहेब के योगदान को कम करने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं है। पहले उन्होंने इतिहास की किताबों से मुगल काल को मिटा दिया, अब वे पाठ्यपुस्तकों से हिंदुत्व को भी मिटाने की कोशिश कर रहे हैं। पाटिल ने कहा था कि एक भी शिव सैनिक ने बाबरी मस्जिद की ध्वंस में भाग नहीं लिया था, जिससे सत्तारूढ़ गठबंधन और शिवसेना (यूबीटी) के बीच एक बड़ी राजनीतिक लड़ाई छिड़ गई है।

# लंदन जा रही फ्लाइट में यात्री ने क्रू को पीटा पेशावर से दिल्ली लौटा विमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली से लंदन जा रही एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट में एक हवाई यात्री द्वारा दो केबिन क्रू मेंबर के साथ बदसलूकी और हाथापाई का मामला सामने आया है। हवाई यात्री की बदसलूकी और हिंसात्मक रवैये से उत्पन्न खतरे को भांपते हुए क्रू मेंबर के कहने पर फ्लाइट को वापस दिल्ली लौटना पड़ा। अब इस पूरे मामले की शिकायत एयर इंडिया की तरफ से हवाई यात्री के खिलाफ पुलिस में की गई है। एयर इंडिया के प्रवक्ता के द्वारा मीडिया को दी गई जानकारी के अनुसार फ्लाइट ने कल सुबह दिल्ली से 6 बजकर 30 मिनट पर लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान भरने के बाद ही एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर एएल-111 के इकोनॉमी क्लास के 20ई में सफर कर रहे जसकीरत सिंह नाम के शख्स ने क्रू मेंबर्स के साथ दतमीजी और बदसलूकी शुरू कर दी। क्रू मेंबर के लगातार समझाने के बाद भी वह अपने व्यवहार से बाज नहीं आ आया। इस दौरान जब फ्लाइट पेशावर के पास पहुंची तो यात्री एल2 गेट के पास पहुंच कर उसे खोलने की कोशिश करने लगा। क्रू मेंबर्स के मना करने पर भी वो नहीं माना और उसने एक क्रू मेंबर के गले और दूसरे के चेहरे पर जोरदार वार किया और बाल पकड़ कर खींचा। यात्री के इस हिंसात्मक रवैये को देखते हुए फ्लाइट को वापस दिल्ली की तरफ मोड़ा गया और सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर फ्लाइट आईजीआई एयरपोर्ट पर लैंड हुई। आईजीआई एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड करने के बाद आरोपी यात्री को एयरपोर्ट सिक्योरिटी के हवाले कर दिया गया। आरोपी यात्री अपने माता-पिता के साथ लंदन जा रहा था। फ्लाइट में कुल 225 यात्री सवार थे। बाद में फ्लाइट को री-शेड्यूल कर के दोपहर में लंदन के लिए रवाना किया गया। जिसके बाद एयरपोर्ट थाने की पुलिस को इसकी लिखित शिकायत दी गई और आरोपी यात्री को पुलिस के हवाले कर दिया गया। डीसीपी देवेश महला के अनुसार इस मामले में पुलिस ने दोनों महिला क्रू मेंबर की मेडिकल जांच में बाद शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल, एयरपोर्ट थाना पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की जांच में जुटी है।

# सिद्धू को कुछ होता है तो इसके लिए सीएम मान जिम्मेदार रहेंगे: नवजोत कौर

**– नवजोत सिंह सिद्धू की सुरक्षा जेड प्लस से कम करके वाई प्लस की गई**

**अमृतसर।** नवजोत सिंह सिद्धू की सुरक्षा जेड प्लस से कम करके वाई प्लस करने पर पत्नी नवजोत कौर ने ट्वीट कर कहा कि अगर नवजोत सिद्धू को कुछ होता है तो सीएम इसके लिए जिम्मेदार होंगे। उनकी पटियाला जेल बाहर आते ही उनकी सुरक्षा कम कर दी गई है जिसके चलते 25 में से 13 लोग ही उनकी सुरक्षा के लिए दिए गए हैं। सीएम मान ने अपने प्रियजनों की सुरक्षा बढ़ा दी है लेकिन जहां डॉ. नवजत कौर ने कहा कि आपकी दूसरों के प्रति भी जिम्मेदारियां हैं। सिद्धू मूसेवाला की सुरक्षा कम करने का खमियाजा सरकार पहले ही भुगत चुकी है। सरकार ने सत्ता में आते ही सिद्धू मूसेवाला की सिक्योरिक्टी कम कर दी थी जिसकी जानकारी मीडिया में सांझी की गई थी। सुरक्षा सिक्योरिटी कम होते ही गैंगस्टरों ने मिलकर सिद्धू की हत्या कर दी थी। नवजोत कौर ने ट्वीट कर सीएम भगवंत मान से कहा कि मेरे पति एक ऐसे नेता हैं जिनके बहुत समर्थक हैं। पंजाब के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए वह दिन-रात सफर कर रहे हैं। गैंगस्टर लॉरेंस के एक भाषण में उनका जिक्र होने के बावजूद आपने उनकी सुरक्षा में कटौती की है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी तरह का कोई नुकसान होता है तो इसके लिए वह सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। इस दौरान डॉ. कौर ने 2022 में लिखा एक सरकारी पत्र भी शेयर किया है जिसमें स्पष्ट लिखा है कि नवजोत सिंह की जेड प्लस सुरक्षा जेल में होने के चलते वापिस ली गई है। जेल से बाहर आने के बाद उनकी सुरक्षा सिक्योरिटी वापिस कर दी जाएगी परंतु जेल से बाहर बाद आने के बाद सुरक्षा तो दी लेकिन कम करके वापस की।



नेपाल में बेस्केट यात्रा समारोह में भगवान भैरव के रथ को खींचते हुए लोग।

# जबरदस्त प्रचार करके भाजपा किसी भी कीमत पर हासिल करना चाहती है सत्ता

बेंगलुरु। भाजपा कर्नाटक में किसी भी कीमत पर सत्ता हा?सिल करना चहती है, शायद इसीलिए जबरदस्त प्रचार में जुटने की तैयारी कर ली है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा अपनी पूरी ताकत झोंक रही है। कर्नाटक में सत्ता वापसी के लिए भाजपा लगातार अभियान चला रही है। माना जा रहा है कि भाजपा 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जल्दी ही जारी करेगी। स्टार प्रचारकों की सूची में नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह जैसे बड़े नेताओं का तो नाम होगा ही। लेकिन जिन नामों की पार्टी के लिए प्रचार करने की बड़ी मांग है उनमें केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, ??विदेश मंत्री एस जयशंकर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शामिल हैं। कर्नाटक राज्य में, चुनाव आयोग द्वारा चुनाव समयरेखा की घोषणा के तुरंत बाद भाजपा ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है।

गौरतलब है ?कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में मैसूरु का दौरा किया, जिसे जद (एस) तथा कांग्रेस का सबसे प्रभावशाली निर्वाचन क्षेत्र कहा जाता है। आजादी के बाद से ही कर्नाटक की राजनीति में लिंगायतों और वोक्कालिगा मतदाताओं का दबदबा रहा है। जबकि लिंगायत आबादी राज्य भर में देखी जाती है, वोक्कालिगा समुदाय के सदस्य मैसूर क्षेत्र सहित केवल तीन-चार जिलों में घनी आबादी वाले हैं। सत्ता को बनाए रखने और लिंगायत आधार से परे प्रचार करने के प्रयास में, भाजपा पार्टी के सबसे लोकप्रिय चेहरों को तैनात करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार कर्नाटक एक अजीबोगरीब राज्य है जहां नेताओं की लोकप्रियता एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में भिन्न होती है। इसी ?लिए योगी आदित्यनाथ जैसा नेता तटीय कर्नाटक क्षेत्र में एक बड़ी अपील होगी, जबकि कर्नाटक में महाराष्ट्र के सीमावर्ती जिलों में, पार्टी चाहती है कि देवेंद्र फडणवीस और गोवा के प्रमुख प्रमोद सावंत उनकी लोकप्रियता और भाषा कनेक्शन को देखते हुए प्रचार करें।

# सीजेआई चंद्रचूड़ ने वकील को दी चेतावनी, अधिकार से खिलवाड़ न करें

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार की सुबह मामलों की सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सिस्टम को दरकिनार करने की कोशिश करने वाले एक वकील पर तंज कसा। सीजेआई ने वकील से कहा कि मेरे अधिकार के साथ खिलवाड़ मत करो। जल्द से जल्द तारीख पाने के लिए, वकील ने मामले को एक अन्य पीठ के समक्ष उल्लेख करने की मांग की, जबकि मामला पहले ही सीजेआई द्वारा 17 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध किया गया था। सीजेआई ने पूछा कि आपकी तारीख 17 तारीख है, आप 14 तारीख की तारीख पाने के लिए किसी अन्य पीठ के समक्ष इसका उल्लेख करना चाहते हैं? इसके बाद वकील ने कहा कि इसी तरह का मामला कल अदालत ने उठाया था और कुछ नए मामलों का भी उल्लेख किया गया था। सीजेआई ने कहा कि हम आपको 17 तारीख दे रहे हैं। यह 17 तारीख को आएगी। इसका कहीं और उल्लेख न करें और एक प्रारंभिक तिथि प्राप्त करें। वकील ने कहा कि कृपया मुझे क्षमा करें।

इस पर सीजेआई ने कहा कि आप को बिल्कुल क्षमा कर रहे हैं। लेकिन मुझे भी क्षमा करें। 17वां मतलब 17वां। मेरे अधिकार के साथ खिलवाड़ न करें। मुख्य न्यायाधीश की अदालत ने मार्च में भी उस समय गरमागरम बहस देखी थी जब एक वरिष्ठ वकील ने एक निश्चित तिथि पर मामले को पहले आइटम के रूप में सूचीबद्ध करने की मांग की थी।

# सड़क मार्ग से अब केवल छह घंटे में पहुंच सकेंगे माता वैष्णो देवी

**– दिल्ली अमृतसर कटरा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे बना रही है सरकार**

नई दिल्ली। दिसंबर से दिल्ली से माता वैष्णो देवी कटरा का सफर केवल छह घंटे का रह जाएगा। अभी 12 से 14 घंटे लगते हैं। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय दिल्ली अमृतसर कटरा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे बना रहा है, जो इस वर्ष दिसंबर तक तक तैयार हो जाएगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अनुसार दिल्ली अमृतसर कटरा एक्सप्रेसवे 670 किलोमीटर लंबा होगा। गडकरी ने एक?सप्रेसवे समेत जम्मू कश्मीर में चल रहे सभी प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। गडकरी ने बताया कि अभी कटरा तक की दूरी 757 किमी है। इसके निर्माण में 37524 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। एक्सप्रेसवे के निर्माण के बाद दूरी भी 58 किमी कम हो जाएगी। इतना ही नहीं भविष्य में श्रीनगर तक की दूरी भी आठ घंटे में पूरी की जाएगी। एक?सप्रेसवे पर ट्रक स्टॉप, फूड कोर्ट, ट्रॉमा सेंटर, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और ट्रैफिक पुलिस स्टेशन बनेंगे। यह तीन राज्यों हरियाणा, पंजाब और जम्मू कश्मीर से गुजरेगा। इसके बन जाने के बाद दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान आने जाने में सुविधा होगी। यह एक?सप्रेसवे सबसे अधिक पंजाब से 422 किमी. गुजरेगा। हरियाणा में 158 किमी. लंबा एक्सप्रेसवे होगा। एक्सप्रेसवे कुंडली मनेसर पलवल (केएमपी) इंटरचेंज से शुरू होगा, जो झज्जर, रोहतक, सोनीपत,जींद, करनाल और कैथल जिलों से होकर गुजरेगा।

# बईया चिड़िया को किया बेघर, वन विभाग ने ठेकेदार पर एक करोड़ 12 लाख का जुर्माना ठोका

झज्जर । हरियाणा के झज्जर जिले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। वन विभाग ने लोहारी माइनर क्षेत्र में पेड़ों को तहस-नहस करने के एवज में एक ठेकेदार पर एक करोड़ 12 लाख का जुमार्ना लगाया है। इतना ही नहीं ठेकेदार के करीब डेढ़ करोड़ रुपए के वाहनों को भी जब्त किया है। हरियाणा प्रदेश के इतिहास में वन विभाग द्वारा की गई यह अभी तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। दरअसल कृष्णा कंस्ट्रक्शन कंपनी ने लोहारी गांव के आसपास मनमाने तरीके से करीब 1500 पेड़ों को तहस-नहस कर दिया। इस पेड़ों पर बईया नाम की चिड़िया के घोंसले भी थे। कंपनी ने न सिर्फ पेड़ों को तहस नहस कर मिट्टी के नीचे दबा दिया। बल्कि परिंदों के घर भी छीन लिए। जिससे वन और प्रकृति को भारी नुकसान हुआ है। इसके बाद वन विभग ने ये बड़ी कार्रवाई की है।

कृष्णा कंस्ट्रक्शन कंपनी के केयरटेकर अविनाश सिंगल की देखरेख में कंपनी माइनर का निर्माण कर रही है। लेकिन गैरकानूनी तरीके से लोहारी आरक्षित वन क्षेत्र में कंपनी में करीब 1500 पेड़ उखाड़ दिए, तोड़ दिए और मिट्टी के नीचे दबा दिए। लोहारी माइनर क्षेत्र में वन विभाग का 20000 हेक्टेयर वन क्षेत्र आरक्षित है।

कंपनी ने माइनर के साथ लगती मिट्टी को बेचने का प्रयास किया। जिन पेड़ों को नष्ट किया गया उन पेड़ों पर ऐसी प्रजाति के पक्षियों का भी घोंसला था। जो अब कभी कभार और किसी जगह ही देखने को मिलती है। बईया नामक पक्षियों की प्रजाति लगातार विलुप्त होती जा रही है। इन पेड़ों पर उनका भी आशियाना था और यह प्रजाति अब हरियाणा प्रदेश में कहीं-कहीं ही दिखाई देती है। लेकिन कंपनी ने बईया चिड़िया को भी बेघर कर दिया।

विभाग के मुताबिक यह मामला बड़ा हो सकता है क्योंकि जिस कंपनी के पास माइनर का काम है। वह कंपनी पीछे गुरुग्राम से भी काम करती आ रही है और झज्जर का यह 9 किलोमीटर का एरिया था। जहां पर इन्होंने पेड़ों को नष्ट किया। झज्जर वन विभाग गुरुग्राम वन विभाग से भी संपर्क कर रहा है। अगर गुरुग्राम में भी कम्पनी ने ऐसा ही कारनामा किया होगा, तब जुमार्ने की राशि बढ़ सकती है।

# गुटका, पान मसाला पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बरकरार रखा प्रतिबंध

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शहर में गुटखा, पान मसाला, फ्लेवर्ड तंबाकू और इसी तरह के अन्य उत्पादों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगे प्रतिबंध को बरकरार रखा है। प्रतिबंध शुरू में खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा लगाया गया था, लेकिन बाद में सितंबर 2022 में उच्च न्यायालय द्वारा इसे रद्द कर दिया गया था। केंद्र और दिल्ली सरकार ने फैसले के खिलाफ अपील की और मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने अब पहले के फैसले को खारिज कर दिया और प्रतिबंध को बरकरार रखा। अदालत ने प्रतिबंध के खिलाफ तंबाकू व्यवसाय में संस्थाओं द्वारा उठाई गई आपत्तियों को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि अधिसूचनाओं को रद्द करने का कोई औचित्य नहीं है। अदालत ने घोषणा की है कि अधिसूचनाओं को रद्द करने के पिछले फैसले का कोई औचित्य नहीं था और 2015 से 2021 तक लागू प्रतिबंध के खिलाफ तंबाकू व्यवसायिक संस्थाओं की आपत्तियों को खारिज कर दिया। पीठ में शामिल न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने कहा, हम विद्वान न्यायाधीश द्वारा दिए गए फैसले को बरकरार रखने में खुद को असमर्थ पाते हैं। इन अपीलों को अनुमति दी जाएगी। हमें उठाई गई चुनौती (प्रतिबंध के खिलाफ) में कोई योग्यता नहीं मिली। परिणामस्वरूप, इसे खारिज कर दिया जाएगा। अदालत ने कहा, यह देखना आवश्यक हो जाता है कि रिट याचिकाकताओं (तंबाकू से संबंधित उत्पादों, आदि के निमार्ता) ने यह विवाद नहीं किया कि सिगरेट के साथ-साथ धुंआ रहित तंबाकू दोनों का सार्वजनिक स्वास्थ्य पर सीधा और हानिकारक प्रभाव पड़ता है। एक बार यह पाया गया और स्वीकार किया गया कि दोनों श्रेणियां तंबाकू से बनने वाले पदार्थ जिनका जनस्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव पड़ता है, लागू की गई अधिसूचनाएं स्पष्ट रूप से रद्द किए जाने का वारंट नहीं करती हैं। अदालत ने कहा कि याचिकाकताओं ने गलत धारणा के तहत संचालन किया था कि अधिसूचना का उद्देश्य तंबाकू पर प्रतिबंध लगाना या प्रतिबंधित करना था, जबकि वास्तव में, उन्होंने खाद्य उत्पादों में तंबाकू या तंबाकू उत्पादों को शामिल करने पर रोक लगाने की मांग की थी।



उत्तरी आयरलैंड में विद्रोही रिपब्लिकन एंटी गुड फ्राइडे एग्रीमेंट रैली निकालते हुए।

## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद सेंसेक्स 60 हजार के ऊपर निकला

**निफ्टी 17 हजार के ऊपर निकला**

**मुम्बई।** शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से बाजार में ये उछाल आया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 311.21 अंक करीब 0.52 फीसदी बढ़कर 60,157.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 60,267.68 के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद 59,919.88 तक गिरा। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 98.25 अंक तकरीबन 0.56 फीसदी ऊपर आया। निफ्टी कारोबार के अंत में 17,722.30 अंक पर बंद हुआ। यह 17,748.75 के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद 17,655.15 तक गिरा।

आज कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में से 20 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। कोटक बैंक, टाटा स्टील, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फिनसर्व सेंसेक्स के शीर्ष पांच लाभ वाले शेयरों में शामिल रहे। गेनर्स रहे। सबसे अधिक 4.64 फीसदी कोटक बैंक के शेयर उछले।

वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के शेयरों में 10 शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। टीसीएस, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और एशियन पेंट्स के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे। इसके अलावा टीसीएस के शेयरों भी करीब 1.78 फीसदी तक टूटे। इससे पहले आज सुबह बाजार की तेज शुरूआत हुई। प्री-ओपनिंग में बाजार में बढ़त देखने को मिली। एशियाई बाजारों में तो निक्केई, कोस्पी समेत हैंगसेंग में भी तेजी देखने को मिली। इसके अलावा अमेरिकी वायदा बाजार में सपाट ट्रेडिंग देखने को मिल रही है। अमेरिकी बाजार में महंगाई आंकड़ों से पहले सतर्क नजर आये।

## फिर टली अनिल अंबानी की कंपनी की नीलामी

**मुंबई।** भारी कर्ज में डूबी कारोबारी अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल की नीलामी फिर अटक गई है। मंगलवार को रिलायंस कैपिटल की दूसरी नीलामी होने वाली थी, लेकिन अब ये फिर से अटक गई है। लेंडर्स ग्रुप ने अभी तक दूसरे राउंड के नीलामी के लिए नई डेट का ऐलान नहीं किया है।

कर्ज में फंसी रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (आरसीएल) की मंगलवार को होने वाली दूसरी नीलामी को कर्जदाताओं ने टाल दिया है। कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) ने आरसीएल के लिए दूसरी ऑनलाइन नीलामी 11 अप्रैल को करने का कार्यक्रम तय किया था लेकिन इस अब टाला गया है। नई तारीख के बारे में अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। इसके पहले पिछले हफ्ते भी नीलामी के दूसरे दौर को 11 अप्रैल तक के लिए टाला गया था। सूत्रों के मुताबिक, हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल, टॉरेंट इंवेस्टमेंट और सिंगापुर की ओक्ट्री ने दूसरे दौर की नीलामी में हिस्सा लेने की पुष्टि की हुई है।

इसके पहले रिलायंस कैपिटल की बिक्री के लिए दिसंबर में ऑनलाइन नीलामी हुई थी जिसमें टॉरेंट इंवेस्टमेंट ने सर्वाधिक बोली लगाई थी। वहीं दूसरे स्थान पर रही आईआईएचएल ने नीलामी के बाद संशोधित बोली लगा दी जिसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 29 नवंबर, 2021 को रिलायंस कैपिटल के निदेशक मंडल को भंग करने के साथ नागेश्वर राव वाई को प्रशासक नियुक्त कर दिया था।

## इनकम टैक्स विभाग ने सीआईआई अधिसूचित किया

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने चालू वित्त वर्ष के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) अधिसूचित किया है। करदाता इस सूचकांक का उपयोग अचल संपत्ति, प्रतिभूतियों और आभूषणों की बिक्री से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना के लिए करते हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की एक अधिसूचना के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (आकलन वर्ष 2024-25 के लिए प्रासंगिक) 348 पर था। सामान्य तौर पर आयकर विभाग सीआईआई को जून के महीने में अधिसूचित करता है।

बीते वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 331 और 2021-22 के लिए 317 था। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स में एक वरिष्ठ साझेदार ने कहा कि आयकर विभाग ने इस वर्ष सीआईआई तीन महीने पहले ही अधिसूचित कर दिया, इससे अब करदाता 2023-24 की पहली तिमाही में पूंजीगत लाभ पर कर की सटीक गणना कर सकेंगे और आवश्यक अग्रिम कर का भुगतान कर सकेंगे।

## जीएलएस में अपनी हिस्सेदारी बेच सकती है ग्लेनमार्क फार्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय फार्मा सेक्टर की प्रमुख कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड अपने कर्ज के बोझ को कम करने के लिए ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज (जीएलएस) में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए बात कर रही है। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स के शेयर सोमवार 10 अप्रैल को एनएसई पर 1.19 प्रतिशत बढ़कर 487.85 रुपए पर बंद हुए, जबकि ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज 0.63 प्रतिशत बढ़कर 408.65 रुपए पर बंद हुआ। एक रिपोर्ट के अनुसार यह बिक्री सौदा कोटक महिंद्रा कैपिटल द्वारा अंडरराइट की गई है। इस सौदे को लेकर न तो ग्लेनमार्क और न ही कोटक ने सवालों का जवाब दिया। बता दें कि वर्ष 2019 में कंपनी ने अपने सक्रिय फार्मास्युटिकल संघटक (एपीआई) कारोबार में अपनी हिस्सेदारी बेचने को लेकर विचार किया था। हालांकि, ऐसा करने की बजाय बजाय कंपनी ने अलग सहायक कंपनी जीएलएस शुरू की थी और इसे 2021 में लिस्ट किया था।

सूत्रों की माने तो ग्लेनमार्क जीएलएस के 720 रुपये प्रति शेयर के भाव की मांग कर रहा है, जो मौजूदा बाजार मूल्य से 45 प्रतिशत अधिक है।कंपनी के मुताबिक लिस्टिंग दिशानिर्देशों को पूरा करने के लिए अगले 12-15 महीनों में कम से कम 7 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचनी होगी। ग्लेनमार्क की जीएलएस में 82 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## ऑडी क्यू3 और क्यू3 स्पोर्टबैक की कीमतों में बढ़ोत्तरी करेगी

**मुंबई।** लग्जरी कार कंपनी ऑडी ने क्यू3 और क्यू3 स्पोर्टबैक की कीमतों में एक मई से 1.6 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी करने की घोषणा की। कंपनी ने सीमा शुल्क और उत्पादन लागत में वृद्धि होने की वजह से दाम बढ़ाने का फैसला किया है। कंपनी ने क्यू8 सेलिब्रेशन, आरएस5 और एस5 की कीमतों में एक अप्रैल से 2.4 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी की थी। ऑडी इंडिया प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन ने कहा, हम अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करते हैं। सीमा शुल्क और उत्पादन लागत में वृद्धि ने हमें अपनी कीमतों में संशोधन करने के लिए मजबूर किया है। उन्होंने कहा कि हालांकि, कंपनी ने विभिन्न स्तरों पर लागत वृद्धि के प्रभाव को कम करने की कोशिश की है लेकिन मौजूदा स्थिति में कीमत में बढ़ोत्तरी करने की जरूरत है।

## पंप भंडारण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में जल विद्युत क्षेत्र में पंप भंडारण परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अंतिम दिशानिर्देश जारी किए। गैर प्रदूषणकारी और पर्यावरण के अधिक अनुकूल होने के कारण सरकार इन्हें बढ़ावा दे रही है। बिजली मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार हितधारकों से मिले सुझावों के आधार पर दिशानिदेशों को अंतिम रूप दिया गया है। राज्य सरकारें प्रतिस्पर्धी बोली, शुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया और केंद्रीय लोक उपक्रमों तथा राज्य पीएसयू को नामांकन के आधार पर परियोजना स्थल आवंटित कर सकती हैं। मंत्रालय ने कहा कि इन परियोजनाओं की वितरण लागत बहुत कम होती है।

## अडाणी समूह के सभी शेयरों में तेजी रही

**मुंबई।** अडाणी समूह की कंपनियों के शेयर सोमवार को लाभ दशार्ते बंद हुए और कुछ कंपनियां अपनी ऊपरी सर्किट सीमा पर पहुंच गईं। समूह के विभिन्न कंपनियों में निवेश के स्त्रोत बारे में जानकारी दिए ने के बाद उसकी कंपनियों के शेयर चढ़े। बीएसई में अडाणी ट्रांसमिशन, अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी टोटल गैस के शेयर क्रमशः पांच-पांच प्रतिशत लाभ में रहे।

वहीं अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 2.53 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा एसीसी में 1.63 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स में 1.57 प्रतिशत, अडाणी पावर में 0.96 प्रतिशत, एनडीटीवी में 0.18 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स 0.17 प्रतिशत और अडाणी विल्मर के शेयर में 0.02 प्रतिशत की तेजी आई। समूह के तीन कंपनियों के शेयर ने दिन के कारोबार के दौरान ऊपरी सर्किट सीमा को पार कर लिया। उद्योगपति गौतम अडाणी के समूह ने सोमवार को 2019 से अपनी कंपनियों में बेची गई कुल 2.87 अरब डॉलर की हिस्सेदारी का ब्योरा दिया। समूह ने साथ ही यह भी बताया कि किस तरह इस राशि का 2.55 अरब डॉलर हिस्सा दोबारा व्यापार में लगाया गया।

## आयकर विभाग ने जेपी इंफ्राटेक के अधिग्रहण संबंधी आदेश को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कर्ज में डूबी कंपनी जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल) का अधिग्रहण करने की सुरक्षा ग्रुप को मंजूरी देने संबंधी राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के फैसले के खिलाफ अपील दायर की है। सूत्रों से के मुताबिक आयकर विभाग ने एनसीएलटी के आदेश के खिलाफ एनसीएलएटी में याचिका दायर की है जिसमें कुछ आयकर दावों का जिक्र किया गया है। हालांकि आयकर विभाग ने एनसीएलटी की दिल्ली पीठ में जेआईएल मामले की सुनवाई चलते समय अपनी तरफ से कोई अर्जी नहीं दी थी। सूत्रों ने कहा कि ऐसी स्थिति में आयकर विभाग का अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील करना थोड़ा आश्चर्य होता है।

आयकर विभाग की अपील पर एनसीएलएटी अगले सप्ताह सुनवाई कर सकता है। एनसीएलटी ने पिछले महीने की सात मार्च को कर्ज समाधान प्रक्रिया के तहत सुरक्षा ग्रुप को जेआईएल का अधिग्रहण करने की मंजूरी दी थी और उसे एनसीआर क्षेत्र की विभिन्न अधूरी परियोजनाओं में अधूरे पड़े हुए करीब 20,000 फ्लैट का निर्माण पूरा करने को कहा था। हालांकि एनसीएलटी के इस आदेश के खिलाफ पिछले एक महीने में अब तक चार याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। इनमें से एक याचिका जेपी एसोसिएट्स के प्रवर्तक मनोज गौर ने दायर की है जिसमें उच्चतम न्यायालय के पास जमा 750 करोड़ रुपये बांटने के आदेश को चुनौती दी गई है।

## तेल- तिलहन कारोबार का मिलाजुला रुख रहा

**मूंगफली तेल तिलहन और सोयाबीन तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर ही बंद हुए**

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख की वजह से सोमवार को तेल-तिलहन कीमतों में कारोबार का मिलाजुला रुख रहा। मलेशिया एक्सचेंज के 0.8 प्रतिशत मजबूत होने से कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल कीमतों में तेजी आई, वहीं शिकागो एक्सचेंज में 0.7 प्रतिशत की गिरावट की वजह से सोयाबीन तेल सहित सरसों तेल तिलहन कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। मूंगफली तेल तिलहन और सोयाबीन तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर ही बंद हुए। बाजार सूत्रों के मुताबिक शुल्क मुक्त सोयाबीन और सूरजमुखी तेल तथा पाम एवं पामोलीन तेल के बीच दाम का अंतर और बढ़ गया है। सोमवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहेः सरसों तिलहन 5,345-5,440 रुपए प्रति क्विंटल। मूंगफली 6,790-6,850 रुपए प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 16,660 रुपए प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल 2,535-2,800 रुपए प्रति टिन। सरसों तेल दादरी 10,550 रुपए प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी 1,670-1,740 रुपए प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी 1,670-1,790 रुपए प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपए प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 11,150 रुपए प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 11,000 रुपए प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 9,300 रुपए प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला 8,850 रुपए प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 9,650 रुपए प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 10,300 रुपए प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स कांडला 9,450 रुपए (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना 5,365-5,415 रुपए प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज 5,115-5,215 रुपए प्रति क्विंटल। मक्का खल (सरिस्का) 4,010 रुपए प्रति क्विंटल।

## बैंकिंग आईटी सेवाओं की आउटसोर्सिंग के लिए आरबीआई के निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों एवं अन्य विनियमित वित्तीय इकाइयों में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं की आउटसोर्सिंग के लिए जारी अपने दिशानिर्देश में कहा कि इन वित्तीय इकाइयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि आईटी सेवाओं के परिचालन का जिम्मा किसी बाहरी एजेंसी को दिए जाने से उनके दायित्वों एवं ग्राहकों के प्रति जिम्मेदारियों में कोई कमी न आने पाए। रिजर्व बैंक ने कहा कि विनियमित इकाइयां अपने कारोबारी मॉडल और उत्पादों एवं सेवाओं को समर्थन देने के लिए आईटी एवं आईटी-समर्थित सेवाओं को बड़े पैमाने पर अपना रही हैं। इस बारे में व्यापक दिशानिर्देश जारी करने के पीछे यह सोच है कि आउटसोर्सिंग से इन इकाइयों का ग्राहकों के प्रति दायित्व प्रभावित न हो और न ही उन पर केंद्रीय बैंक की प्रभावी निगरानी में कोई कमी आए।

इसके लिए केंद्रीय बैंक ने कहा है कि बैंक यह सुनिश्चित करें कि आउटसोर्सिंग पर काम कर रही कंपनी भी सेवाओं के संबंध में उसी ऊंचे मानक का पालन करे जिस पर वह खुद चलता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए कि सेवा प्रदाता फर्म देश के भीतर है या बाहर। हालांकि आरबीआई ने बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों को इन निदेशों के अनुपालन के लिए पर्याप्त समय देते हुए कहा है कि ये मानक एक अक्टूबर, 2023 से लागू होंगे। इसके साथ ही आरबीआई ने बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से आईटी सेवाओं को आउटसोर्स किए जाने की जरूरत का भी समीक्षा कर आकलन करने को कहा है।

## इरेडा आईपीओ के लिए सरकार ने मर्चेंट बैंकरों से निविदा मंगाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी इरेडा में अपनी 25 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी शुरू कर दी है। सार्वजनिक इकाइयों के विनिवेश पर नजर रखने वाले निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने इरेडा के आईपीओ से संबंधित प्रक्रिया के संचालन के लिए मर्चेंट बैंकरों से निविदा आमंत्रित की। निविदा प्रस्ताव के मुताबिक बाजार नियामक सेबी के पास पंजीकृत पहली श्रेणी के मर्चेंट बैंकर अकेले या भागीदारी कर अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। इसके लिए उनके पास पूंजी बाजार में सार्वजनिक निर्गमों के संचालन से जुड़ा अनुभव होना जरूरी है। भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) के आईपीओ के लिए सरकार तीन मर्चेंट बैंकरों को नियुक्त कर सकती है। इसके लिए 28 अप्रैल तक बोलियां लगाई जा सकती हैं। इरेडा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत संस्था है जो नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़ी परियोजनाओं का वित्तपोषण करती है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इरेडा में सरकारी हिस्सेदारी की आंशिक बिक्री के लिए आईपीओ लाने की योजना को स्वीकृति दी थी।

## मस्क ने प्रधानमंत्री मोदी को ट्विटर पर किया फॉलो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माइक्रोब्लागिंग साइट ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क ने ट्विटर पर फॉलो किया है। इस बात की जानकारी खुद उन्होंने एक ट्वीट कर-के दी है। गौरतलब है ?कि मस्क सिर्फ 195 लोगों को फॉलो करते हैं। जिसमें दुनिया भर की हस्तियां शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस सोशल साइट पर सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले नेताओं में से एक हैं। मोदी के ट्विटर पर फॉलोअर्स की संख्या 87 मिलियन से भी ज्यादा है। वहीं ट्विटर पर एलन मस्क के 13.3 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। इसके पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा इस लिस्ट में नंबर एक पर थे। ओबामा 2020 से ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स की लिस्ट में टॉप पर थे। ट्विटर की बात करें वो इस माइक्रोब्लागिंग साइट के 450 मिलियन मंथली एक्टिव यूजर्स हैं। एलन मस्क ने अक्टूबर, 2022 में ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदा था, तब इनके पास 110 मिलियन यूजर्स थे और ये बराक ओबामा एंड जस्टिन बीबर के बाद तीसरे सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले शख्स थे।

## कुछ राज्यों में बदले पेट्रोल और डीजल के भाव

**ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 84.32 डॉलर प्रति बैरल**

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर घरेलू बाजार में जारी होने वाले पेट्रोल-डीजल के खुदरा भाव पर भी दिख रहा है। ब्रेंट क्रूड वैश्विक बाजार में 85 डॉलर के आसपास चल रहा है। इस बीच मंगलवार को सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी तेल की खुदरा कीमतों में भी कई जगह बदलाव दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में पेट्रोल 18 पैसे महंगा होकर 96.94 रुपए लीटर हो गया, जबकि डीजल 18 पैसे बढ़कर 90.11 रुपए लीटर बिक रहा है। गाजियाबाद में पेट्रोल 14 पैसे सस्ता हुआ और 96.44 रुपए लीटर हो गया है, जबकि डीजल 13 पैसे गिरकर 89.62 रुपए लीटर बिक रहा है।

कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ा नरमी आई है। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 84.32 डॉलर प्रति बैरल के भाव पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी वैश्विक बाजार में टूटकर 79.92 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, गाजियाबाद में पेट्रोल 96.44 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर हो गया है। नोएडा में पेट्रोल 96.94 रुपए और डीजल 90.11 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

## सोना सस्ता, चांदी के दाम भी गिरे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना और चांदी के भाव में गिरावट देखी जा रही है। एक वेबसाइट के अनुसार सोने के भाव मंगलवार को 530 रुपए और चांदी के दाम 200 रुपए कम हो गए हैं। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बड़े बाजारों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग में 24 कैरेट का 10 ग्राम प्योर गोल्ड आज सस्ता होने के बाद 59,040 रुपए है। 22 कैरेट का स्टैंडर्ड गोल्ड 1 ग्राम 5,623 रुपए, 22 कैरेट का स्टैंडर्ड गोल्ड 8 ग्राम 44,984 रुपए, 22 कैरेट का स्टैंडर्ड गोल्ड 10 ग्राम 56,230 रुपए है। वहीं 24 कैरेट प्योर गोल्ड 1 ग्राम 5,904 रुपए, 24 कैरेट प्योर गोल्ड 8 ग्राम 47,232 रुपए और 24 कैरेट प्योर गोल्ड 10 ग्राम 59,040 रुपए है। वहीं चांदी में भी कल के मुकाबले 200 रुपए की कमी आई है। हालांकि ये अभी भी ऑल टाइम हाई के आसपास ही बनी हुई है। 1 ग्राम चांदी की कीमत 80 रुपए और 1 किलो चांदी की कीमत 80,000 रुपए है।

## हुंडई मोटर कर रही नई एसयूवी पर काम

**-टाटा और मारुति की बढ़ा दी टेंशन**

**नई दिल्ली।** हाल ही में हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने ऐलान किया है कि वे भारतीय बाजार के लिए एक नई एसयूवी पर काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि इसे साल के आखिर तक उतारा जा सकता है। कुछ समय पहले इसे टेस्टिंग के दौरान भी देखा गया था। अभी तक हुंडई की ओर से नई एसयूवी के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया गया है।

हयूदै नई छोटी एसयूवी के लिए एआई3 कोडनेम का उपयोग कर रही है। नई एसयूवी पर बात करते हुए हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के सीओओ श्री तरुण गर्ग ने कहा, ह्लहम एक बार फिर ग्राहकों को एक नई एसयूवी के साथ उत्साहित करने के लिए तैयार हैं जो जल्द ही बाजार में आ रही है। भारत के एक बड़ी कार निमार्ता कंपनी के रूप में हमारा लक्ष्य ग्राहकों में घूमने की लालसा को बढ़ाना और हमारे सबसे पसंदीदा ग्राहकों के लिए हुंडई एसयूवी जीवन का लोकतंत्रीकरण करना हैह्व हुंडई की नई एसयूवी कंपनी की छोटी हैचबैक कार ग्रैंड आई10 नियोज से महंगी और वेन्यू से किफायती होगी। पहली नजर में एआई3 के स्पाई शॉट्स काफी हद तक कैस्पर के समान लग रहे थे, जो वैश्विक बाजार में बेचा जा रही है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि हुंडई कैस्पर नहीं ला रही है और एआई3 के कैस्पर की तुलना में बड़े फुटप्रिंट होने की उम्मीद है। इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि हयूदै एआई3 ग्रैंड आई10 नियोज के समान प्लेटफॉर्म का उपयोग करेगी।

यह इंजन 82 बीएचपी की पावर और 113 एनएम का पीक टॉर्क पैदा करता है। यह 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स या 5-स्पीड एएमटी के साथ आता है। फीचर्स के मामले में सनरूफ को छोड़कर कई मॉडर्न फीचर्स मिल सकते हैं, क्योंकि सेगमेंट की अन्य गाड़ियों में भी सनरूफ देखने को नहीं मिलता है। नई हुंडई एसयूवी में पावर के लिए 1.2-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन होगा, जो कई हुंडई मॉडल जैसे ग्रैंड आई10 नियोज , आई 20 और ऑरा में भी देखने को मिल जाता है।

## सबसे ज्यादा बिकने वाली 7 सीटर कार मारुति अर्टिगा

**- आंखे बंद करके खरीद रहे लोग**

**नई दिल्ली।** बड़ी कारों के चाहने वालों के लिए मारुति अर्टिगा एक शानदार विकल्प है । मारुति अर्टिगा मौजूदा समय में देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली 7 सीटर कार है और काफी लंबे वक्त से अपने सेगमेंट की पॉपुलर कार बनी हुई है।इसमें 1.5-लीटर डुअलजेट पेट्रोल इंजन को माइल्ड हाइब्रिड टेक्नोलॉजी के साथ दिया गया है।

यह इंजन पेट्रोल पर 103 पीएस और 136.8 एनएम जबकि सीएनजी पर 88 पीएस और 121.5 एनएम का आउटपुट देता है। इसमें 5-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमेटिक गियरबॉक्स का ऑप्शन मिलता है। सीएनजी वेरिएंट में सिर्फ मैनुअल गियरबॉक्स मिलता है।पेट्रोल मैनुअल वेरियंट में आपको 20.51केएमपीएल का माइलेज मिलता है. वहीं पेट्रोल ऑटोमैटिक वेरियंट में 20.3केएमपीएल तक माइलेज मिल जाता है।

अर्टिगा सीएनजी में आपको 26.11केएमपीकेजी तक माइलेज मिलेगा। कार में नया 7-इंच स्मार्टप्ले प्रो टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम मिलता है एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले सपोर्ट के साथ आता है। इसके अलावा पैडल शिफ्टर्स, कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी (टेलीमेटिक्स), क्रूज कंट्रोल,ऑटो हेडलैंप्स, ऑटो एसी, ड्यूल एयरबैग्स, एबीएस के साथ ईबीडी, ब्रेक असिस्ट, रियर पार्किंग सेंसर्स, आईएसोफिक्स चाइल्ड सीट एंकरेज, टॉप वेरिएंट्स में दो अतिरिक्त एयरबैग्स (कुल 4) और ईएसपी जैसे फीचर्स मिलते हैं।

अर्टिगा की कीमत 8.64 लाख रुपये से शुरू होती है और 13.08 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक जाती है और इसके दो वेरिएंट- वीएक्सआई और झेडएक्सआई में सीएनजी किट भी ऑफर की जाती है। इस 7-सीटर कार में 209 लीटर का बूट स्पेस है। अगर अगर आप थर्ड रो वाली सीटों को फोल्ड कर देते हैं तो यह बूट स्पेस बढ़कर 550 लीटर तक किया जा सकता है। बता दें कि भारत में परिवार बड़ा होना आम बात है और ऐसे में छोटी कारें काम नहीं आती। अगर आपको बड़ी फैमिली के साथ ट्रिप पर जाना है तो ऐसे में आपके पास बड़ी कार होनी चाहिए।

## फ्रोंक्स क्रॉसओवर के माइलेज के बारे में जानकारी सामने आई

**-कंपनी के लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है यह एसयूवी**

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी की कार फ्रोंक्स क्रॉसओवर के माइलेज के बारे में जानकारी सामने आ चुकी है।मारुति दो इंजन ऑप्शंस के साथ फ्रोंक्स की रिटेल सेल करेगी। इस कार में 1.2-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड डुअलजेट पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 90एचपी और 113 एनएम के लिए अच्छा है।

गियरबॉक्स विकल्पों में 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी ऑटोमैटिक शामिल हैं। 1.2 एनए इंजन पहले तीन ट्रिम्स झ सिग्मा, डेल्टा और डेल्टा+ पर पेश किया गया है। मैनुअल गियरबॉक्स सभी तीन ट्रिम्स पर मानक है, जबकि एएमटी गियरबॉक्स डेल्टा और डेल्टा+ ट्रिम्स पर हो सकता है।1.2-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन वाला फ्रोंक्स मैनुअल वेरिएंट के लिए 21.79केपीएल और एएमटी के लिए 22.89केपीएल डिलीवर करता है। फ्रोंक्स पर दूसरा इंजन विकल्प 1.0-लीटर टर्बो-पेट्रोल बूस्टरजेट यूनिट है जो 100एचपी और 147.6एनएम बचाता है।

यह इंजन डेल्टा+, जेटा और अल्फा ट्रिम्स पर पेश किया जाएगा, और जबकि मैन्युअल गियरबॉक्स सभी ट्रिम्स पर मानक है, टॉप-स्पेक जेटा और अल्फा ट्रिम्स पर 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक गियरबॉक्स उपलब्ध है।ज्यादा पावरफुल इंजन के साथ, फ्रोंक्स मैनुअल गियरबॉक्स के साथ 21.5केपीएल और एएमटी के साथ 20.01केपीएल माइलेज ऑफर करता है। आने वाले हफ्तों में फ्रोंक्स की बिक्री शुरू हो जाएगी और इसे एक प्रीमियम कॉम्पैक्ट एसयूवी के रूप में स्थापित किया जाएगा।

बलेनो की तरह इसे भी नेक्सा आउटलेट्स के जरिए बेचा जाएगा। अपने लॉन्च के बाद, यह सिट्रोएन सी3, टाटा पंच, निसान मैग्नाइट और रेनॉ किगर जैसी हाई-राइडिंग हैचबैक और कॉम्पैक्ट एसयूवी का मुकाबला करेगी। बता दें कि मारुति सुजुकी ने ऑटो एक्सपो 2023 में अपनी फ्रोंक्स क्रॉसओवर पेश की थी। इस दौरान कार के बारे में कई डिटेल्स शेयर की गई थी लेकिन माइलेज के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई थी।

## बेहतर निवेशक साबित हुई दिवंगत रोकश झुनझुनवाला की पत्नी, 15 मिनट में कमाए 400 करोड़

**मुंबई।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन और टाटा मोटर्स के शेयर सोमवार को शेयर बाजार खुलते ही दौड़ पड़े। टाइटन कंपनी के शेयर में जहां शुरूआती 15 मिनट में ही 50 रुपये प्रति शेयर की तेजी आई, वहीं टाटा मोटर्स का शेयर भी खुलने के 15 मिनट के भीतर ही 32.75 रुपये चढ़ गया। इस तेजी के साथ ही दिग्गज निवेशक रेखा झुनझुनवाला को 15 मिनट में ही 400 करोड़ रुपये का फायदा हो गया। रेखा के पास टाइटन के 4,58,95,970 शेयर है, जबकि टाटा मोटर्स के 5,22,56,000 शेयर हैं।

टाटा मोटर्स के शेयर में सोमवार को जोरदार तेजी आई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर पिछले कारोबारी स्तर में यह शेयर 437.65 रुपये पर बंद हुआ था। सोमवार को शेयर 473 रुपये तक पहुंच गया। समाचार लिखे जाने तक टाटा मोटर्स का शेयर 5.22 फीसदी की तेजी के साथ 460.50 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

टाइटन के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में रेखा झुनझुनवाला के पास टाइटन कंपनी के 4,58,95,970 शेयर या 5.17 फीसदी हिस्सेदारी थी। सोमवार को शुरूआत पंद्रह मिनट में टाइटन के एक शेयर की कीमत 50.25 रुपये उछल गई। इससे रेखा को 230 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार, टाटा मोटर्स में रेखा झुनझुनवाला की हिस्सेदारी 1.57 फीसदी है और उनके पोर्टफोलियो में कंपनी के कुल 5,22,56,000 शेयर हैं। इस तरह आज तेजी आने से रेखा को 170 करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

## बिटकॉइन के निवेशकों के लिए अच्छी खबर, कीमत 30,000 डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे पुरानी, सबसे लोकप्रिय और सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन के निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। मंगलवार को इसकी कीमत 30,000 डॉलर (24,63,960 रुपये) के पार चली गई। पिछले साल जून के बाद पहली बार बिटकॉइन इस लेवल पर पहुंची है। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल बिटकॉइन की कीमत अब तक 80 प्रतिशत उछल चुकी है। पिछले तीन हफ्ते से यह 26,500 डॉलर और 29,400 डॉलर की रेंज में झूल रही थी। जानकारों का कहना है कि बैंकिंग संकट, शेयर मार्केट में उतार चढ़ाव और डॉलर इंडेक्स में गिरावट के कारण लोग फिर बिटकॉइन में निवेश कर रहे हैं। बिटकॉइन की कीमत 2021 में 68,000 डॉलर के पार पहुंच गई थी। लेकिन उसके बाद इसमें काफी गिरावट आई थी। जानकारों का कहना है कि क्रिप्टो मार्केट कैप 1.23 लाख करोड़ ट्रिलियन पहुंच गया है। शंघाई इथेरियम के अपग्रेड होने सहित दूसरे कई कारणों से इनदिनों क्रिप्टो मार्केट के लिए अच्छा समय चल रहा है। अमेरिका में महंगाई के आंकड़े आने वाले हैं और इस लेकर इनवेस्टर्स में सकारात्मक सोच है। माना जा रहा है कि इससे फेडरल रिजर्व की मॉनीटरी पॉलिसी पर असर पड़ सकता है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो इथेरियम 1,921 डॉलर पर ट्रेड कर रही है। अमेरिकी में क्रिप्टो इंडस्ट्री को सख्त जांच का सामना करना पड़ रहा है। क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइनबेस को सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन से एक नोटिस मिला है। इसमें इनफोर्समेंट एक्शन की बात कही गई है। इसके पहले यूएस कमोडिटी फ्यूचर ट्रेडिंग कमीशन ने बाइनेंस के फाउंडर चेंगपेंग झाओ के खिलाफ मुकदमा किया था।

# पत्रकार वार्ता में डीएम ने दी निर्वाचन सम्बन्धी जानकारी



पत्रकारों को निर्वाचन संबंधी जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकार वार्ता जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक सूचना निर्गत करने का दिनांक 11 अप्रैल मंगलवार, नाम निर्देशन पत्रों का क्रय व जमा करने का अन्तिम दिनांक व समय 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक (पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक), नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का दिनांक व समय 18 अप्रैल मंगलवार पूर्वान्ह 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक, अभ्यर्थन की वापसी का दिनांक व समय 20 अप्रैल गुरुवार पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, प्रतीक आवंटन का दिनांक व समय 21 अप्रैल शुक्रवार पूर्वान्ह 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक, मतदान का दिनांक व समय 4 मई गुरूवार पूर्वान्ह 7 बजे से अपरान्ह 6. बजे तक, मतगणना का दिनांक व समय 13 मई शनिवार पूर्वान्ह 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक किया जायेगा। जनपद में कुल 12 नगरीय निकाय है जिसमें 3 नगर पालिका परिषद व 9 नगर पंचायतें है। नगर पालिका परिषद शाहगंज, जौनपुर एवं मुंगराबादशाहपुर, नगर पंचायत जफराबाद, कचगाँच, गौराबादशाहपुर, खेतासराय, मछलीशहर, मड़ियाहूँ, रामपुर, केराकत, बदलापुर है। कुल वार्ड 208 नगर पालिका परिषदों में 89 वार्ड तथा नगर पंचायतों में 119 वार्ड है। कुल मतदान केन्द्र 154, कुल मतदान स्थल 488, जोन 19, सेक्टर 40 है। आरओ 39, एआरओ 48 लगाये गये है। प्रभारी अधिकारी 23, सहायक प्रभारी अधिकारी 45 लगाये गये है।

संवेदनशील मतदान केन्द्र 44, स्थल 133, अति संवेदनशील (एचएस प्लस) मतदान केन्द्र 34, स्थल 112, अति संवेदनशील प्लस मतदान केन्द्र 16, स्थल 66, सामान्य मतदान केन्द्र 60, स्थल 117, कुल महिला मतदाता 233153, कुल पुरुष मतदाता 205684, कुल मतदाता 438837 है। 2023 में विगत सामान्य निर्वाचन-2017 से कुल 129778 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। मतदान कार्मिक-2540 (कुल 635 मतदान पार्टी बनायी जाएगी, कुल मतदान स्थल का 130 प्रतिशत) मतगणना कार्मिक- 1040 (कुल 260 मतगणना पार्टी बनायी जाएगी 2 शिफ्टों के लिए) 23852 कार्मिकों की उपलब्ध है। 547 मतदान किट बनाये जाने है जिन्हें 20 अप्रैल तक तैयार कर लिया जाएगा। आयोग द्वारा नामित प्रेस से मतपत्रों का मुद्रण कराया जाएगा। जनपद में कुल 438837 मतदाता है इस प्रकार अध्यक्ष पद के एवं सदस्य पद के लिए अलग-अलग मतपत्र मुद्रित कराये जायेंगे। आयोग के निर्देशानुसार डाक मतपत्र जनपद स्तर पर मुद्रित कराये जाएंगे। कार्मिको के द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण स्थल पर निकायवार फैसिलिटेशन सेंटर बनाया जाएगा और वहीं पर मतदान कार्मिक जो जनपद के किसी भी नगरीय निकाय का मतदाता है, डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेगा।

मतदान के पश्चात प्रतिदिन मतपेटी कोषागार के डबल लॉक में सुरक्षित रखा जाएगा, जिसे मतगणना के दिन प्रातः 6 बजे सम्बन्धित एआरओ द्वारा कोषागार के डबल लॉक से निकालकर मतगणना हेतु मतगणना स्थल पर ले जाया जाएगा। अध्यक्ष एवं सदस्य पद के मतपत्र एक ही मतपेटिका में डाले जाएंगे। प्रत्येक मतदान स्थल पर 2 मतपेटी भेजी जाएगी जिसके लिए कुल 976 मतपेटिकाओं की आवश्यकता है। जनपद में कुल 14000 मतपेटिकाएं उपलब्ध है। पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा बताया गया कि निर्वाचन के लिए सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। निर्वाचन को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## महिला से चेन छीनकर भाग रहा बदमाश धराया, साथी फरार

### लोगों ने जमकर पीटा, हालत गंभीर



**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सरोखनपुर में महिला के गले से चेन छींनकर भाग रहे एक स्नेचर को पकड़कर स्थानीय लोगों ने जमकर पीटा जिससे उसकी हालत गंभीर हो गयी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक सरोखनपुर निवासी दिनेश पाल की पत्नी कविता पाल हर रोज की तरह मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे अपनी इलेक्ट्रॉनिक दुकान का शटर उठा रही थी इतने में एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश उचक्के वहां पहुंचे और उक्त महिला के गले से सोने की चेन छींनकर भागने लगे। महिला ने शोर मचाते हुए एक उचक्के को धर दबोचा वहीं दूसरा उचक्का बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। इस दौरान मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने उक्त उचक्के की जमकर पिटाई करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन करते हुए घायल उचक्के को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

## अध्यक्ष 98, सदस्य पद के लिए 547 लोगों ने खरीदे पर्चे

**जौनपुर।** नगरीय निर्वाचन के प्रथम दिन मंगलवार को जौनपुर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए 10, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 6, कचगॉव में 36 एवं जफराबाद में 10 नामांकन पर्चे खरीदे गये एवं सदस्य पद हेतु जौनपुर नगर पालिका परिषद में 135, गौराबादशाहपुर 70, कचगांव में 50 एवं जफराबाद में 32 पर्चे खरीदे गए। शाहगंज नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए 1 एवं सदस्य के लिए 66, खेतासराय में अध्यक्ष के 4 एवं सदस्य के 24 पर्चे खरीदे गए। मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए 6 एवं सदस्य के लिए 8, नगर पंचायत मछलीशहर में अध्यक्ष के लिए 4 एवं सदस्य के लिए 18, मड़ियाहूं में अध्यक्ष के लिए 4 एवं सदस्य के लिए 39, रामपुर में अध्यक्ष के लिए 4 एवं सदस्य के लिए 33, बदलापुर में अध्यक्ष 10, सदस्य के 52, केराकत में अध्यक्ष पद के लिए 3, सदस्य के लिए 20 पर्चे खरीदे गए। कुल अध्यक्ष पद के लिये 98 एवं सदस्य पद के लिए 547 लोगों ने पर्चा खरीदा गया। आज किसी भी प्रत्याशी के द्वारा नामांकन नहीं किया गया।

## अज्ञात कारणों से भूसा घर में लगी आग, भारी नुकसान

जनसंदेश न्यूज



**चंदवक।** क्षेत्र के थून्हीं गांव में सोमवार देर रात भूसा घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे उसमें रखा लगभग 80 क्विंटल भूसा व वहां रखी कीमती लकड़ियां जलकर खाक हो गई। आग की लपटें इतनी विकराल थी कि छत का छाजन क्षतिग्रस्त हो गया। सुबह भुक्तभोगी को जब जानकारी हुई तब तक सब कुछ खाक हो चुका था।

घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। उसने पहुंच कर आग बुझाई। उक्त गांव निवासी सपा के वरिष्ठ नेता मधुसूदन सिंह ने घर से थोड़ी दूर पर भूसा व अन्य सामान रखने के लिए पक्के हाल का निर्माण कराया है। हाल में गेहूं की मड़ाई के बाद लगभग अस्सी क्विंटल भूसा उसमें दो दिन पहले रखा गया था। इसके अलावा उसमें शीशम की कीमती लकड़ियां रखी गई थीं।

सोमवार की रात अज्ञात कारणों से उसमें आग लग गई। घर से दूर होने के कारण पता नहीं चल पाया। सुबह भुक्तभोगी को जब जानकारी हुई तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया था। छत भी क्षत विक्षत हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई।

घटना की जानकारी पुलिस व राजस्व विभाग को दे दी गई है। घटना स्थल के निरीक्षण से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि यह असामाजिक तत्वों की करतूत है।

## व्हाइट कोट सेरेमनी में छात्रों का जलवा


व्हाइट कोट सेरेमनी में मेडिकल के छात्र

**जौनपुर।** उमानाथ सिंह स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में मंगलवार को व्हाइट कोर्ट सेरेमनी का आयोजन मेडिकल कॉलेज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर शिव कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कॉलेज के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, एकल गीत, समूह गीत की प्रस्तुति कर जलवा बिखेरा। छात्र-छात्राओं ने इस पल को यादगार बनाने के लिए फोटो भी खिंचाई।

देश के अलग-अलग हिस्सों से डॉक्टर बनने की उम्मीद में मेडिकल की पढ़ाई के लिए आए छात्र-छात्राओं का यह पहला मिलन कार्यक्रम था। इनमें से प्रथम काउंसलिंग में 100 छात्रों ने एमबीबीएस सत्र 2022-23 के प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया है। नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) की रिपोर्ट व शासन के निर्देश पर उमानाथ सिंह स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में द्वितीय बैच के लिए पढ़ाई शुरू कर दी गई है। सुबह 10:30 बजे ही प्राचार्य प्रोफेसर शिव कुमार ने छात्र-छात्राओं की व्हाइट कोर्ट सेरेमनी प्रक्रिया पूरी की। इसके पश्चात उन्होंने चरक संहिता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि व्हाइट कोट पहनने के बाद समाज के प्रति उत्तरदायित्व काफी बढ़ जाता है। इस मेडिकल कॉलेज को बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है तथा शिक्षक और छात्रों के बीच विद्वेष की भावना नहीं होनी चाहिए। शिक्षक और छात्रों के बीच मधुर संबंध होने चाहिए। छात्रों से नियमित क्लास करने पर जोर देते हुए कहा व्हाइट कोट को धारण करने के बाद जिंदगी में नया बदलाव आने वाला है अनुशासन लगन और ईमानदारी के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉक्टर एए जाफरी ने कहा कि 80% उपस्थिति अनिवार्य है इसका पालन सभी छात्र-छात्राओं को करना चाहिए। उन्होंने कहा आज के दिन फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों के लिए ऐतिहासिक है। व्हाइट कोर्ट के उत्तरदायित्व को समझने की जरूरत है। इस मौके पर एनाटॉमी, फिजियोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। डॉक्टर साधना अजय ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गोशाला प्रकरण में हाईकोर्ट ने नोटिस भेज मांगा जवाब

### फर्जी मुकदमे से क्षुब्ध पत्रकारों ने दाखिल की थी याचिका

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के पेसारा गांव में स्थिति स्थाई गौशाला की सच्चाई को उजागर करने पर चार पत्रकारों पर फर्जी तरीके से प्रशासन द्वारा ग्राम प्रधान को आगे करके गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पत्रकारों द्वारा पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को पत्रक भेज न्याय की गुहार लगाई थी। प्रशासन की बेरुखी रवैया से क्षुब्ध होकर पत्रकारों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने सोमवार की सुबह पत्रकारों की तरफ से दाखिल रिट पर डबल बेंच ने सुनवाई की। सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा व न्यायमूर्ति नंद प्रभा शुक्ला ने केराकत कोतवाली में दर्ज एफआईआर को आपत्तिजनक मान फटकार लगाते हुए प्रथम सूचना देने वाले व्यक्ति को नोटिस जारी कर तीन हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है।

## न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित परिवार

जनसंदेश न्यूज

**परेशानी**

### नाबालिग छात्रा को रास्ते से बहलाकर भगा ले जाने का मामला

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर दर भटक रहा है। मंगलवार पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर यह आरोप लगाया है कि उसकी पौत्री को गांव के कुछ लोग बहलाकर फुसलाकर भगा ले गए हैं आशंका है कि दुष्कर्म के बाद उसे मारकर फेंक देंगे। इस बाबत उक्त थाने के एक नायब दारोगा ने प्रार्थना पत्र बदलवाकर दूसरा लिया और एक के विरुद्ध ही मुकदमा दर्ज किया है।

उक्त गांव निवासी एक नाबालिग छात्रा (16 वर्ष) घर से स्कूल के लिए पांच अप्रैल को निकली थी कि रास्ते में ही उसे गांव निवासी एक युवक बहलाकर फुसलाकर ले जा रहा था। उसी समय उसके अन्य दो साथी मिले और उसका भरपूर सहयोग किया इतना ही नहीं बल्कि खाते में तीन हजार रुपया फोन पे भी किया जिसे ग्रामीणों ने भी देखा था। शाम को वापस न लौटने पर परिजन काफी खोज बीन किए तो मामले की जानकारी ग्रामीणों से हुई।

इस बाबत जब लिखित सूचना लेकर थाने गए तो वहां दो का नाम निकालकर एक ही युवक का नाम सिर्फ तहरीर बदलवाकर लिए और मुकदमा दर्ज कर इतिश्री कर दिया। इसके अलावा उसे एक सप्ताह बाद भी खोजने की जहमत नहीं उठाया। ऐसे में परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। एक सप्ताह से थाने का चक्कर काटकर थक चुके नाबालिग के बाबा ने कहा कि कहीं दुष्कर्म कर हमारी पौत्री को मारकर फेंक न दें। देखना है ऐसे में प्रशासन क्या कोई ठोस कदम उठाता है।

## संक्षेप

### 14 को बंद रहेंगी समस्त आबकारी दुकानें

**जौनपुर।** जिला आबकारी अधिकारी ने अवगत कराया है कि आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा वर्ष 2023-24 हेतु आबकारी दुकानों के व्यवस्थापन की शर्तो में ही 14 अप्रैल (डा. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती) को समस्त आबकारी दुकानों को बन्द रखने का प्राविधान किया गया है। समस्त अनुज्ञापी, देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भॉग, ताड़ी, सीएल-2, एफएल2/2बी, माडलशाप एवं बार के दुकानदारों को आदेशित किया जाता है कि देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भॉग, ताड़ी की दुकानों एवं सीएल2, एफएल2/2बी, माडलशाप एवं बार को 14 अप्रैल (डा० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती) को बन्द रखना सुनिश्चित करें। उक्त बन्दी का कोई प्रतिफल देय नही होगा।

### तालाब में डूबकर किशोर की मौत



**बदलापुर।** क्षेत्र के धनियामऊ पुल के पास तालाब में नहाते समय डूबकर एक किशोर की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बक्शा थाना क्षेत्र के सरायहरखू निवासी सुनील कुमार का 12 वर्षीय पुत्र मोदी कोतवाली क्षेत्र के मिरशादपुर गांव निवासी लालचंद के यहां ननिहाल में आया हुआ था। वह मंगलवार की दोपहर बच्चों के साथ धनियांमऊ पुल के पास तालाब में नहाते समय डूब गया। आनन-फानन में स्वजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां डाक्टर ने उक्त किशोर को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर लगते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### जमानत अवधि निरस्त होते ही पुलिस ने वांछित को भेजा जेल

**आरोपित लूट गैंगेस्टर, जानलेवा हमले सहित कई संज्ञेय अपराधों में है निरुद्ध**

**खुटहन।** खुटहन व सरपतहा थाने में लूट, जानलेवा हमला, गैंगेस्टर सहित दर्जन भर संज्ञेय अपराधों में निरुद्ध किए गए आरोपित की जमानत अवधि न्यायालय द्वारा समाप्त किए जाते ही पुलिस ने उसके घर दबिश देकर सोमवार की रात उसे गिरफ्तार कर दूसरे दिन आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर राजेश यादव ने बताया कि भिवरहां गांव निवासी राहुल यादव पुत्र महेन्द्र पर जानलेवा हमला, लूट, गैंगेस्टर, अवैध असलहा सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर उसे जेल भेजा गया था। मामले में आरोपित को न्यायालय से जमानत मिल गई थी। फतेहगढ़ गांव निवासी इंद्रजीत के द्वारा इस पर न्यायालय में आपत्ति जाहिर की गई थी। जिसकी सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपित की जमानत निरस्त कर दिया था। जानकारी होते ही पुलिस उसकी तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित के खिलाफ खुटहन व सरपतहा थाने में मिलाकर एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### गुमटी सहित किराना की दुकान खाक


आग से राख हुई गुमटी

**खुटहन।** लखनेपुर गांव में सोमवार की रात अज्ञात कारणों से लगी आग में विधवा महिला की गुमटी में संचालित किराने की दुकान जलकर खाक हो गई। पीड़िता ने अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। गांव निवासी 62 वर्षीय विधवा गुलाबी देवी पत्नी स्व. राम खेलावन गुप्ता वर्षों से गांव में ही गुमटी में दुकान खोल गुजारा करती है। रात में किसी अराजकतत्व के द्वारा गुमटी में आग लगा दी गई। अगलगी में लगभग 50 हजार से अधिक की क्षति हुई है।

### बीएसए ने 25 बच्चों का किया नामांकन



**जौनपुर।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत जनपद को प्रदेश में नामांकन में प्रथम स्थान लाने हेतु मंगलवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल द्वारा विकासखंड सुईथाकला के ग्राम सरायमोहद्दीनपुर गांव में कई मजरो में जाकर 25 बच्चों का नामांकन करके बच्चों को कापी, पेंसिल, रबर तथा चॉकलेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय सरायमोहद्दीनपुर के समस्त टीचर, एआरपी पंकज कुमार सिंह, त्रिवेणी प्रसाद बिंद, पारसनाथ यादव उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**सुइथाकला।** सरपतहां थाना क्षेत्र के अमांवाकला निवासी युवक की अम्बेडकर नगर के मालीपुर जंक्शन के पास ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी शैलेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र राम सूरत घर से 15 दिन पूर्व अपने पिता के पास दिल्ली गया था।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

## ज्योतिबा फुले महान क्रांतिकारी, भारतीय विचारक थे

**बोले दिनेश प्रताप**

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नेतृत्व में महात्मा ज्योतिबा फुले की मनाई गई जयंती



**जौनपुर।** समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर स्थित एक होटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मछली शहर राम विलास पाल ने की। उपस्थित भाजपा नेताओं ने महात्मा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि देश से छुआछूत खत्म करने और समाज को सशक्त बनाने में अहम किरदार निभाने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म आज के ही दिन पुणे में हुआ था। उनका परिवार कई पीढ़ी पहले माली का काम करता था। वे सातारा से पुणे फूल लाकर फूलों के गजरे आदि बनाने का काम करते थे इसलिए उनकी पीढ़ी 'फुले' के नाम से जानी जाती थी। उन्होंने आगे कहा कि ज्योतिबा फुले महान क्रांतिकारी, भारतीय विचारक, समाजसेवी, लेखक एवं दार्शनिक थे। महाराष्ट्र में स्त्रियों की शिक्षा को लेकर लोग उदासीन थे, ऐसे में ज्योतिबा फुले ने समाज को इन कुरीतियों से मुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाया। उन्होंने महाराष्ट्र में सर्वप्रथम महिला शिक्षा तथा अछूतोद्धार का काम आरंभ किया था। उन्होंने पुणे में लड़कियों के लिए भारत की पहला विद्यालय खोला। लड़कियों और दलितों के लिए पहली पाठशाला खोलने का श्रेय ज्योतिबा को दिया जाता है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित स्वतंत्र प्रभार खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि ज्योतिबा फुले 19वीं सदी के सबसे बड़े समाज सुधारक के रूप में जाने जाते है। उन्होंने सुधार आंदोलनों के अतिरिक्त हर क्षेत्र में छोटे-छोटे आंदोलन किये जिससे सामाजिक और बौद्धिक स्तर पर लोगों को परतंत्रता से मुक्ति मिला था। जिलाध्यक्ष मछलीशहर राम विलास पाल ने आये हुये अतिथियों और उपस्थित जनता को आभार व्यक्त करते हुये महात्मा फुले के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि हमसे कोई विरले ही होते है जो समाज में व्याप्त कुरीति से लड़कर उन्हे जड़ से उखाड़ने का प्रयास करते है और उसे मिटा कर ही दम लेते है और ऐसे ही विरले व्यक्तित्व के धनी थे महात्मा ज्योतिबा फुल। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता ने किया। इसके पहले जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह और जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता आये हुये मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु, प्रमोद यादव, अवधेश यादव, राम सिंह मौर्य, महिला आयोग की सदस्य शशि मौर्या, विजय लक्ष्मी साहू, गीता जायसवाल, धर्मपाल कन्नौजिया, ब्लाक प्रमुख गण सुनील यादव मम्मन, बृजेश यादव, जिला पंचायत सदस्य श्याम बाबू यादव, विकास शर्मा, घनश्याम यादव, प्रमोद प्रजापति, संजीव गुप्ता, प्रदीप यादव, नीरज मौर्या, अंशु कुशवाहा, अजय सरोज, उषा मौर्या, शैलेश गिरी, रामअवतार मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## वादों के निस्तारण के लिए प्री-ट्रायल बैठक आज

**जौनपुर।** पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्राधिकरण के तत्वाधान में 13 मई को इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है जिसमें मोटर दुर्घटना प्रतिकर सम्बन्धी याचिकाओं का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाना है। लोक अदालत में अधिकतम वादों का निस्तारण किया जा सके, यह सुनिश्चित करने के लिए तथा सुलह-समझौते के वादो को चिन्हित करने के लिए विभिन्न कम्पनियों के मण्डलीय स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति में पांच प्री-ट्रायल बैठकें आयोजित की जानी है जिसमें 12 अप्रैल, 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 3 मई तथा 10 मई तारीखें नियत की गयी हैं। उपरोक्त प्री-ट्रायल बैठकों में सुलह-समझौता हेतु चिन्हित किये गये वादों का निस्तारण 13 मई शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया जायेगा।

## पत्नी को घर से भगाकर कटवा ली गेंहू की फसल

**दबंगई**

### महिला ने पुलिस को तहरीर देकर लगायी न्याय की गुहार

**जफराबाद।** क्षेत्र के महमदपुर कांध गांव निवासी एक महिला को उसके पति ने घर से भगा दिया। इसके साथ ही गेंहू की फसल को जबरदस्ती काट लिया। महिला ने आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है।

उक्त गांव निवासिनी अनीता कन्नौजिया ने बताया की उसकी राम आखेर कन्नौजिया से कई वर्ष पूर्व शादी हुई थी। वह उसकी तीसरी पत्नी के रूप में आई थी। उसके पूर्व पति से एक बेटा तथा एक बेटी है। अनीता ने कहा कि कुछ दिन पूर्व वह गम्भीर रूप से बीमार हो गयी। वह अपना उपचार मुम्बई में करवा रही थी। इस दौरान चोरी से मेरे पति ने जमीन आदि अपनी पूर्व पत्नी से पैदा हुए पुत्र के बेटे को रजिस्ट्री कर दिया। इसकी जानकारी होने पर उसने आपत्ति दाखिल कर दिया जिससे अभी तक जमीन की तरमीम नहीं हुई है। उस जमीन पर मेरे द्वारा गेहू की खेती की गई थी उसकी कटाई मेरा पति करवा रहा है। उधर मामले की जांच करने वाले एसआई मंशाराम ने बताया कि पति ने अनीता को मुबई में फ्लैट व दुकान दिया है। यहाँ की जमीन का मुकदमा चल रहा है।

## पशुशाला से भैंसा लाद ले गए चोर

**खुटहन।** डिहिया गांव के ओमप्रकाश यादव के पशुशाला में बंधे मवेशियों के साथ ही खूंटे से बंधा भैंसा सोमवार की रात अज्ञात चोर पिकअप गाड़ी पर लाद फरार हो गए। ओमप्रकाश का आरोप है कि पांच साल पहले उनकी भैंस से जना यह भैंसा हमेशा मवेशियों के साथ पशुशाला में ही रहता था। रात में अज्ञात चोर पहले भैंस खोले, वह झटक कर भाग गयी तो जाते जाते भैंसे को ही वाहन पर लाद भाग गए।

# पीएम के संसदीय क्षेत्र काशी में प्रवाहित हो रही है प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना

# 5 ₹ दीजिए, पीएनजी कनेक्शन लीजिए

## करीब 40% घरेलू गैस और 20% वाणिज्यिक प्रयोग में हो रही है बचत

**22500 घरों के चूल्हे पीएनजी से जल रहे**

**2023-24 में और 12000 का लक्ष्य**

खास मुलाकात

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** काशी में एक और गंगा प्रवाहित हो रही है, जिसका नाम है प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना। जिसके तहत आपके घरों तक पाइप लाइन से पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) पहुंचा रही है। वाराणसी शहरी गैस वितरण परियोजना पर बहुत तेजी से काम रहा है। सस्ता, सुरक्षित और इस्तेमाल करने में आसान पीएनजी की मांग बढ़ती जा रही है। लोग अपनी सुविधा के अनुसार पीएनजी कनेक्शन ले सकते हैं। हर वर्ग को ध्यान में रखकर इसके लिए अलग-अलग प्लान बनाया गया है। लोग चाहे तो पांच रुपये में भी कनेक्शन हासिल कर अपने घरों के किचन में पीएनजी की लाइन दौड़ा सकते हैं। यह कहना है कि गेल के स्थानीय मुख्य प्रबंधक प्रवीण गौतम का। 'जनसंदेश टाइम्स' से 'खास मुलाकात' में मुख्य प्रबंधक प्रवीण गौतम ने बताया कि गैस कनेक्शन लगवाने के तीन बेहद सरल स्कीम है। पहली, स्टैण्डर्ड आप्शन स्कीम के तहत चार हजार सिक्योरिटी मनी जमा करनी पड़ती है, जो रिफंडेबल है। दूसरी, इन्स्टालमेन्ट आप्शन स्कीम में पांच रुपये प्रति दिन के हिसाब से 1000 दिन तक जमा करना होगें, यह रकम भी रिफंडेबल है। तीसरी, फ्लेक्सी ऑप्शन स्कीम में सिक्योरिटी मनी नहीं देनी होती है। इसमें एक रुपये प्रति दिन प्लस टैक्स देना होगा, जो गैस इस्तेमाल करने तक देना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्वाचन क्षेत्र में योगी सरकार पीएनजी से लगभग 22500 घरों में सस्ते में चूल्हे जला रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 12000 घरों को घरेलू पीएनजी की आपूर्ति के लिए जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि करीब 60000 घरों तक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया जा चुका है। इसके लिए गेल इंडिया लिमिटेड ने 85.71 किलोमीटर से अधिक पीएनजी की स्टील लाइन और एमडीपीई लाइन 677 किलोमीटर लगा दी है। कुल 762.70 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। उनका कहना है कि शहर में पीएनजी का प्रयोग शुरू होने के बाद लगभग 40 प्रतिशत घरेलू गैस और बीस प्रतिशत कामर्शियल प्रयोग में बचत हो रही है।



प्रवीण गौतम, मुख्य प्रबंधक

एक सवाल के जवाब में मुख्य प्रबंधक प्रवीण गौतम ने बताया कि वर्ष 2017-18 में शुरू हुई यह महत्वाकांक्षी परियोजना अब परवान चढ़ने लगी है। बीएचयू क्षेत्र के करौंदी, सुसुवाही, नरिया, छित्तूपुर, सीर गेट, बरेका क्षेत्र के सुंदरपुर, ककरमत्ता, चितईपुर, भिखारीपुर व अखरी, नदेसर क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी कॉलोनी व जदीद बाजार और शिवपुर क्षेत्र के महारानी इंक्लेव, राज राजेश्वरी कॉलोनी, गौतम ग्रीन अपार्टमेंट व कांशीराम आवासीय योजना आदि मोहल्लों में पीएनजी की सप्लाई है।

उन्होंने बताया कि पत्रकारपुरम कॉलोनी, अर्दली बाजार, सारनाथ, पांडेयपुर, अशोक विहार, पहड़िया, बीडीए कॉलोनी, महमूरगंज, रथयात्रा बैंक कॉलोनी, भेलूपुर समेत कई अन्य आवासीय कॉलोनियों में जल्द ही पीएनजी पहुंचाने की तैयारी चल रही है। उम्मीद है कि इसमें कुछ मोहल्लों व कॉलोनियों के घरों में चालू वित्तीय वर्ष में पीएनजी की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि चांदपुर औद्योगिक आस्थान व करखियांव स्थित एग्रो पार्क की सैकड़ों इकाइयों को भी पीएनजी की सप्लाई दी जा रही है।

### पीएनजी के फायदे

पाइप गैस एलपीजी की तुलना में हल्की होती है, इसलिए आग/दुर्घटना की आशंका कम होती है। 24/7 निरंतर आपूर्ति का लाभ। खपत के हिसाब से बिलिंग होती है। ग्राहक मीटर के माध्यम से अपनी खपत पर नजर रख सकते हैं। गेल के ऐप (पीएनजी मित्र) के माध्यम से आसान भुगतान की सुविधा भी है। एलपीजी की तुलना में पीएनजी करीब 25 प्रतिशत सस्ती है।

### समस्या निदान के लिए हेल्पलाइन

ग्राहक टोल फ्री नंबर : 1800123121111 या कंट्रोल रूम के नंबर-9650503792, 9335941381 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा ईमेल-[illegible] के जरिए भी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बीएचयू और डीएलडब्ल्यू के आसपास के ग्राहक हमारे नियंत्रण कक्ष में जा सकते हैं और अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। ग्राहक पीएनजी मित्रा ऐप को डाउनलोड कर सकते हैं और अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। जल्द ही, पहड़िया और सिगरा क्षेत्र में इन क्षेत्रों के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए नए छोटे कार्यालय खोलने की योजना है।



### दुनिया का पहला तैरता सीएनजी स्टेशन

मुख्य प्रबंधक प्रवीण गौतम ने बताया के संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) से करीब 500 नावों को संचालित किया जा रहा है। दुनिया का पहला पानी में तैरता सीएनजी स्टेशन नमो घाट पर है। यह सीएनजी स्टेशन दुनिया का सबसे अनोखा स्टेशन है। पवित्र नदी गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए यह एक दूरगामी कदम है। नगर निगम के सहयोग से गेल की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के तहत पेट्रोल/डीजल से चलने वाली नावों का रूपांतरण किया गया है। अब जल्द ही संत रविदास घाट पर पानी में तैरता दूसरा सीएनजी स्टेशन बनाने की तैयारी चल रही है।

### सीएनजी से दौड़ रहे वाहन

मुख्य प्रबंधक ने बताया कि सीएनजी से हजारों चार पहिया, तीन पहिया वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन वाहनों को शहर के विभिन्न इलाकों में स्थापित किये गये सीएनजी स्टेशन से गैस की आपूर्ति की जाती है। सीएनजी से वाहन चलाने में डीजल या पेट्रोल की तुलना में 40 प्रतिशत की बचत होती है।

# संकटमोचन में गूंजा शिवमणि का शंखनाद...

संगीत समारोह

**शिवमणि ने ड्रम व यू राजेश ने मैंडोलिन से हनुमत दरबार को किया झंकृत**

**ड्रम पर कई वाद्य यंत्रों से किया सभी को मंत्रमुग्ध, मंदिर के घंट-घड़ियाल की भी रही गूंज**

**मंदिर में दर्शक दीर्घा में बैठे श्रोताओं ने किया हर-हर महादेव का उद्घोष, तालियों की होती रही गड़गड़ाहट**

**श्रीशा शशांक ने भरतनाट्यम से सभी को मोहा, अरमान खान का हुआ गायनसंकटमोचन संगीत समारोह की दूसरी निशा**





**वाराणसी।** संकटमोचन मंदिर का भव्य दरबार। मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़। इनमें हनुमान जी का दर्शन करने के साथ ही बनारस के संगीत रसिकों का हुजूम। अवसर था संकटमोचन संगीत समारोह की दूसरी निशा का। इस वर्ष संकटमोचन संगीत समारोह का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। मंगलवार को कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण थे चेन्नई से आये प्रख्यात ड्रम वादक पं. शिवमणि व उनके साथ चेन्नई के ही यू. राजेश मैंडोलिन रहे। सायंकाल निर्धारित समय पर 7.30 बजे ड्रम वादक पं. शिवमणि व यू. राजेश का मंच पर पदार्पण हुआ। सिर पर सफेद रूमाल व लाल कुर्ता पहेन शिवमणि व काले परिधान में जब यू.राजेश का मंच पर पदार्पण हुआ तो मंदिर में बैठे श्रोताओं ने उनका अभिवादन हर-हर-महादेव और जय हनुमान के जयघोष से किया। शिवमणि ने कार्यक्रम की शुरुआत शंखनाद से किया। इसके बाद मंदिरों में बजने वाले घंट-घड़ियाल को भी वाद्य यंत्रों से बजाया। वे ड्रम के साथ बाल्टी पर भी धुन निकालते रहे। शिवमणि ने ड्रम के अलावा कई वाद्य यंत्रों के माध्यम से श्रोताओं को बांधे रखा। यू. राजेश ने भी मैंडोलिन से सभी को सम्मोहित किया। मंगलवार होने के कारण भी संकटमोचन मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी थी। कार्यक्रम स्थल पर कहीं भी जगह नहीं बची थी।कलाकारों का स्वागत संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र ने किया। कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति चेन्नई से आयी प्रसिद्ध नृत्यांगना श्रीमती श्रीशा शशांक का भरतनाट्म की प्रस्तुति हुई। उन्होंने अपने सहयोगी कलाकारों संग भरतनाट्यम की प्रस्तुति कर सभी को भावविभोर कर दिया। इसके बाद कोलकाता से आये अरमान खान का गायन हुआ। उन्होंने अपनी गायकी से वहां मौजूद श्रोताओं के बीच अपनी छाप छोड़ी। उनके साथ यशवंत वैष्णव (तबला-मुंबई) व विनय मिश्र (संवादिनी-दिल्ली) तथा विनायक सहाय (सारंगी-जालधंर) ने बखूबी संगत की। कार्यक्रम का संचालन साधना श्रीवास्तव कर रही थीं।

### प्रदर्शनी में थ्रीडी हनुमान से रामनगर की रामलीला तक की झलक

**वाराणसी।** संगीत समारोह के सौंवे साल पर भव्य चित्रकला एवं छायाचित्र प्रदर्शनी में चित्रकारी और मूर्तिकारी मिश्रित कृति में थ्रीडी हनुमान के दर्शन हो रहे थे। भक्त वत्सल हनुमान के विविध रूपों को चित्रित करने वाले कलाकारों ने मानस के विभिन्न प्रसंगों को आधार बयाना। राम का काम करते हनुमान से लेकर असुरों से युद्ध करते हनुमान इन कृतियों में दर्शन दे रहे हैं। दीर्घा के दूसरे छोर पर रामनगर की करीब सवा तीन सौ साल पुरानी रामलीला पर केंद्रित बीएचयू के शोधकर्ता अरविन्द मिश्र की छायाचित्र प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रही। कुल 36 छायाचित्रों में रामलीला के प्रमुख अवसरों का अवलोकन दर्शकों को प्रभावित करता रहा। इस प्रदर्शनी के अवलोकन के लिए केंद्रीय विद्यालय बीएचयू के बच्चों की टीम अपने कला शिक्षक के नेतृत्व में संगीत और कला के सरोकारों को समझने पहुंची। कला दीर्घा को प्रदर्शित करान में छह वर्षों के बाद बहरीन से लौटे प्रसिद्ध कलाकार अनिल शर्मा के अलावा सौरभ कुमार, सुमित श्रीवास्तव, राहुल सिंह, प्रवीण पटेल, प्रियंका जायसवाल, सुनील विश्वकर्मा, राजेश कुमार की भूमिका है।

## सनबीम के छात्रों ने किया 'बिकॉज दे हैड' नाटक का मंचन



**वाराणसी।** इतिहास गवाह है कि जिनके अंदर गलत को गलत कहने की क्षमता थी इतिहास उन्होंने ही बदला हैं। और इस बदलाव की बयार को इतिहास के गलियारे से वर्तमान तक ले आया है सनबीम भगवानपुर के 110 बच्चों का अथक प्रयास। ऐतिहासिक मंदिर गुरूधाम में दो दिन इस नाटक का मंचन हुआ। इतिहास सबक देता है, इतिहास सोचने पर मजबूर करता है, इसी सोच और सबक को ऐतिहासिक पात्रों के जरिए मंच पर उतारा प्रसिद्ध निर्देशक, नाटककार, लेखक प्रणव मुखर्जी ने। आज वर्तमान परस्तिथियो में संत तुकाराम की 415वीं जयंती पर राजा जयनारायण घोषाल की 271वीं वर्षगांठ पर, मिर्जा गालिब की 226वीं वर्षगांठ पर, अमृता शेरगिल की 110वीं सालगिरह पर और सफदर हाशमी की 69वीं वर्षगांठ पर उनकी शिक्षाओं और योगदान को याद करते हुए, इस नाट्यमंचन के द्वारा भविष्य की चिंता को व्यक्त किया है। सनबीम ग्रुप के अध्यक्ष डॉ दीपक मधोक, निदेशिका श्रीमती भारती मधोक, सह निदेशिका श्रीमती प्रतिमा गुप्ता और मानद निदेशक हर्ष मधोक ने कहा की इन प्रतिभाशाली बच्चों ने इस कार्यक्रम के जरिए बनारस की संस्कृति को और समृद्ध करने में अपना योगदान दिया है।

# नैक एक स्वायत्तशासी संस्था : प्रो. राय

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में मंगलवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन प्रारंभ हुआ। यह कार्यशाला सात सत्रों में आयोजित की जानी हैं जिसके उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी द्वारा की गयी। दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. एएन राय, पूर्व कुलपति केंद्रीय विश्वविद्यालय, मिजोरम एवं नार्थ इस्टन हिल विश्वविद्यालय, आइजोल एवं पूर्व नैक निदेशक, बैगलूरू रहे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 84 विश्वविद्यालयों में से मात्र 39 विश्वविद्यालय ही नैक द्वारा मूल्यांकित किये गये है जबकि कॉलेजों में नैक मूल्यांकन का यह प्रतिशत मात्र 7.5 ही है। नैक एक स्वायत्तशासी संस्था है जो विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों का मूल्यांकन उनकी क्षमता, योग्यता एवं गुणवत्ता के आधार पर करती है। जिसके लिये चुनौतियों एवं अवसर को ध्यान में रखते हुये तैयारी की जानी चाहिये। डॉ. नीलेश पांडेय, उप सलाहकार नैक बैंगलोर ने अपने वक्तव्य में नैक मूल्यांकन के लिये उपयोगी तथ्यों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि डॉ. वाहिदुल हसन, वरिष्ठ संचार सह प्रकाशन, अधिकारी नैक बैगलोर ने अपने वक्तव्य में मूल्यांकन में नैतिक मूल्यों की बात कही। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. त्यागी ने नैक मूल्यांकन फ्रेमवर्क पर विश्वविद्यालय द्वारा किये जाने वाले प्रयास की सराहना की एवं पूर्व के मूल्यांकन की गलतियों को दूर कर नैक के वर्तमान मूल्यांकन में सभी को संयुक्त रूप से प्रयास करने पर बल दिया। प्रो. शेफाली वर्मा ठकराल, आयोजन सचिव ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया।

### काशी के विद्वान डा. रमाकांत का निधन, शोक श्रद्धांजलि

**वाराणसी।** अस्सी निवासी डॉ रमाकांत पांडेय का 65 वर्ष की अवस्था में हृदयगति रुकने के कारण निधन हो गया। सोमवार की रात को तबियत खराब होने पर उन्हें रवींद्रपुरी स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया लेकिन इलाज के थोड़ी देर बाद ही उनका हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया । रमाकांत पांडेय अस्सी स्थित राघवेंद्रनंद संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं व्याकरण विभागाध्यक्ष भी थे। वे व्याकरण के ज्ञाता होने के साथ-साथ ज्योतिष शास्त्र के भी उद्भट विद्वान थे। उन्होंने ज्योतिष शास्त्र पर दो पुस्तकें भी लिखी है। उनका अंतिम संस्कार हरिश्चंद्र घाट पर किया गया। वह अपने पीछे पत्नी, 2 पुत्र व एक पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# ऑपरेशन रेडीनेस के तहत जांची तैयारी

कोविड मॉक ड्रिल

**13 चिकित्सा इकाईयों में परखीं कोविड प्रबंधन की तैयारियां**

वाराणसी। जनपद में कोविड-19 संक्रमण के प्रबंधन व तैयारियों को परखने के लिए मंगलवार को ऑपरेशनल रेडीनेस के अंतर्गत जिले के छह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय, बीएचयू स्थित सर सुंदरलाल चिकित्सालय समेत 13 चिकित्सा इकाइयों पर पूर्वाभ्यास किया गया।

डीडीयू चिकित्सालय में वाराणसी मण्डल की अपर निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ मंजुला सिंह के नेतृत्व में मॉक ड्रिल हुई। इस दौरान एंबुलेंस से एक डेमो मरीज को आइसोलेशन वार्ड तक ले जाया गया। सभी चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों ने कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुये पीपीई किट, मास्क, ग्लव्स आदि का उपयोग किया। एंबुलेंस से वार्ड तक डेमो मरीज को ले जाने में करीब छह मिनट का समय लगा। इसके बाद मरीज की सम्पूर्ण जांच की गई। ऑक्सीजन स्तर, पल्स रेट आदि देखी गई। इससे पहले अपर निदेशक डॉ मंजुला सिंह ने चिकित्सालय में स्थापित दो ऑक्सीजन प्लांट, कंसट्रेटर, कोविड वार्ड व वेंटीलेटर्स की क्रियाशीलता, कोविड प्रबंधन के लिए आवश्यक लोजीस्टिक जैसे औषधियां, आईवीफ़्ल्यूड, उपकरणों के साथ प्रयोग होने वाली पेरिफेरल्स आदि तैयारियों का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि ऑपरेशनल रेडीनेस के तहत हुई मॉक ड्रिल में कोविड के नए वैरियंट के संक्रमण से निपटने व उसकी व्यवस्थाओं का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें जनपद की 13 चिकित्सा इकाईयां जिनमें डीडीयू चिकित्सालय पांडेयपुर, सीएचसी चोलापुर, सीएचसी अराजीलाइन, सीएचसी नरपतपुर, सीएचसी गंगापुर, सीएचसी हाथी बाजार, सीएचसी मिसिरपुर, सर सुंदरलाल चिकित्सालय बीएचयू, ट्रौमा सेंटर बीएचयू, आईएसआईसी हॉस्पिटल पाण्डेयपुर, होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल लहरतारा, सेंट्रल हॉस्पिटल बीएलडब्ल्यू एवं एचआईएमएस भदवर शामिल रहे।

### कार्डधारकों को खाद्यान्न का वितरण कल से

**वाराणसी।** सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से राशन कार्डधारकों को खाद्यान्न का वितरण 13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक किया जाएगा। आपूर्ति विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार, अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किलो गेहूं व 21 किलो चावल तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट दो किलो गेहूं व तीन किलो चावल निःशुल्क वितरित कराया जाएगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर पाने वाले कार्डधारक अंतिम दिन मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं।

## नन्हे फरिश्ते के तहत परिजन से मिली बालिका

**वाराणसी।** रेलवे की ओर से चलाये जा रहे ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत वाराणसी जक्शन पर आरपीएफ की ओर से एक भटकती बालिका को उसके परिजन से मिलाया गया। रेलवे सुरक्षा बल उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत गत दिवस में मंडल के वाराणसी जं.(कैंट) पर ऑपरेश नन्हें फरिश्ते के तहत ऑन ड्यूटी रेलवे सुरक्षा बल को चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म संख्या छह के फुट ओवर ब्रिज के पास एक लड़की बेंच पर संदिग्धावस्था में बैठी मिली, संदेह की पुष्टि हेतु कर्मचारी द्वारा तत्काल उस बालिका को अपने संरक्षण में लेकर पोस्ट पर लाकर उससे उसका नाम व स्टेशन आने का कारण पूछा गया तो उसने अपने नाम निशा (काल्पनिक नाम ), उम्र 13 वर्ष, निवासी जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश बताते हुए पारिवारिक कारणों से नाराज होकर स्टेशन पर आना बताया उक्त कर्मचारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया जहां से परिजनों को सूचित कर बुलाया गया ।



# टीकाकरण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे सीएचओ

**वाराणसी।** आयुष्मान भारत झ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की स्वास्थ्य सेवाओं में भागीदारी बढ़ रही है। सीएचओ संचारी व गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, जांच व उपचार के साथ बच्चों व गर्भवती के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें 55 सीएचओ को प्रशिक्षित किया गया। आगामी दिवसों में जिले के सभी सीएचओ को प्रशिक्षित किया जाएगा।इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ निकुंज कुमार वर्मा ने कहा कि सीएचओ के माध्यम से दूर-दराज के क्षेत्र में लोगों को बेहतर चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आयुष्मान भारत झ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सीएचओ को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सुपरविजन, मॉनिटरिंग, डाटा एंट्री, मोबिलाइजेशन आदि सेवाओं के लिए दक्ष बनाना है। उन्होंने बताया कि यदि बच्चा समय से सभी टीकों से प्रतिरक्षित है तो उसे निमोनिया, खसरा-रूबेला, टिटनेस, हेपेटाइटिस बी सहित 11 विभिन्न बीमारियों से बचाया जा सकता है। इसके लिए नियमित सुपरविजन, मोबिलाइजेशन, मॉनिटरिंग सहित आदि कार्य में अब सीएचओ की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जन्म से लेकर पांच साल तक सात बार टीकाकरण किया जाता है। इसलिए सभी टीकाकरण का समय ध्यान से जान लेना बेहद आवश्यक है। टीकाकरण किसी भी हालत में नहीं छूटना चाहिए। डब्ल्यूएचओ के जरिये मॉनीटरिंगऔर सर्विलान्स का कार्य किया जा रहा है। उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ वाईबी पाठक ने गर्भवती व बच्चों के सम्पूर्ण नियमित टीकाकरण वसर्विलान्स, मॉनिटरिंग आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

पहल

**सुपरविजन के साथ मॉनिटरिंग डाटा एंट्री, मोबिलाइजेशन का भी कार्य करेंगे**



प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित करते स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी

## अधिकारियों ने किया जी-20 के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण

**वाराणसी।** जी-20 के आयोजन से सम्बन्धित प्रमुख स्थलों का मंगलवार को पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन तथा जिलाधिकारी एस. राजलिंगम संबंधित अधिकारियों के साथ जायजा लिया। दोनों अधिकारी नमो घाट का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां से जी-20 ग्रुप को क्रूज से गंगा आरती व घाटों का दृश्यावलोकन करना है। नमो घाट के नीचे की ओर जमी हुई ऊबड़-खाबड़ मिट्टी को बराबर कराने और बेतरतीब उगी हुई झाड़ियों की साफ-सफाई कराने के लिए अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया। उनका कहना था कि घाट के इस भाग को सुंदर बना दिया जाए। घाट पर पार्किंग की व्यवस्था सुगम बनाने के लिए पुलिस अधिकारियों ने अपनी कार्य योजना के बारे में बताया।

